- स्वामी विवेकानंद का समाज दर्शन–सुनीता भटनागर, प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, 2013
- मनोज कुमार सिंह एवं शैलेश कुमार चौधरी, भारतीय राजनीतिक चिन्तक स्वामी विवेकानन्द– डिस्कवरी प्रकाशन, दिल्ली, 2008

* * *

वरुणा की कछार में बुद्ध के उपदेश

बृजबाला सिंह

आधुनिक हिन्दी साहित्य में यदि किसी साहित्यकार ने भारतीय संस्कृति, दर्शन एवं इतिहास बोध से अपनी रचनाधर्मिता को सर्वाधिक परिपुष्ट किया है तो वे हैं जयशंकर प्रसाद। उनका साहित्य अतीत की पृष्ठभूमि और वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में भविष्य की समर्थ संभावनायें स्पष्ट करता है। भारतीय संस्कृति का गरिमामय पक्ष प्रसाद की रचनाओं में अभिव्यक्त हुआ है। इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रीयता की इस अनुपम त्रिवेणी संगम का नाम प्रसाद का मानवतावाद है जो उनके सनातन आदर्शों का मूर्त रूप है। उन्होंने अपने जीवनकाल में भूमा की, आनन्द की, सामरस्य की संकल्पना श्रद्धा की अनुभूति कर उसी की अभिव्यक्ति अपने कृतित्व में की।

काशी के प्रसिद्ध सरायगोवर्धन मुहल्ले में 'माघ शुक्ल दशमी, विक्रमीय संवत 1946 को श्री, विद्या और विनय से सम्पन्न भक्तिप्रधान सुँघनी साहु के माहेश्वर कुल में साहु देवी प्रसाद के कनिष्ठ आत्मज के रूप में श्री जयशंकर प्रसाद का जन्म हुआ। उन्होंने स्थानीय क्वींस कालेज में छठवीं कक्षा तक अध्ययन किया। उसके बाद हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत के परम्पराप्राप्त विद्वानों से घर पर ही काव्य और साहित्य की ठोस प्रारम्भिक शिक्षा पाई। बाल्यावस्था से ही कवियों और मनीषियों के आत्मीय सत्संग से उनकी नैसर्गिक प्रतिभा विकसित हो चली। साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र में नये–नये उन्मेष लेकर 'इन्दु' के माध्यम से उनकी कवितायें, कहानियाँ, नाटक और निबन्ध प्रकाशित होने लगे।'[1]

यह काल था उत्तर भारतेन्दु युग का और समकालीन साहित्यिक परिवेश द्विवेदी युग से प्रभावित था। प्रसाद ने उन दोनों युगों से भिन्न साहित्य के उद्देश्य को निर्धारित किया। साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपनी पहचान बनाई किन्तु सर्वाधिक मुखर उनका कवि रूप था जिसकी झलक उनके समग्र साहित्य में मिलती है। 'इंदु' पत्रिका में उन्होंने घोषणा की 'साहित्य स्वतन्त्र प्रकृति और सर्वतोगामी प्रतिभा के प्रकाशन का परिणाम है। संसार में जो कुछ

सत्य और सुन्दर है, वही साहित्य का विषय है – वह सत्य को प्रतिष्ठित और सौन्दर्य को विकसित करता है।' ..... प्रसाद की दृष्टि में साहित्य दुःख दग्ध जगत् और आनन्दपूर्ण स्वर्ग का एकीकरण है।'[2] उनकी काव्य रचनाएँ क्रमशः 'प्रेम पथिक', 'कानन कुसुम', 'चित्राधार', 'झरना', 'आँसू', 'लहर' और 'कामायनी' इन सिद्धान्तों का मूर्तिमान स्वरूप हैं।

''प्रसाद जी ने काव्य की मार्मिक व्याख्या की है – ''काव्य आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति है, जिसका सम्बन्ध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं है। आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति की दो धाराएँ हैं – एक काव्यधारा और दूसरी वैज्ञानिक, शास्त्रीय या दार्शनिक धारा। समझ रखनी चाहिए कि इन दोनों में कोई मौलिक अन्तर नहीं है, दोनों ही आत्मा के अखंड संकल्पात्मक स्वरूप के दो पहलू–मात्र हैं।" कुछ लोग श्रेय और प्रेय–भेद से विज्ञान काव्य का विभाजन करते हैं; किन्तु प्रसाद जी का स्पष्ट मत है कि यद्यपि विज्ञान या दर्शन में श्रेय रूप से ही सत्य का संकलन किया जाता है और काव्य में प्रेय की प्रधानता है, किन्तु श्रेय और प्रेय दोनों ही आत्मा के अभिन्न अंग हैं। काव्य के प्रेय में परोक्ष रूप से श्रेय निहित है।"[3]

प्रसाद का काव्य गहन अर्थवत्ता से सम्पन्न है। उसका फलक व्यापक है। वह इतिहास, पुराण, वेद, उपनिषद के साथ–साथ महान विभूतियों के जीवन का संस्पर्श करने वाला है। उनकी एक–एक कविता पर्याप्त चिन्तन एवं स्वतन्त्र लेखन की माँग करती है। 'प्रसाद जी सच्चे कलाकार थे। 'उनका विद्रोह और उनका सुधारवाद भी अमीरी की एक भंगिमा है'–यह उनके सम्बन्ध में उचित धारणा नहीं है। दुःखित मानवता के प्रति उनके विचार कितने उदार और सहानुभूतिपूर्ण हैं यह उनकी समस्त रचनाओं में दृष्टिगत होता है।'[4] यहाँ उनकी एक प्रसिद्ध कविता 'अरी वरुणा की शान्त कछार' जो उनके 'लहर' संग्रह में है, में अन्तर्निहित भगवान बुद्ध के उपदेशों को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है। इतिहास साक्षी है कि 'गया के पास 'उरुबेला' की सुरम्य वनस्थली में मोहना और निरंजना नामक नदियों के संगम पर मुण्डेश्वरी नामक छोटी–सी पहाड़ी पर भिक्षु सिद्धार्थ ने ज्ञान प्राप्ति के लिए कठिन और घोर तपस्या प्रारम्भ की। उनकी धारणा थी कि अन्न और जल का त्याग कर देने पर, योगाभ्यास और विविध तपस्या में रहने से, रक्त–माँस के गल जाने पर उनकी बुद्धि शुद्ध हो जायेगी और संसार की मुक्ति के लिए सच्चा ज्ञान उपलब्ध हो सकेगा। परन्तु ऐसा नहीं हुआ। छः वर्ष की निरन्तर कठिन तपस्या से और आहार त्याग से उनका शरीर सूखकर अस्थिपंजर रह गया और कठोर तपस्या

के पश्चात् भी ज्ञान नहीं मिला। इसलिए उन्होंने शरीर और बुद्धि को दुर्बल बनाने वाले शारीरिक तपस्या और काया क्लेश के मार्ग को निरर्थक समझकर छोड़ दिया। इस तपस्या काल में भिक्षु सिद्धार्थ के साथ पाँच और ब्राह्मण तपस्वी थे। सिद्धार्थ के तपोभंग और भिक्षाटन को देख करके इन्होंने सिद्धार्थ का साथ छोड़ दिया और वे ऋषिपत्तन (सारनाथ) की ओर सिद्धार्थ को तपोभ्रष्ट समझकर चले गये। उनकी धारणा थी कि सिद्धार्थ भोगवादी है और शरीर की सुख–सुविधाओं के लिए पथभ्रष्ट हुआ है।'[5]

इस घटना के उपरान्त बुद्ध के जीवन का वह मोड़ आता है जब वे गौतम से तथागत और भगवान की संज्ञा से अलंकृत ही नहीं किये जाते बल्कि मानकर अनुकरणीय हो जाते हैं। इतिहास ग्रन्थों में भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति के विविध प्रसंग हैं। उरुबेला में एक वट वृक्ष के नीचे समाधि लगाने लगे। समीप के एक गाँव सेवानिग्राम के किसान की कन्या सुजाता के हाथों से खीर खाने के उपरान्त सतत समाधिस्थ होने का संकल्प लिया। उन्होंने ठान लिया कि जब तक उन्हें ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो जायेगी वे समाधि नहीं तोड़ेंगे। 'बौद्ध ग्रन्थों में इस समाधि को 'वज्रासन' कहा गया है। इसी समाधि के समय सिद्धार्थ को काम–वासना, विविध तृष्णाएँ एवं भय सताने लगे, परन्तु उन सब पर उन्होंने विजय प्राप्त की। इसे बौद्ध ग्रन्थों में मार युद्ध कहते हैं। मार युद्ध एक प्रतीक है जिसमें तपस्यारत बुद्ध के आगे क्रुद्ध राक्षसों को, नृत्यरत सुन्दर अप्सराओं को दिखाया गया है। मार की विजय के कारण बुद्ध को 'मारजित' और 'लोकजित' कहा गया है। मार–विजय के पश्चात् ही बैसाख की पूर्णिमा की रात्रि को ही सिद्धार्थ को प्रतीत्यसमुत्पाद का ज्ञान प्राप्त हुआ। इस घटना को बौद्ध साहित्य में 'सम्बोधि' कहते हैं।'[6] तथागत नाम से अपने आपको उन्होंने स्वयं संबोधित किया था। 'तथागत का अर्थ है वह जो सत्य तक पहुँचा है। इस प्रकार से प्राप्त संबोधि का वह प्रचार करना चाहता था और उसने कहा मैं वाराणसी जाऊँगा। वहाँ वह प्रदीप ज्योति करूँगा जो सारे संसार को ज्योति देगा। मैं वाराणसी जाकर वह दुंदुभि बजाऊँगा कि जिससे मानव–जाति जागृत होगी।'[7]

भगवान बुद्ध ने अपने शिष्यों को उपदेश देते समय अपनी पूजा का निषेध किया था और अपने शिष्यों को स्वयं द्वारा प्रवर्तित उपदेशों को आचरण में उतारने के लिए कहा था। संभवतः इसीलिए कि बौद्ध धर्म का प्रादुर्भाव वैदिक कर्मकाण्डों के विरोध में हुआ था। बुद्ध ने कहा, ''मेरे बाद मेरे वचन ही तुम्हारे शास्ता रहेंगे।" निषेध किया बुद्ध ने अपनी पूजा का। लोक ने कहा, ''साधु भगवन्, साधु ! महान हैं आप ! हम आपकी इस महानता के लिए ही

आपका चरण स्पर्श करना चाहते हैं।" बुद्ध ने कहा, ''नहीं, मेरे चरण नहीं, मेरे उपदेश वाक्य।" ऐसा ही होगा भगवन्! हम उस धर्म–चक्र की वंदना करेंगे जिसका प्रवर्तन आपने किया। उस मुद्रा की वंदना करेंगे जिसमें स्थित हो आपने परम ज्ञान पाया। पद्मासन की भी नहीं, हम पद्मपुष्प की वंदना करेंगे। अपनी नम्रता में भी आग्रही है लोक। जो चाहता है ले लेता है। लेकर रहता है। एक व्यक्ति हो तो हार जाए। थक जाए। पर कोटि–कोटि लोग थकेंगे कैसे"?[8]

उरुबेला में ज्ञान प्राप्ति के उपरान्त भगवान बुद्ध ने अन्तःचक्षु से जान लिया था कि उनसे विपरीत होकर उनके पाँच तपस्वी सारनाथ या ऋषिपत्तन (ऋषियों का नगर) आये। 'तथागत बुद्ध के धर्म–प्रचार कार्य की दृष्टि से वाराणसी का उनके जीवन काल में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान था। पालि ग्रन्थों से ज्ञात होता है कि बोधगया में ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् उपदेश करने की इच्छा रखते हुए बुद्ध ने दिव्य ज्ञान से जाना कि साधना पथ पर बीच में ही उनका साथ छोड़ गये पाँच साधक कोण्डञ्ञ, भद्दिय, वप्प, महानाम तथा अस्सजि वाराणसी के इसिपत्तन मिगदाय (वर्तमान में सारनाथ) में साधनारत हैं। बुद्ध ने यहाँ पहुँच कर 'पंचवग्गिय भिक्खु' के नाम से प्रसिद्ध इन पाँचों को 'धम्म चक्क पवत्तन' नामक प्रथम उपदेश से शिष्य बनाया। इसके पश्चात् वाराणसी के प्रसिद्ध श्रेष्ठि पुत्र यश, उसके मित्र एवं परिवारजनों समेत पचपन लोगों को अपनी वाणी से अभिभूत कर शिष्य बनाया। जब भिक्षुओं की संख्या साठ हो गई तो उन्हें धर्म प्रचार के लिए विभिन्न दिशाओं में भेज दिया। इस प्रकार समस्त विश्व में फैले बौद्ध धर्म एवं संघ की बुनियाद वाराणसी में रखी गई और धर्म प्रचार की रूपरेखा भी यहीं तय हुई। 'इसिपत्तन मिगदाय' नाम पड़ने का कारण बताते हुए पाँचवीं शती के प्रसिद्ध बौद्धाचार्य बुद्धघोष ने लिखा है कि ऋषि (पालि शब्द इसि) लोग हिमालय से वायु–मार्ग से आते हुए यहाँ उतरते थे (पतन) इसीलिए यह 'इसिपतन' (ऋषिपत्तन) कहलाता था और मृगदाय का अर्थ मृग–उद्यान होता है, जहाँ वे सन्तों द्वारा प्रदत्त भोजन ग्रहण कर स्वच्छन्द विचरण करते थे।'[9]

इस कविता की रचना कवि प्रसाद ने सोद्देश्य की है। जहाँ बुद्ध ने प्रथम धर्मोपदेश दिया था उस ऋषिपत्तन के मृगदाव में जिसे अब सारनाथ कहते हैं – 'मूलगंध कुटी विहार' की प्रतिष्ठा के अवसर पर कवि ने लिखी थी। सारनाथ वाराणसी से सात मील की दूरी पर वरुणा नदी के कछार में स्थित है। वरुणा नदी की सुरम्य वनस्थली में होने के कारण सारनाथ को कवि ने वरुणा की शान्त कछार के नाम से संबोधित किया है। यह स्थान भगवान बुद्ध

को अत्यन्त प्रिय था। 'अरी वरुणा की शान्त कछार' कविता का प्रारम्भ ही इसके माहात्म्य को द्योतित करता है

'सतत व्याकुलता के विश्राम, अरे ऋषियों के कानन कुन्ज!
जगत नश्वरता से लघुत्राण, लता, पादप सुमनों के पुंज!
तुम्हारी कुटियों में चुपचाप, चल रहा था उज्ज्वल व्यापार!
स्वर्ग की वसुधा से शुचि संधि, गूँजता था जिससे संसार!'[10]

यहाँ प्रसाद जी ने सारनाथ के उज्ज्वल अतीत का सुन्दर चित्रण किया है। जिस स्थान पर भगवान बुद्ध ने उपदेश दिया था वहाँ विशाल बौद्ध विहार का निर्माण हुआ जिसमें अनेक बौद्ध संन्यासी निवास करते थे और यहाँ आकर उन्हें भौतिक हलचल से शांति मिलती थी। इसी वरुणा की कछार के महत्त्व को चित्रित करते हुए इसे जगत के व्याकुल प्राणियों का विश्राम स्थल कहा है, ऋषियों का पवित्र कानन–कुंज बतलाया है, नश्वर जगत के प्राणियों का त्राणकर्ता कहा है और सुन्दर लता, पादप एवं सुमनों से सुरभित–सुसज्जित कुंज कहा है जहाँ बैठकर बौद्ध साधुओं की परिषदें होती थीं और जिसमें स्वर्ग और पृथ्वी के पवित्र सम्बन्धों पर विचार–विनिमय होता था। यहाँ अनेक दार्शनिक बौद्ध दर्शन के विविध पक्षों पर वाद–विवाद करते थे। ज्ञान, अध्यात्म, देवता एवं स्वर्ग की परिकल्पना पर तर्कपूर्ण व्याख्यान होते थे। यहाँ कवि ने स्मृतियों एवं सूत्र ग्रन्थों में वर्णित कर्मकाण्ड से आबद्ध जीवन की जटिलता की ओर संकेत किया है। वेदों द्वारा प्रतिपादित कर्म के बन्धनों से व्यष्टि चेतना सीमित एवं समष्टि चेतना लकीर का फकीर बन गई थी। कवि ने लिखा है :

तुम्हारे कुंजों में तल्लीन, दर्शनों के होते थे वाद।
देवताओं के प्रादुर्भाव, स्वर्ग के सपनों के संवाद।
स्निग्ध तरु की छाया में बैठ, परिषदें करती थीं सुविचार
भाग कितना लेगा मस्तिष्क, हृदय का कितना है अधिकार?[11]

इस कविता में भगवान बुद्ध के जीवन की उस घटना का उल्लेख है जिसमें उनका वैरागी मन दुःखी हो उठा था। 'बौद्ध साहित्य में चार ऐसे दृश्यों का वर्णन किया गया है, जिन्हें देखकर सिद्धार्थ ने संन्यासी बनने का निश्चय कर लिया था। ये चार दृश्य निम्न थे – (1) वृद्ध पुरुष (2) दुखी रोगी (3) मृतक शरीर (4) संन्यासी। इन दृश्यों को देखकर उन्हें यह अनुभव हुआ कि संसार दुखों व विपत्तियों का घर है। इसमें जन्म लेने वाला कोई भी प्राणी बीमारी, बुढ़ापा एवं मृत्यु से नहीं बच सकता। इससे उनके मन में सांसारिक कार्यों के

प्रति विरक्ति के भाव पैदा हो गये। सौभाग्य से कुछ समय पश्चात् उन्होंने एक प्रसन्नचित्त संन्यासी को देखा, जिसने संसार को छोड़ दिया था व सत्य की खोज में था। उसे देखकर सिद्धार्थ ने संन्यास ग्रहण करने का निश्चय किया। इसके पश्चात् उन्तीस वर्ष की अवस्था में एक रात्रि को अपने पुत्र एवं पत्नी को महल में सोता हुआ छोड़कर संन्यासी बनने के लिए चुपके से चल दिये। उनका यह गृहत्याग निश्चय ही महात्याग था। बौद्ध साहित्य एवं धर्म में इस घटना को 'महाभिनिष्क्रमण' के नाम से पुकारा जाता है।'[12] कवि प्रसाद की रचना शक्ति एवं कवि हृदय ने इस घटना को ऐसी तरल कविता बना दिया जो पूर्णतः सम्प्रेषणीय है :

छोड़कर पार्थिव भोग विभूति, प्रेयसी का दुर्लभ वह प्यार।
पिता का वक्ष भरा वात्सल्य, पुत्र का शैशव सुलभ दुलार।
दुःख का करके सत्य निदान, प्राणियों का करने उद्धार।
सुनाने आरण्यक संवाद, तथागत आया तेरे द्वार।[13]

'तथागत' अर्थात् सत्य का ज्ञान जिसे हो गया हो और 'आरण्यक संवाद' से अभिप्राय है सुरम्य वनस्थली में बैठकर बुद्ध द्वारा दिया हुआ मुक्ति–संदेश। वरुणा की कछार में आकर भगवान बुद्ध ने मुक्ति सम्बन्धी अपना प्रथम उपदेश दिया था। भगवान बुद्ध द्वारा दिये गये उपदेशों से यहाँ भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य की ऐसी धारा प्रवाहित हुई कि सांसारिक दुखों से दग्ध मानव को शीतलता की अनुभूति हुई। प्रसाद जी ने इस परिवर्तन को इस प्रकार लिखा है :

मुक्तिजल की वह शीतल बाढ़, जगत की ज्वाला करती शान्त।
तिमिर का हरने को दुख भार, तेज अमिताभ अलौकिक कांत।
देव कर से पीड़ित विक्षुब्ध, प्राणियों से कह उठा पुकार –
तोड़ सकते हो तुम भव–बन्ध, तुम्हें है यह पूरा अधिकार।[14]

दैवी आपत्तियों से संतप्त एवं बेचैन प्राणियों को भगवान बुद्ध ने जागृत करने हुए बताया कि यदि तुम चाहो तो संसार के सभी बंधनों को तोड़कर मोक्ष प्राप्त कर सकते हो। संसार के आवागमन से मुक्त होने का तुम्हें पूरा अधिकार है बुद्ध के अनुसार 'मनुष्य तृष्णा की अग्नि को बुझाकर निर्वाण प्राप्त कर सकता है। निर्वाण प्राप्ति पर मनुष्य को जन्म–मरण के बन्धन से छुटकारा मिल जाता है और वह ऐसी अवस्था प्राप्त करता है, जिसमें एकमात्र शांति और परम आनन्द होता है। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन काल में ही निर्वाण प्राप्त किया

था, इसलिए उनका मानना था कि इसी जीवन में निर्वाण प्राप्त किया जा सकता है जबकि हिन्दू धर्म तथा जैन धर्म के अनुसार मृत्यु के पश्चात् ही मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है।'[15] बौद्ध धर्म आत्मा में विश्वास नहीं करता इसलिए पुनर्जन्म आत्मा का नहीं, अपितु अहंकार (चरित्र) का होता है। जिस मनुष्य की तृष्णाएँ समाप्त हो जाती हैं, उसका अहंकार भी नष्ट हो जाता है, वह जन्म–मरण के चक्कर से मुक्त हो जाता है। सही अर्थों में यह जनवादी धर्म है। इसकी शिक्षाएं एवं उपदेश जन–जन के लिए सरलता से अनुकरणीय हैं। भगवान बुद्ध की इसी विचारधारा को कवि प्रसाद ने इस कविता में अंकित किया है :

छोड़कर जीवन के अतिवाद, मध्य पथ से लो सुगति सुधार।
दुःख का समुदय उसका नाश, तुम्हारे कर्मों का व्यापार।
विश्व मानवता का जयघोष, यहीं पर हुआ जलद–स्वर मंद्र।
मिला था वह पावन आदेश, आज भी साक्षी हैं रविचन्द्र।[16]

कविता की इन पंक्तियों में प्रसाद जी ने बौद्ध धर्म की उन शिक्षाओं का उल्लेख किया है जो मानवीय अनुभव पर आधारित थीं। वस्तुतः 'बौद्ध धर्म नया धर्म या स्वतन्त्र अनुभव बनकर शुरू नहीं हुआ। वह एक अधिक पुराने हिन्दू धर्म की ही शाखा था, उसे कदाचित् हिन्दू धर्म से टूटी हुई या एक विद्रोही विचारधारा ही समझना चाहिए।' जिस धर्म को धरोहर के रूप में उन्होंने पाया उसके अध्यात्म और शीलाचार की मौलिक बातों को मानते हुए बुद्ध ने उस समय प्रचलित कई आचारों का विरोध किया। उन्होंने कहा 'आप कहते हो कि धर्म के नाम पर मैं अपने परिवार में प्रचलित यज्ञ–यागादि व्रतोत्सव करूँ जिनसे इच्छित फल प्राप्त होता है, तो मेरा कथन है कि मैं इन यज्ञों को नहीं मानता, क्योंकि मैं उस तरह के सुख की बिल्कुल परवाह नहीं करता जो दूसरे को दुख देकर मिलता हो। ..... बुद्ध को इसीलिए अवतार माना गया है कि उसने हिन्दुओं को रक्तमय व्रतोत्सवों से और मिथ्याचारों से मुक्त किया और उसके धर्म में जो बुराईयाँ घुस आई थीं उन्हें दूर करके पवित्र बनाया।'[17]

जगविदित है कि भगवान बुद्ध ने जीवन में सभी प्रकार की अतियों का विरोध किया था और 'मध्यममार्ग' पर चलने का उपदेश दिया था। उनका कहना था कि न तो मनुष्य को घोर तपस्या करनी चाहिए और न ही सांसारिक भोग बिलास में दिन–रात डूबा रहना चाहिए। उन्होंने इन दोनों के बीच के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। उनके अनुसार 'निर्वाण' का यही सच्चा मार्ग है। उन्होंने शुद्ध आचरण अर्थात् शुद्ध विचार, शुद्ध कर्म एवं शुद्ध भावना पर अधिक जोर दिया। उनके सिद्धान्तों का मूलभूत सिद्धान्त 'चार आर्य सत्य' है। उनके

दर्शन में करुणा एवं दुःख शब्द अनेक बार दुहराया गया है। महात्मा बुद्ध ने इस बात की खोज की कि दुःख का मूल कारण क्या है और किस प्रकार उससे मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। उनके चार आर्य सत्य जिनका संकेत प्रसाद जी ने इस कविता में किया है इस प्रकार हैं :

1– दुःख – प्रथम आर्य सत्य के अनुसार जीवन दुःखमय है। संसार में चारों ओर दुःख ही दुःख है। बीमारी भी दुःख है। मृत्यु भी दुःख है। जीव इस कारण भी दुःख पाता है कि जो कुछ वह चाहता है उसे प्राप्त नहीं हो पाता।

2– दुःख समुदाय – संसार में मनुष्य के दुःख का कोई–न–कोई कारण (समुदाय) अवश्य है। महात्मा बुद्ध के अनुसार दुःख का सबसे बड़ा कारण तृष्णा या इच्छा है जो कभी खत्म नहीं होती। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि मृत्यु के समय भी यह इच्छा बनी रहती है कि वह दुबारा फिर जन्म ले।

3– दुःख निरोध – जहाँ दुःख है और दुःख का कारण है उसी प्रकार दुःख निरोध (दुःख से छुटकारा) पाने का साधन भी है। बुद्ध के अनुसार यदि मनुष्य दुःख के कारण तृष्णा पर विजय प्राप्त कर ले तो इससे छुटकारा मिल सकता है।

4– दुःख निरोध मार्ग – इसके अनुसार यदि कोई भी मनुष्य बुद्ध के द्वारा बताये गये 'अष्टांगिक मार्ग' पर चले तो दुःखों पर विजय पाई जा सकती है और वह निर्वाण प्राप्त कर सकता है।

यहाँ पर 'अष्टांगिक मार्ग' का उल्लेख भी आवश्यक है क्योंकि वही इस कविता की पृष्ठभूमि है।

अष्टांगिक मार्ग –

महात्मा बुद्ध के अनुसार संसार के दुःख का मूल कारण तृष्णा है। यह तृष्णा ही आत्मा को जन्म–मरण के बन्धन में बाँधे रहती है। इसको नष्ट करने के लिए अष्टांगिक मार्ग का अनुकरण करना चाहिए। अष्टांगिक मार्ग के आठ अंग इस प्रकार हैं –

1– सम्यक् दृष्टि – सम्यक् दृष्टि से तात्पर्य है 'सत्य दृष्टिकोण'। चार आर्य सत्यों के ज्ञान को सम्यक् दृष्टि कहते हैं।

2– सम्यक् संकल्प – सम्यक् संकल्प से तात्पर्य है 'सत्य के लिए संकल्प'। मनुष्य कामना, हिंसा, द्वेष, राग आदि विषयों का परित्याग कर तृष्णा पर विजय प्राप्त कर सकता है। इसके परित्याग के लिए सत्य संकल्प आवश्यक है। कामना रहित एवं हिंसा रहित संकल्प को ही सम्यक् संकल्प कहते हैं।

3– सम्यक् वचन – सम्यक् वचन का अर्थ है सत्य वचन। सत्य बोलना एवं किसी से भी झूठ न बोलना। इसके अतिरिक्त मनुष्य को दूसरों की बुराई करने से एवं चुगली आदि से भी दूर रहना चाहिए।

4– सम्यक् कर्म – हिंसा, द्रोह, चोरी, दुराचार तथा वासना की पूर्ति की इच्छा का परित्याग करना आदि सम्यक् कर्म के अन्तर्गत आता है।

5– सम्यक् आजीव – नैतिक नियमों के अनुसार आचरण करते हुए ऐसे साधनों का उपयोग करना जो सदाचारपूर्ण हो, उसे सम्यक् आजीव कहते हैं। मनुष्य को चोरी, दुराचार एवं झूठ बोलने से बचना चाहिए। साथ ही कसाई, दास विक्रय एवं विष विक्रय से बचना चाहिए।

6– सम्यक् व्यायाम – सत्कर्मों के लिए निरन्तर प्रयत्न करना एवं बुराइयों का नाश करना ही सम्यक् व्यायाम कहलाता है।

7– सम्यक् स्मृति – अपनी कमजोरियों को दूर करना तथा दृढ़ता के साथ सद्मार्ग पर चलने को ही सम्यक् स्मृति कहते हैं।

8– सम्यक् समाधि – (चित्त की एकाग्रता) राग–द्वेष से रहित होकर चित्त की एकाग्रता को बनाये रखना। इसके पश्चात् समाधि लगाना ताकि सत्य का ज्ञान आसानी से हो सके।[18]

इन अष्टांगिक मार्गों के अतिरिक्त बुद्ध ने शील, सदाचार, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, स्वावलम्बन, करुणा एवं मानव मात्र की समानता पर बल दिया। समाज में जातियों के आधार पर जो भेदभाव थे उन्हें मिटाया। उनका मानना था कि मनुष्य से नहीं उसके कर्म से घृणा करनी चाहिए। कविता के अन्त में कवि की श्रद्धांजलि :

अरी वरुणा की शान्त कछार
तपस्वी के विराग की प्यार
तुम्हारा वह अभिनन्दन दिव्य और उस यश का विमल प्रचार।
सकल वसुधा को दे संदेश, धन्य होता है बारम्बार।
आज कितनी शताब्दियों बाद, उठी ध्वंसों में वह झंकार।
प्रतिध्वनि जिसकी सुने दिगन्त, विश्व वाणी का बने विहार।[19]

वरुणा की कछार को सम्बोधित करते हुए प्रसाद ने बुद्ध को श्रद्धांजलि दी है। आज पुनः उसी पवित्र वनस्थली पर महात्मा बुद्ध का दिव्य अभिनन्दन हो रहा है, उनके पावन यश का प्रचार हो रहा है। इस धरा धाम से भगवान

बुद्ध को गये हुए कितनी ही शताब्दियाँ बीत गईं परन्तु इस भू–भाग पर स्थित खंडहरों में आज भी महात्मा बुद्ध के उपदेशों की गूँज सुनाई पड़ती है। कवि की कामना है कि बुद्ध के उपदेशों को सभी दिशाएँ निरन्तर सुनती रहें और 'मूलगन्ध कुटी विहार' सभी भाषा–भाषियों के आध्यात्मिक चिन्तन–मनन का सतत केन्द्र बने। महाप्राण निराला ने भी कवि प्रसाद के इसी भाव को 'भगवान बुद्ध के प्रति' कविता में चित्रित किया है :

फूटी ज्योति विश्व में मानव हुए सम्मिलित,
धीरे–धीरे हुए विरोधी भाव तिरोहित;
भिन्न रूप से भिन्न–भिन्न धर्मों से संचित,
हुए भाव, मानव न रहे करुणा से वंचित[20]

आज भी सारनाथ में प्रवेश करते ही परिसर की शान्ति मन को सम्मोहित कर लेती है। एक अकथनीय बैराग्य भावना में प्रविष्ट होकर हम भगवान बुद्ध के विविध मंदिरों को देखते हैं, ठिठक कर सोचते हैं और मौन भाव से वापस हो लेते हैं उस संसार में जिसे भगवान बुद्ध ने अपने उपदेशों से समृद्ध किया था। मध्यमा प्रतिपदा, चार आर्य सत्य और आठ अष्टांगिक मार्ग के अनुसार जीने के लिए व्रती होकर। बुद्धं शरणं गच्छामि।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

- जयशंकर प्रसाद; लहर, संजय बुक सेंटर, वाराणसी, आमुख, संस्करण 2015,
- प्रो.कल्याण मल लोढ़ा, प्रसाद–स्मृति वातायन, सं.पं. विद्या निवास मिश्र, डॉ. रश्मि कुमार, सं0 2003, पृ0 49
- जयशंकर प्रसाद, काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध, डायमंड पॉकेट बुक्स, नई दिल्ली, प्राक्कथन संस्करण 2000, पृ0 8
- विनोदशंकर व्यास, 'प्रसाद' और उनका साहित्य, प्रसाद का जीवन, चतुर्थ हिन्दी साहित्य कुटीर, वाराणसी, संस्करण अगस्त 1956 ई0, पृ0 13
- बी. एन. लूनिया, प्राचीन भारतीय संस्कृति, प्रकाशक–लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा, दशम् संस्करण 2003, पृ0 264–265
- वही ,, ,, ,, ,, पृ0 265
- पी.वी. बापट, बौद्ध धर्म के 2500 वर्ष, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, प्रकाशन विभाग, द्वितीय सं0, मई 1997, पृ0 3
- भगवान सिंह, महाभिषग, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, प्रथम सं0 2014, पृ0 48

- सिद्धार्थ सिंह, बुद्ध और काशी, कल्पना–काशी अंक, सं0 प्रयाग शुक्ल, प्रकाशक – शरद पित्ती, बदरी विशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट, सोमीजी गुडा, हैदराबाद, सं0 2005, पृ0 165–166
- जयशंकर प्रसाद, लहर, संजय बुक सेंटर, वाराणसी, सं0 2015, पृ0 12
- वही ,, ,, ,, ,, पृ0 12
- डॉ0 एस.एल. नागोरी, भारत का सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स, जयपुर, सं0 1989, पृ0 76
- जयशंकर प्रसाद, लहर, संजय बुक सेंटर, वाराणसी, सं0 2015, पृ0 12
- वही ,, ,, ,, पृ0 13
- डॉ0 एस. एल. नागोरी, भारत का सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स, जयपुर, सं0 1989, पृ0 82
- जयशंकर प्रसाद, लहर, संजय बुक सेंटर, वाराणसी, सं0 2015, पृ0 13
- पी.वी. बापट, बौद्ध धर्म के 2500 वर्ष, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, द्वितीय सं0 मई 1997, पृ0 10–11
- डॉ0 एस. एल. नागोरी, भारत का सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स, जयपुर, सं0 1989, पृ0 79–80
- जयशंकर प्रसाद, लहर, संजय बुक सेंटर, वाराणसी, सं0 2015, पृ0 136
- निराला, 'भगवान बुद्ध के प्रति', अपरा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम छात्र संस्करण 1992, पृ0 159

* * *

संस्कृत साहित्य में पर्यावरण

पूनम सिंह

संस्कृत साहित्य में भारतीय संस्कृति एवं दर्शन का वास्तविक स्वरूप परिलक्षित होता है। हमारी संस्कृति में प्रकृति को शक्तिस्वरूप, मानव सहचरी एवं माँ माना गया हैं इस पृथ्वी को धरती माता के नाम से पुकारा जाता है, जिसका जन्मदात्री माता से भी अधिक महत्व है –

''जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी''।

हमारे ऋषियों मुनियों ने प्रकृति को अपने से अगल करके कभी नहीं देखा। उनकी दृष्टि में प्रकृति एवं जीवन मात्र में आधार–आधेय सम्बन्ध है। इस सृष्टि के सभी प्राणी पशु पक्षी, जीव–जन्तु एवं वृक्ष आदि भी पूर्णरूप से अपने जीवन के लिए प्रकृति तथा पर्यावरण के सार्वभौमिक प्रभाव से मनुष्य जीवन मुक्त नहीं हो सकता। मनुष्य प्रकृति को अपने अनुसार नहीं ढाल सकता, वरन उसे प्रकृति के अनुसार ढलने के लिए विवश होना पड़ता है। हम अपने घरों एवं वाहनों को स्वप्रयासों से वातानुकूलित बना सकते हैं परन्तु वाह्यप्रकृति में हमारे प्रयास सफल नहीं होंगे। अतः मनुष्य को पर्यावरण के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन निर्वाह करना पड़ता है। भारतीय संस्कृति का विकास वनों से हुआ है इसी कारण हमारी प्राचीन संस्कृति आरण्यक संस्कृति के नाम से जानी जाती है। तपोवनों का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि वे जीवन के अभिन्न अंग रहे हैं।

वैदिक काल में आर्यों ने अनेक प्रकार के पुष्पों, सरोवरों, वृक्षों, वनस्पतियों आदि से सुशोभित आर्यावर्त में प्रवेश किये तो यहाँ के प्राकृत सौन्दर्य से अभिभूत होकर मंत्रमुग्ध हो उठे। वैदिक आर्य प्रकृति के इस मोहक रूप से इतने आकर्षित हुए कि उन्होंने इस प्रकृति की गोद को अपना आश्रय स्थली बनाया तथा वन प्रदेश में ही आश्रम बनाकर प्रकृति के सानिध्य का लाभ उठाकर तपोमय जीवन व्यतीत करने लगे। यही से भारतीय ऋषि परम्परा का शुभारम्भ हुआ।

ऋषि मुनि प्रकृति के शांत एकांत एवं निर्मल वातावरण में तपोमग्न होकर तत्वचिंतन में मग्न रहते थे। उन्होंने तत्वज्ञान का पहला पाठ प्रकृति की गोंद में, प्रकृति से ही सीखा तथा सम्पूर्ण विश्व को ज्ञान के आलोक से प्रकाशित किया।

एक ओर हमारी आरण्यक ऋषि परम्परा आत्मचिंतन द्वारा तत्वज्ञान का प्रकाश फैलाकर मानव मात्र के कलयाण में संलग्न थी तो दूसरी ओर हमारी कृषि परम्परा उनके जीवन निर्वाह एवं भरण–पोषण के लिए खेती तथा पशु–पालन में संस्कृति एवं सभ्यता के दो महत्वपूर्ण पहलु थे। ये दोनों पहलु प्रकृति से अभिन्न रूप से जुड़े हुए थे। यहीं कारण था कि अपने तत्वचिंतन में ऋषियों ने प्रकृति के नाना उपादानों को प्राथमिकता दी क्योंकि वे अत्यन्त जीवनापयोगी थे। हमारे ऋषिगण इतने संवेदनशील एवं कृतज्ञ थे कि निर्जीव समझे जाने वाली पृथ्वी के पादस्पर्श से भी अपराध बोध का अनुभव करते हुए उससे क्षमा याचना करते हैं।

भारतीय संस्कृति की मूलभूत विशेषता रही है कि जो भी हमें कुछ देता है प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वह हमारे लिए आदर योग्य, आराध्य एवं देवतातुल्य है। यह सृष्टि पंच–तत्वात्मक (भूमि, जल, वायु, अग्नि और प्रकाश) से निर्मित हैं अतः कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए वेदों में इनकी स्तुति की गयी है और सभी के शांति की कामना की गयी है।[1]

''ओम धौः शान्तिरन्तरिक्ष शान्तिः पृथ्वी शान्ति रापः शान्तिरोषद्ययः
शान्ति वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवा शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वम् शान्तिः
शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि। ओम शान्तिः शान्तिः शान्तिः''।

इसके पीछे दो कारण थे। एक तो वैदिक आर्य प्रकृति के अनन्य प्रेमी थे। दूसारा अपने चारों ओर का पर्यावरण स्वच्छ, साफ–सुथरा, संतुलित एवं मनभावन बना रहे, उसके साथ अनावश्यक छेड़–छाड़ न करें, इस कारण उन्हें निर्जीव होते हुए भी धार्मिक आस्था से जोड़ा गया ताकि भावी पीढ़ी उनके संरक्षण एवं संबर्धन के प्रति विशेष ध्यान दें, उनको आदर भाव से देखे, क्योकि उनके बिना मानव जीवन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। यहीं कारण है कि भारतीय मनीषियों ने प्रकृति एवं प्राकृतिक शक्तियों सूर्य, वायु वनस्पति, पृथ्वी, चन्द्रमा, अग्नि को देवता स्वरूप माना।

वैदिक काल से ही वनों, वनस्पतियों एवं अन्य जीवों का महत्व पहचाना गया और उन्हें जीवन में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया, हमारे अरण्यवासी ऋषि

इन्हीं तपोवनों में रचे गये महान ग्रन्थों उपनिषद, रामायण, महाभारत आदि में नंदनवन, दण्डकारण्य, वृन्दावन आदि वनों का उल्लेख किया है।

वनों एवं वृक्षों से हमारी संस्कृति का इतना गहरा सम्बन्ध है कि उन्हें वन देवता कहकर पुकारा गया। मनुस्मृति में उल्लेख मिलता है कि प्राचीन भारत में वृक्ष इतने महत्वपूर्ण समझे जाते थे कि उन्हें अवैध रूप से काटा जाना दण्डनीय अपराध माना गया। पीपल, वरगद, आम, नीम, गुलर, जामुन, अशोक, कदम, तुलसी, बेल, पाकड़ आदि को पूज्य मानकर उन्हें धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया। इन वृक्षों को लगाना पुण्य एवं काटना पापकर्म समझा जाता हैं बौद्ध मतावलम्बी पीपल की पूजा करते है क्योंकि गौतम बुद्ध ने इसी वृक्ष की शीलत छाया में वृद्धत्व प्राप्त किया था। पीपल की पूजा अन्य अवसरों पर भी होती है। पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। वृक्षों को इतना अधिक महत्व प्राप्त है कि उन्हें पुत्रवत समझा जाता है। वृक्षों के प्रति इतना आदर भाव दुनियाँ की किसी भी संस्कृति में दुर्लभ है। जिस संस्कृति में वृक्ष देवता तुल्य व पुत्रवत समझे जाते हो तथा जहाँ वृक्षों की पूजा होती हो वहाँ वृक्ष काटे जाने की बात कल्पना से परे है। महाकवि कालिदास ने तो वन की तरूओं को शिव की भुजा एवं हिमालय को साक्षात् देव तुल्य माना है[2] –

''अत्युतरस्यां दिशि देवतामा
हिमालयोनाम नगाधिराजः।''

महर्षि कण्व वन देवता से अधिष्ठित तपोवन के वृक्षों से आग्रह करते है कि वे शकुन्तला को ससुराल आने की अनुमति प्रदान करें[3] –

''आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्याभवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वेरनुज्ञायताम।''

इस प्रकार कालिदास का साहित्य तो वृक्षों के अनुपम सौन्दर्य एवं प्रकृति की अद्भूत छटाओं से भरा पड़ा है। वृक्षों एवं वनस्पतियों के संबंध में कालिदास का गूढ़ वानस्पति ज्ञान प्रकृति एवं वनस्पतियों के प्रति उनके प्रगाढ़ प्रेम का सूचक है। इसी प्रकार वाणभट्ट ने भी कादम्बरी एवं हर्षचरित में प्रकृति के नानारूपों एवं वनस्पतियों का विस्तृत वर्णन किया है।

परवर्ती साहित्य में भी वृक्षों, वनस्पतियों एवं पुष्पों के प्रति प्रेमजनित सौन्दर्य भावना एवं धार्मिक आस्था भारतीय संस्कृति का जीवन्त चित्र प्रस्तुत करता है। इससे स्पष्ट होता है कि वृक्ष हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग होने के साथ–साथ हमारे अन्तरंग साथ भी रहे हैं। परन्तु तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण,

शहरीकरण व जनसंख्या वृद्धि के कारण प्राकृतिक वनों का भीषण विनाश हुआ है और अनेक वृक्ष–वनस्पतियाँ विनाश के कगार पर खड़ी हैं। वृक्षों वनस्पतियों के विषय में हमारे ऋषि मुनियों का इतना गहरा ज्ञान था कि उन्हें उनके स्वभाव व प्राकृतिक स्थिति की पूर्ण जानकारी रहती थी। आर्य ऋषि अपने वैदिक यज्ञों के माध्यम से संसार की उसी प्रकार रक्षा करता है जिस प्रकार औषधियाँ रोग से प्राणियों की रक्षा करती हैं। आज यज्ञ एक वैज्ञानिक विधि सिद्ध हो चुकी है तथा पर्यावरण के लिए यज्ञ करना आवश्यक है। यज्ञों के माध्यम से ही वैदिक ऋषियों की –''जीवेम शरदः शतम्''[4] की भावना सफल होती थी।

अथर्ववेद के एक मंत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि अवितत्व (रक्षक तत्व) के कारण वृक्षों में हरियाली रहती है। मंत्र में Chlorophy II के लिए अवि शब्द है।

अविर्वै नाम देवता–ऋतेनास्ते परीवृत्ता

तस्या रूपेणेमे वृक्षा हरिता हरितस्तजः।। अ0 10:8:31

शतपक्ष ब्राह्मण में वृक्ष वनस्पतियों को पशुपति (शिव) कहा गया है। यजुर्वेद अध्याय 16 में शिव को वृक्ष, वन, वनस्पति, औषधि आदि का स्वामी बताया गया है। शिव विषपान करते हैं और अमृत प्रदान करते हैं। वृक्ष–वनस्पति कार्बन डाई–आक्साइड रूपी विषयीते है और आक्सीजन रूपी अमृत (प्राणवायु) देते हैं। ये वस्तुतः शिव के मूर्त रूप हैं।

वृक्षाणां पतये नमः। औषधीनताम् पतये नमः।

(यजुर्वेद 16.17 से 19)

अथर्ववेद में वर्णन है कि पर्यावरण के संघटक तत्व तीन है जल, वायु और औषधियां ये भूमि को घेरे हुए है और मनुष्य को प्रसन्नता देते हैं, अतः इन्हें छन्दस कहा गया हैं–श्रीर्ण छन्दांसि कवयो वि येतिरे, पुरूरूपं दर्शन विजचक्षणम्।

आयो वाता ओषधयः, तान्येकस्मिन् भुवन अर्पितानि।

(अ0 18.1.17)

यजुर्वेद में विस्तार से वर्णन है कि द्यु, भू और अन्तरिक्ष को हानि न पहुँचावों और उन्हें पुष्ट करो।

(क) पृथिवीं दृंह, पृथिवीं मा हिंसीः। यजुः 13/18

(ख) अन्तरिक्षं दृंह, अन्तरिक्षं मा हिंसीः। यजुः 14/12

(ग) दिवं दृंह, दिवं मा हिंसीः। यजुः 15/64

ऋग्वेद में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि वृक्षों की सुरक्षा करें उन्हें काटें नही क्यों कि वृक्ष प्रदूषण को नष्ट करते हैं ये जल के स्त्रोतों की रक्षा करते हैं –

वनस्पतिं वन आस्थाययध्वं
नि यू दधिध्वम् अखनन्त उत्सम्।

ऋग. 10.101.11

अतः अन्त मैं निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि वेद मानव जाति के लिए एक प्रकाश–स्तम्भ है। विश्व को संस्कृति का ज्ञान देने का क्षेय वेदों को ही है। वेद ही विश्व–शान्ति, विश्व–बन्धुत्व, और विश्वकल्याण का प्रथम उद्घोषक है। वेदों की ज्योंति ने ही आर्य जाति की समुन्नति का मार्ग प्रशस्त किया था इसमें विज्ञान तथा पर्यावरण संरक्षण के सभी विधाओं का सूत्र रूप में उल्लेख है इसमें यह भी बताया गया है कि पर्यावरण संरक्षण से इष्ट की प्राप्ति तथा अनिष्ट का निवारण किया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

- स्वामी दयानन्द एवं आर्यमुनिकृति संस्कृत, ऋग्वेद संहिता – हिन्दी भाषा।
- जयदेव विद्यालंकारकृत हिन्दी भाषा
- 1. ज्वाला प्रसाद मिश्र कृत हिन्दी भाषा, 2. स्वामी दयानन्द कृत यजुर्वेद संहिता हिन्दी भाषा।
- अभिज्ञान शाकुन्तलम्
- आद्यादत्त ठाकुर–वेदों में भारतीय संस्कृति
- डॉ0 कपिलदेव द्विवेदी–वेदों में विज्ञान
- डॉ0 सत्य प्रकाश सरस्वती–वैज्ञानिक विकास की भारतीय परम्परा

* * *

संगीत का शास्त्रीय तथा भाव पक्ष

ममता सान्याल

भाव संगीत में बुद्धि विकास से पूर्व ही शिशु के अन्तःकरण में संगीत के संस्कारों का सृजन कर उनको सक्रिय बनाने की अलौकिक शक्ति है। बाल्यकाल में यद्यपि बुद्धि का विकास अत्यल्प होता है फिर भी वह बालक जो अपनी आवश्यकता को अपनी वाणी द्वारा व्यक्त करने योग्य होता है यदि कहीं से संगीत अथवा गीति की कोई सार्थक पंक्ति सुन लेता है तो उसको बारम्बार गुनगुना कर अन्तर्निहित आनंद की अनुभूति करता है। भाव और अन्तःकरण का सम्बन्ध रहस्यमय है। उस सम्बन्ध को मनीषी संगीतकारों ने अथवा हमारे पूर्वज ऋषियों ने अनुभूत कर स्मृति द्वारा बोधगम्य किया। बाल्यकाल का अन्तर्हित भाव–संगीत साधक की साधना को स्पष्ट कर देता है। संगीत अथवा कोई भी कला परमात्मा की ही देन है। संसार की प्रत्येक वस्तु ही परमात्मा की देन है। बुद्धि और मन भी उसी की देन है। किन्तु उसका प्रयोग अथवा कर्म की स्वतंत्रता मनुष्य के स्वयं के अधिकार में है। इसी परम रहस्य का नाना प्रकार से अध्ययन करना भारत की अनुपम संस्कृति है।

नाद के द्वारा आत्म–दर्शन एवं आत्म–चिन्तन के मूल तत्वों की प्राप्ति होती है। इसी नाद के माध्यम से सुसज्जित होकर वाणी प्रचलित भाषा के क्षेत्र में पदार्पण करती है। तत्पश्चात् परिमार्जित होकर शिक्षित वर्ग में साहित्य का रूप धारण कर लेती है। विचार–विनिमय और भाव का स्पष्टीकरण इसके महत्व के समर्थक तत्व होते हैं। नाद का मुखरित रूप,स्वर मनुष्य जीवन की एक विशेषता है और मानवी जीवन का अलंकार है जो परम मित्र के समान हर समय सहायक एवं उपयोगी सिद्ध होती है। केवल स्वर के आधार पर यदि भाव प्रदर्शन हो सकता है तो अधूरा होता है। केवल भाषा द्वारा स्पष्टीकरण सफल हो सकता है परन्तु उसका परिणाम आवेश अथवा उदासीनता होता है। यदि होता भी है तो क्षणिक होता है जिसको नहीं के बराबर कहा जा सकता है। स्वर एवं साहित्य अथवा प्रचलित भाषा का लय के द्वारा सानुपातिक समीकरण हो जाने पर ही भाव–व्यंजना परिपक्व अवस्था को प्राप्त करता है।

शास्त्रीय संगीत हो अथवा लोक गीत, भाव गीत अथवा सिनेमा संगीत सबमें भावमयी भाषा, प्रभावमयी वाणी और विभावमयी लय समान रूप से अपेक्षित है। इन्हीं की प्रकृति संगीत के उत्थान तथा पतन का कारण होता है।

समाज को संगीत की सर्वदा आवश्यकता होती है। उसकी मनुष्य के व्यक्तिगत संगीत से स्पष्ट रूप में कोई सम्बन्ध उस समय तक नहीं होता कि जब तक संगीतकार अपने संगीत के द्वारा उसकी अर्थात् समाज की कुछ सेवा न कर सके। समाज की संवा करने के लिए संगीतकार को सामाजिक संगीत की आवश्यकता पड़ती है जैसे भजन–कीर्तन में भक्तिभाव के पद विवाहोत्सव में नाना प्रकार के समयोचित श्रृंगार वर्णन अथवा श्रृंगार रस के गीत, राजनीतिक सम्मेलनों के अवसर पर देशभक्तों की अमर कथाएँ। सामाजिक उपलक्ष्य के अनुसार संगीत का वांछित रूप अपनाना अवश्यम्भावी हो जाता है। रामायण पाठ, पाठशालाओं और विद्यापीठों में पोषित हो रहा है। वर्तमान शैली को प्रचलित करने वाले कवियों को पर्याप्त सम्मान मिल रहा है। इसी अनुरूप प्राचीन संगीत का भी पोषण हो रहा है। भाव संगीत का प्रचलन दिन–प्रतिदिन अधिक हो रहा है। सरल संगीत, सरल भाषा, सरल तान और सरल ताल के सरल समष्टिकरण द्वारा हृदय को सरलता से आकर्षित कर लेता है। विश्च तथ अनविश्च दोनों वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन का विषय होता है और समयानुयार यथोचित भावानुभूति होती है। संगीत के प्रति अभिरूचि एवं संगीतकार के प्रति सद्भावना का समागम होता है। इन सामाजिक बन्धनों में व्यस्त प्राणियों को इतना ही समय है कि संगीत के द्वारा मनोरंजन के पश्चात् पुनः अपने कार्य में लग जाएं। समाज तो संगीत को कुछ समय के लिये मोल लेता है। मुख्य रूप से संगीत को अपनाना बहुत कठिन है। अपनाने का साध नही शास्त्रीय संगीत होता है। संगीत को भावपूर्ण एवं रंजक बनाने से पूर्व स्वर, लय, भाषा और वाणी को निरन्तर साधना द्वारा निर्मल करना और शक्तिशाली बनाना है। शास्त्रीय नियम के अनुसार साधना वांछनीय है।

सद्गुरू यदि शास्त्रीय संगीत के मर्म को समझ उसी आधार पर शिष्य को शिक्षा देता है तो अवश्य ही एकदिन ऐसा आ सकता है जब शिष्य भावपूर्ण संगीतकार बन सकता है। साथ ही साथ यह भी ध्यान रखने योग्य विषय है कि वर्तमान भाव संगीत के मूल में, सदा कि भाँति शास्त्रीय संगीत ही पोषक पदार्थ है। शास्त्रीय संगीत यदि भग्न अवस्था में भी हो, अब भी इतनी शक्ति रखते हैं कि संस्कारहीन को गायक बना सकते हैं तो उन भक्तों का भविष्य जो सुपात्र हैं, कुशल शास्त्रीय संगीतज्ञ बन सकते हैं।

कथन का तात्पर्य यह है कि यद्यपि भाव संगीत अत्यन्त रोचक होता है, विद्यार्थी भी उसको सफलतापूर्वक गा सकते हैं तथापि शास्त्रीय संगीत की अवहेलना करना साधक के लिये हानिकारक ही सिद्ध होता है। भावसंगीत, शास्त्रीय संगीत का अन्वेषित एक रूप होता है अतः सुन्दर होना तो आवश्यक ही है।

अन्त में विषयानुकूल यह विचार व्यक्त करना उचित होगा कि शास्त्रीय संगीत का क्षेत्र विश्व समाज है और भाव संगीत का क्षेत्र जन साधारण।

* * *

भारतीय शास्त्रीय संगीत का बदलता स्वरूप

अनामिका दीक्षित

भारतीय शास्त्रीय संगीत की गौंरवपूर्ण पृष्ठभूमि रही है संगीत का जो स्वरूप वर्तमान में दृष्टिगोचर होता है वह हजारों वर्षो से होने वाले क्रमिक विकास का स्वरूप है भारतीय संस्कृति में संगीत का जन्म वैदिक काल में ही हुआ यह सर्वमान्य है। वैदिक कालीन संगीत विकास के चरम सीमा पर था और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग भी। उत्तरोत्तर संगीत का सांसारिक भाग मुखर होता गया और उसका ईश्वर प्राप्ति का लक्ष्य जनमनोरंजन भी हो गया गुप्त और मौर्य काल में संगीत को राजाश्रय प्राप्त था यह कोटिल्य के अर्थशास्त्र के साक्ष्य से भी प्राप्त है। राज दरबार में दासी गणिका नट नटों को गीत संगीत वाद्य नृत्य की शिक्षा प्रदान करने हेतु शासन द्वारा उन्हे द्रव्य भी प्रदान किया जाता था संगीत कला को वात्सायन नें अपने 64 कलाओं में सर्वोच्च स्थान प्रदान किया है उन्होने संगीत कला का ज्ञान प्रत्येक नागरिक के लिये अनिवार्य माना है राज दरबार में गीत संगीत नृत्य हेतु निश्चित विहार शालाओं का निर्माण हुआ करता था।

उत्तर भारतीय संगीत का प्रचलन 13वीं शताब्दी से माना गया वर्तमान में भारतीय एवं यवनी मिश्रित संगीतको हिन्दुस्तानी अथवा उत्तर भारतीय संगीत कहते है मुस्लिम आक्रमणों के पश्चात ही उत्तर भारतीय संगीत विकास के पथ पर अग्रसरित हुआ है इसके पूर्व तो सम्पूर्ण भारत में केवल एक ही संगीत पद्वति प्रचलित रही।पं भातखण्डे जी के अनुसार भी उत्तर के मुसलमान शासको ने संगीत की रक्षा की उन्होने अपने निजि संगीत का मिश्रण हमारे संगीत से किया जिसका सुन्दर मिश्रण आज हमारे सामने हिन्दुस्तानी संगीत में देखने को मिलता है उत्तर भारतीय संगीत में निरन्तर परिवर्तन होते गये जिसके कारण आधुनिक संगीत का निर्माण हुआ ऐसा इसलिये क्योकि यवन शासकों नें अपने राज दरबार में संगीतज्ञों को स्थाान दिया उनको राजाश्रय प्राप्त हुआ इस तरह संगीत दो वर्गो में विभक्त हुआ दरबारी संगीतज्ञ और दरबार के बाहर संगीतोपासक। यही से विकसित गााान शैली की विविधता के कारण घरानों का निर्माण हुआ उत्तर भारतीय संगीत की रचना या उसकी

विशुद्धता एवं विविधता संगीत घरानों की इस सुदृढ़ परम्परा की ओर संकेत देती है घरानेंदार गायकी से उसकी श्रेष्ठता प्रकट होती है किसी योग्य गुरू से परम्परागत गूढ तालीम के रहस्य प्रदर्शित होते है चौदहवीं शताब्दी में भारतीय संगीत में अनेक नवीन राग एवं तालों का निर्माण करके भारतीय संगीत में उन्हें स्थान दिया गया अमीर खुसरो संगीत जगत में एक ऐसा नाम जाना जाता है जिन्होनें ही भारतीय और ईरानी संगीत के मिश्रण का कार्य आरम्भ किया क्योकि वो भारतीय और इरानी संगीत से भलीभांति परिचित थे अकबर के काल तक इरानी और भारतीय संगीत का समन्वयन होता रहा जिसके परिणाम स्वरूप इरानी संगीत की कई विशेषतायें भारतीय संगीत में समाविष्ट हुई भारतीय ग्राम मूर्च्छना का स्थान मेल पद्धति थाट पद्वति इत्यादि।कोमल एवं तीव्र स्वर का प्रचलन भारतीय संगीत में आरम्भ हुआ संगीत के सैद्धान्तिक ही नही अपितु व्यवहारिक पक्ष में भी कॉफी परिवर्तन होते रहे। प्रबन्ध गाायन छंद शैली का स्थान ध्रुपद गायन शैली ने ले लिया शनैः शनै ध्रुपद की चार बानियों का विकास हुआ इस प्रकार दिनों दिन वृद्धि होती रही।

भारत में ब्रिटिश राज्य स्थापित होने के साथ ही भारतीय राजा तथा जमींदार अंग्रेजों के हाथ की कठपुतली ही मात्र रह गये साथ ही संगीतकारों का राजाश्रय भी समाप्त हो गया पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ राजाओं से संरक्षण प्राप्त न होता तो आर्थिक रूप से पिछडे होनें के कारण संगीत का भविष्य पूरी तरह से नष्ट हो चुका होता इन्ही रियासतों के संरक्षण में संगीतज्ञ अपनी साधना में लीन रहे सतत साधना में लीन होने के कारण इनको इतनी प्रसिद्धि मिली कि उनकी अपनी कलात्मक शैली को विशेष मान्यता प्राप्त हुई जिसे कालान्तर में उनके नाम से या उनके निवास स्थान से जाना जाने लगा जो घरानों में विकसित हुयें और यही घरानें कहलाये मुगल काल के अन्त तक दरबारी संगीतज्ञ छोटी मोटी रियासतों में विभक्त हो गये जैसे ग्वालियर,रामपुर पटियाला, उदयपुर बड़ौदा इत्यादि के नाम से घराने बने। इस प्रकार भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा के विकास क्रम को देखने से स्पष्ट होता है कि शास्त्रीय संगीत की वर्तमान समृद्ध गौरवपूर्ण विकसित रूप के लिये ब्रिटिश साम्राज्य से पूर्व राज दरबारों का संरक्षण और ब्रिटिश राज्य की स्थापना के साथ ही उपजी घराना परम्परा ही उत्तरदायी है यद्यपि न दोनों प्रवृत्तियों के प्रेरक व्यक्तिगत स्वार्थ और स्वयं को सर्वोपरि मानने की भावना थी परन्तु संगीत की परम्परा बनी रहे चाहे एक संकुचित सीमा तक ही।आधुनिक काल में भारतीय संगीत को जीवित रखने का श्रेय पं विष्णु दिगम्बर पलुस्कर तथा विष्णु नारायण भातखण्डे

जी को ही है जिन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन संगीत के उद्धार में ही लगाया और अपने अथक प्रयासों के द्वारा इस दिव्य विद्या को जनमानस में पहुचाया जो कि केवल उच्च कुलीन वर्ग के लोगों तक ही सीमित थी उसे उन्होनें अपने प्रयासों के माध्यम से प्रशिक्षण क्रेन्द्र खुलवाये और हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को संस्थागत रूप प्रदान किया अस्त व्यस्त पडी सांगितिक निधि को समेट कर लिपिबद्ध कराया और इसे ठोस पद्धति का रूप दिया साठ से ज्यादा दुर्लभ ग्रन्थों का सृजन भी किया जिन्हे हिन्दुस्तानी संगीत का आधुनिक शास्त्र भी कहा जाता है अखिल भारतीय संगीत सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाने लगा जिससे संगीत पुनः जनमानस में श्रेष्ठ स्थान ग्रहण करने लगा स्वतन्त्र भारत में इन दोनों विष्णु द्वय का योगदान यथेष्ट प्रभावशाली रहा है जिन्हानें वास्तव में उत्तर भारतीय संगीत को स्वतन्त्रता दिलाई।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन हुआ स्वतन्त्र भारत में प्रान्तीय तथा केन्द्रिय शासन द्वारा सभी कलाओं को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ तथा इनके प्रसार का कार्य तीव्र गति से प्रारम्भ हुआ संगीत महाविद्यालय संगीत सम्मेलन आकाशवाणी और संगीत नाटक अकादमी भारतीय संगीत के शास्त्रीय पक्ष और गायन वादन के प्रायोगिक रूपों के उत्थान के लिये प्रयत्नशील रहे कलाकारो को देश के सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में विदेशों में भेजना आरम्भ हुआ और स्वतन्त्रता प्राप्ति के पॉच वर्षो के पश्चात ही राष्ट्रीय स्तर पर संगीत कलाकारों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संगीत महोत्सव संगीत विषयक विचार गोष्ठियां एवं संगीत प्रतियोगिता आये दिन आयोजन केन्द्रीय तथा प्रान्तीय स्तर पर होने लगा। अनेक संगीत विद्यालयों व महाविद्यालयों की स्थापना हुई और संगीत को उच्च स्तर पर विषय के रूप में मान्यता मिली।

इस प्रकार स्वतन्त्र भारत में राज दरबारों का संगीत सम्मेलनों नें ले लिया और संगीत राज सभाओं की छोटी सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय रंगमंच के विपुल धरातल पर प्रतिष्ठित हुआ। इतनी प्रतिष्ठा एवं विकास के फलस्वरूप देश में कला के प्रति आदर भाव उत्पन्न हुआ व कलाकारों को समाज ने अपनाया जन जीवन में भी सांस्कृतिक उत्थान की चेतना जागृत होने से संगीत साहित्य और कला के चतुर्दिक विकास पर न केवल शासन का अपितु जनसाधारण का भी ध्यान आकृष्ट हुआ संगीत जगत में इतना क्रान्तिकारी परिवर्तनों का श्रेय स्वतन्त्र भारत की प्रवृत्तियों को ही दिया जाता है। यद्यपि आधुनिक युग में संगीत के संस्थागत शिक्षण की व्यवस्था पाश्चात्य शिक्षा

प्रणाली के प्रभाव में बहुत विकसित हुई परन्तु संगीत विषय के शालेय शिक्षण का प्रचलन प्राचीन एवं मध्ययुग में देखनें को मिलता है वैदिक काल में भी संगीत शिक्षा का प्रारम्भ आश्रमों में यज्ञ देवस्तुति एवं धार्मिक अनुष्ठानों के रूप में हुआ करता था गुरूकुल की शिक्षा प्रणाली सदियों से चली आ रही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

- डॉ0 शरदचन्द्र श्रीधर परांजपे, भारतीय संगीत का इतिहास, चौखम्बा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, 1969
- डॉ0 हरिकिशन गोस्वामी, भारतीय संगीत की परम्परा, कनिष्क प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004
- डॉ0 शुचिस्मिता, आकाशवाणी एवं हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत, कनिष्क प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014
- डॉ0 नरेश कुमार, हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में प्रयोग एवं परिवर्तन, कनिष्क प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013
- डॉ0 अलकनन्दा पलनीटकर, शास्त्रीय संगीत शिक्षा समस्याएं एवं समाधान, आदित्य प्रकाशन, बीना मध्य प्रदेश, 2000

* * *

ख्याल गायन शैली में संगीतशास्त्र के तत्वों का विश्लेषण

रूचि मिश्रा

मध्ययुग में सरलीकरण और संक्षेपीकरण की जो प्रवृत्ति सभी कलाओं में व्याप्त हुई, उसी के फलस्वरूप प्रबंध के परिवर्तित रूप में ध्रुपद का आगमन हुआ। प्रबंधों में शब्द का महत्व अधिक था और स्वरांश अपेक्षाकृत गौण इसीलिये ध्रुवपद, दरू, अष्टपदी आदि स्वरप्रधान गीतों पर पारिजातकार ने यह टिप्पणी की–"वर्णैरेतेषु स्वल्पत्वं स्वरैरत्र समीरणा" अर्थात् यहाँ (ध्रुवपद आदि में) वर्ण यानी शब्द की अल्पता और स्वरों का विस्तार अधिक होता है।

स्पष्ट है कि प्रबंधों की अपेक्षा ध्रुवपद में शब्दांश कम था, स्वरांश अधिक।

स्वर की प्रधानता की यह प्रवृत्ति क्रमशः वृद्धि पाती गई, जिसकी चरम परिणति ख्याल में हुई।

ख्याल को प्रायः खयाल, ख़्याल और ख़याल भी कहा जाता है और इस शब्द की व्युत्पत्ति फारसी शब्द 'ख़ेयाल' से मानी जाती है जिसका अर्थ है – विचार, ध्यान, तख़ैयुल, तवज्जुह, प्रवत्ति, भावना, जज़्ब, मति, राग, स्मृति, याद, संज्ञा, होश, दुर्भावना, बदगुमानी, भ्रम, वहम, अनुमान, अंदाज आदि।

भरत मुनि ने गांधर्व और गान के तीन तत्व स्वर–ताल–पद कहे। इन्हीं के संयोग से प्रबन्ध का निर्माण भी हुआ क्योंकि प्रबंध के छह अंगों में से ये तीन ही मुख्य अंग थे। प्रबन्धों से ही विभिन्न शैलीयों का उद्भव हुआ, जिसमें से ख्याल शैली का उद्भव ध्रुपद शैली के पश्चात् हुआ। पं. शार्ङ्गदेव ने प्रबन्धाध्याय में प्रबन्ध के तीन रूपों प्रबन्ध–वस्तु–रूपक में से वस्तुप्रबन्ध की विवेचना की है, जो कि ख्याल शैली से सम्बन्धित है–

मात्रा पञ्चदशद्येऽङ्घ्रौ तृतीये पञ्चमे तथा
सूर्यास्तुर्ये द्वितीये च स्वरपायन्तमादिमम्

अपां स्वरतेनान्तमर्धं तदनु दोधकः

यस्य स्यात्तेनके न्यासस्तद्वयस्तु कवयो विदुः।

अर्थात्– वस्तु प्रबन्ध में पाँच चरण होते हैं। पहले, तीसरे और पाँचवें में पन्द्रह–पन्द्रह और दूसरे तथा चौथे चरण में बारह–बारह मात्रा होती है। पहले दो चरणों से एक और अन्तिम तीन चरणों से दूसरा अर्ध बनता है। पूर्वार्ध के अन्त में स्वर और पाट तथा दूसरे अर्ध के अन्त में स्वर और तेन होते हैं। दोनो अर्ध मिला कर दोधक और उसके बाद दोधक (दोह) ध्रुव कहलाता है एवं अंत में आभोग गाकर तेन समाप्त होता है।

एक और वर्गीकरण में रूपक के भेद अधम रूपक भेद खल्लोत्ताररूपक की विवेचना की है। इसका सम्बन्ध भी ख्याल शैली से प्रतीत होता है।

इसकी विवेचना करते हुए पं. शार्ङ्गदेव कहते हैं–

प्रागूपगताः स्थायः स्थानान्तरगता यदि मत्वेन्तरेण रच्यन्ते खल्लोत्ताररूतदा भवेत्।

अर्थात्– पूर्वरचित रूपक की शब्दरचना बदल दी जाय और स्थाय वही रहें लेकित उनका स्थान बदल दिया जाय तो खल्लोत्तार रूपक होता है। इसमें स्थाय या धातु में कोई नवीनता न होने से इसे अधम कोटि में रखा गया है। संगीतराज ग्रंथ में भी खल्लोत्तार शब्द उल्लिखित है, जो इस प्रकार से है–

तदा (स तु) स्यादथ संज्ञेयः खल्लोत्तारस्तदा बुधैः

यदा प्राचीनगीतस्य छाया स्थानान्तरं गताः।।

तत्रान्यो वर्ण्यते मातुस्तदा स स्यादिति स्थितः

एवं पञ्चैव कथिता भेदा रूपकासंश्रिताः

खल्लोत्तारानुसारौ च तेषु ज्ञेयौ पराधमौ।।

मतंग मुनि ने अपने ग्रंथ वृहद्देशी में छठे अध्याय के अन्तर्गत वस्तु की विवेचना की है, जो कि ख्याल शैली के निकट है–

यत्र पाटाश्च तेन्नाश्च शेषं भवेत् ततस्वरम्

देशीगीतेऽपि वस्तु स्यान्नाटकेऽपि प्रपुज्यते।

स्थूल रूप से ख्याल शैली के स्वरूप को हम इस प्रकार से विश्लेषित कर सकते हैं–

पूर्वालाप–बंदिश, बड़ा ख्याल, आलाप(बोलआलाप), सरगम बाँट, तान(बोलतान), छोटा ख्याल–आलाप(बोलआलाप)–तान(बोलतान)।

ख्याल शैली के पूर्वालाप का सम्बन्ध रागालप्ति से होता है, जो कि अताल होती है। यह रागालप्ति सबसे पहले चरण में की जाती है। इसके पश्चात् ख्याल शैली के अन्तर्गत आने वाले निबद्ध पदों का गायन किया जाता है, जो दो प्रकार के होते हैं विलम्बित ख्याल, छोटा ख्याल। इनका सम्बन्ध प्रबन्धों के साथ होता है। यद्यपि छन्द, मात्रा, अक्षर संख्या आदि का नियम ना होने के कारण ख्याल के पद स्वच्छन्द प्रवाही होते हैं फिर भी स्थायी और अन्तरा में अन्त्यानुप्रास होने के कारण कुछ आभास छन्दत्व का भी होता है। यह अन्त्यानुप्रास ही खण्ड समाप्ति का सूचक भी होता है। इस शैली में तालों का विविध प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। तीनताल, एकताल, झपताल, रूपक, झूमरा, आड़ा चारताल आदि विविध तालों का प्रयोग विलम्बित, मध्य और द्रुत गति में होता है।

गीत गाने के पश्चात् ख्याल शैली में किया जाने वाला विस्तार रूपकालप्ति के निकट होता है। जो विशेष रूप से विलम्बित ख्याल गाने के पश्चात् किया जाता है। ख्याल गाने के बाद विविध स्वरसंचारों के प्रयोग से आलाप करके ख्याल का मुखड़ा पकड़ना ख्याल शैली को प्रतिग्रहणिका से जोड़ता है। स्थायभंजनी में विविध स्वर संचार करते समय गीत के शब्दों का प्रयोग किया जाता है लेकिन उनका मान नहीं बदलता ठीक वैसे ही आज किये जाने वाले शब्दालाप में भी गीत के कुछ शब्दों को लेकर तो आलाप किये जाते हैं लेकिन उनका मूलमान नहीं बदलता अतः स्थायभंजनी के भी तत्व इस शैली में प्रदर्शित होते हैं। ख्याल शैली में होने वाले स्वरों के प्रयोगों के आधार पर इसे साधारणी गीति के सन्निकट माना जाता है। संगीतरत्नाकर में पंचगीतियों के विषय में इस प्रकार का मत प्राप्त होता है–

गीतयः पञ्च शुद्धा च भिन्ना गौड़ी च वेसरा
साधारणीति शुद्धा स्यादवक्रैर्ललितैः स्वरैः
भिन्ना वक्रैः स्वरैः सूक्ष्मैर्मधुरैर्गमकैर्युता
गाढैस्त्रिस्थानगमकैरोहाटीललितैः स्वरैः
अखण्डितस्थितिः स्थानत्रये गौडी मता सताम्
ओहाटी कम्पितैर्मन्द्रैर्मृदुद्रुततरैः स्वरैः
हकारौकारयोगेण हन्न्यस्ते चिबुके भवेत्
वेगवद्भिः स्वरैर्वर्णचतुष्केऽप्यतिरक्तितः

वेगस्वरा रागगीतिर्वेसरा चोच्यते बुधैः
चतुर्गीतिगतं लक्ष्म श्रिता साधारणी मता
शुद्धादिगीतियोगेन रागाः शुद्धादयो मताः।।

अर्थात्– शुद्धा, भिन्ना, गौड़ी, वेसरा, साधारणी ये पाँच गीतियाँ है। जिनमें शुद्धा वक्रता से रहित और ललित मनोहर स्वरों से युक्त होती है। भिन्ना सूक्ष्म और मधुर गमकों एवं वक्र स्वरों से युक्त होती है। तीनों स्थानों में सघन गमकों द्वारा ओहाटि युक्त स्वरों से युक्त रहने वाली गौड़ी गीति मानी गई है। चारों वर्णों में भी अत्यन्त रंजकता से अत्यन्त वेगवान द्रुत गति में प्रयुक्त स्वरों के द्वारा युक्त होने वाली गीति वेगस्वरा मानी गई है एवं इन चारों गीतियों के लक्षणों के आश्रित साधारणी गीति मानी गई है। स्वर प्रयोगों की दृष्टि से ख्याल शैली में स्थायों, काकु, गमक, मींड, खटका, मुर्की आदि का प्रयोग बहुलता से किया जाता है।

ख्याल शैली की बोलतानों में रूपकभंजनी का भी कुछ रूप है। बोलतानों का प्रयोग बड़े ख्याल और छोटे ख्याल में समान रूप से किया जाता है। यद्यपि बोलतानों में केवल बंदिश की स्थायी के ही पूरे शब्द लेकर विविध संचार बनाये जाते हैं, पूरे गीत के नहीं और उनका मूलमान भी स्थिर नहीं रखा जाता। इस कारण रूपकभंजनी और बोलतान में बहुत अंतर हो जाता है फिर भी बोलतानों के विकास का मूल रूपकभंजनी में निहित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

- चौधरी सुभद्रा, ख्याल के निबद्ध और अनिबद्ध का विश्लेषण, संगीत, ख्याल अंक, 1976
- उर्दू–हिंदी कोश' उत्तर प्रदेश सूचना विभाग पृष्ठ,
- चौधरी सुभद्रा, शारंगदेव कृत संगीत रत्नाकर, प्रबन्धाध्याय
- शर्मा प्रेमलता, कुंभा कृत संगीतराज, पाठ्यरत्नकोष, बी. एच. यू. प्रेस, 1963
- शर्मा प्रेमलता एवं ब्यौहार अनिल, मुनि मतंग कृत वृहद्देशी, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली, 2006

* * *

भारतीय राजनीतिक चिंतन में मनु का योगदान

रजनी चौबे

प्राचीन भारतीय चिन्तन के स्त्रोत के रूप में मनुस्मृति का नाम लिया जाये तो इसमें कोई संदेह नहीं है। क्योंकि मनुस्मृति को हिन्दू कानून के पूर्ण विवरण का प्रारम्भ इसी से हुआ है। प्राचीन काल में विधि राज व्यवस्था का सर्वप्रमुख विषय था इसलिये मनुस्मृति को राजनीतिशास्त्र का प्राचीन स्त्रोत कहा है। सर्वप्रथम मनु ने समाज के लोगों को बिना विधि, नियम कानून के अराजकता पूर्ण जीवन को धर्म सिद्धान्तों के द्वारा अनुशासित और नियमित करने का सिद्धान्त दिया। मनुस्मृति में 12 अध्याय तथा 2,694 श्लोक हैं जिनके कुछ अध्याय राज्य विवादों का निर्णय, करसे सम्बन्धित विषय, राजधर्म, आपातकाल के कर्तव्य और धर्म पालन, धन आदि सम्पति का विभाजन जैसे विषयों को राजनीति शास्त्र से जोड़कर राज व्यवस्था की आधारशिला के रूप में देखा जाना चाहिये। मनुस्मृति में के राज्य सम्बन्धी विचारों को प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिन्तन की आधारशिला के रूप में प्रस्तुत करते हैं–

मनुस्मृति में राज्य की उत्पत्ति का दैवीय सिद्धान्त–

मनुस्मृति एक प्राचीन धर्मशास्त्र के रूप में राजनीतिक व्यवस्था का भी इसमें विशद् विवेचन है– मनुस्मृति के सातवें अध्याय में राज्य की उत्पत्ति का वर्णन किया गया है। इसमें वर्णित है कि प्रारम्भ में न कोई राज्य था और न कोई राजा और जब इस प्रकार की कोई संरचना नहीं होगी तो राजधर्म सम्बन्धित कोई नियम या विधि के होने का कोई प्रश्न ही नहीं था तथा मनुष्य जाति असभ्य और आसुरी थी एवं चहुँओर अराजकता की स्थिति थी। मनुस्मृति के अनुसार ऐसी स्थिति से लोगों एवं समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा की उत्पत्ति की।

मनुस्मृति में वर्णित राजा में सूर्य, चन्द्र, यम, कुबेर, इन्द्र, वरुण, पवन, अग्नि इन आठ शक्तियों को मिलाकर राजा की रचना की गयी। इसका तात्पर्य है कि जिस प्रकार ये समस्त शक्तियाँ सृष्टि के संचालन के लिये आवश्यक है

उसी प्रकार राजा इन गुणों से युक्त होकर समस्त विश्व का राज्य का कार्य करेगा। परन्तु इतनी शक्तियों से सम्पन्न होने पर क्या राजा निरंकुश बन जायेगा? परन्तु मनु ने राजा को धर्म के अधीन रखा है अतः वह निरंकुश नहीं बन सकता क्योंकि वह दैवीय गुणों से युक्त है। मोटवानी के शब्दों में– 'राजा को समझना चाहिये कि वह धर्म के नियमों के अधीन है। कोई भी राजा धर्म के विरुद्ध व्यवहार नहीं कर सकता, धर्म राजाओं और मनुष्यों पर एक समान ही शासन करता है। इसके अतिरिक्त राजा राजनीतिक प्रभु जनता के ही अधीन है वह अपनी शक्तियों के प्रयोग में जनता की आज्ञा पालन की क्षमता से सीमित है।'[1] अतः राजा निरंकुश नहीं बन सकता था और तुलनात्मक रूप से तत्कालीन समाज बर्बर होते हुए भी वर्तमान समाज के जैसी कुत्सित नहीं थी जनता के अधिकार राजा को सीमित करते थे।सालेटोर ने भी इस सम्बन्ध में लिखा है– 'मनु ने निःसन्देह यह कहा है कि जनता राजा को गद्दी से उतार सकती है और उसे मार भी सकती है, यदि वह अपनी मूर्खता से प्रजा को सताता है।'[2] मनुस्मृति में यह भी उल्लिखित है कि यदि राजा से कोई गलती हो जाये तो उसे एक सहस्त्र पण दण्ड मिलता था। इस प्रकार राजा को धर्म एवं दण्ड के द्वारा अनुशासित किया था।

मनु के राज्य का स्वरूप

मनुस्मृति के अनुसार मनु एक राज्य का स्वरूप सावयविक संस्था के रूप में स्वीकार करते हैं। जो सात अंगों से मिलकर बनता है अर्थात् राज्य के साप्तांग है। जिनको मनु ने राज्य के सात प्रकृति बतलाया है। ये सात अंग हैं– स्वामी, अमात्य, पुर, राष्ट्र, कोश, दण्ड और सुहृद है। राज्य के इन सात प्रकृतियों को आपस मिलकर और जुड़कर रहना चाहिये। किसी एक में विकार राज्य के विकार और सर्वनाश का कारण बन सकता है। मनु के अनुसार, 'राज्य के ये सात अंग अथवा अवयव परस्पर एक दूसरे के सहारे राज्य के अस्तित्व को उसी प्रकार स्थिर रखते हैं जिस प्रकार काष्ठ के तीन दण्ड, एक दूसरे के सहारे खड़े रहकर, त्रिकोण आकृति के अस्तित्व को पृथ्वी तल पर स्थिर रखने में समर्थ होते हैं।'[3] राज्य के ये सात अंगों का महत्व राज्य के लिये बराबर है। कोई किसी से बड़ा न छोटा।'[4]

मनु के सिद्धान्त में धर्म का स्थान

मनु के किसी भी राजनीतिक सिद्धान्त को समझने के लिये धर्म का वर्णन करना अनिवार्य है। मनु सहित सभी प्राचीन धर्मशास्त्रों में निहित है। प्रत्येक प्राणी द्वारा स्वधर्म पालन करना और दूसरे के धर्म में किसी प्रकार

उल्लंघन न करना ही धर्म है और जब तक इस प्रकार की स्थिति बनी रहेगी तब तक चहुँओर सुख शान्ति व्याप्त रहेगी। मनु ने कहा है जगत के प्रत्येक व्यक्ति अपने गुणों के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वाह करे तो जग का कल्याण और व्यक्ति में सहयोग एवं सद्भाव का विकास होगा। वर्तमान राजनीतिक चिन्तन में इसी राजनीतिक सद्भाव एवं सहयोग की आवश्यकता है। जिससे समाज की अनेकों कुरीतियों को दूर कर सुव्यवस्था स्थापित किया जा सके।

राजनीति में दण्ड का सिद्धान्त

मनु के धर्म के सिद्धान्त के अनुसार व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करता राज्य में शान्ति व्यवस्था बनाये रखता है लेकिन यह प्रकृति में ही निहित है कि सभी मनुष्य समान नहीं है उसमें आसुरी प्रवृत्तियों का भी वास है जो न स्वयं को कर्तव्यनिष्ठ रहने देता है और न ही अन्य लोगों को जिससे राज्य एवं राजा को प्रजा के लोगों को कर्तव्यपथ पर लाने के लिए दोषियों एवं अपराधियों को दण्ड देकर उनमें भय उत्पन्न कर राज्य को सुव्यवस्थित किया जाता था। मनु ने कहा है 'मनुष्य समाज में धर्मपरायण दुर्लभ व्यक्ति है।'[5] अतः मनुष्य जब अपने धर्म से भटकता है तो राजा के द्वारा उसे समुचित दण्ड देना अनिवार्य है। मनु ने धर्म की प्रक्रिया में 'दण्ड को सम्पूर्ण प्राणियों का रक्षक ब्रह्मतेजमय एवं धर्म का पुत्र है। उसका सृजन ईश्वर ने किया है।'[6] इस प्रकार मनु ने दण्ड की विस्तृत विवेचना के साथ ही दण्ड को धर्म का अभिन्न अंग बताया है। मनु की इसी राजनीतिक चिन्तन प्रणाली को वर्तमान में न्याय व्यवस्था के रूप में अपना कर समाज एवं राज्य को अपने कर्तव्य पालन हेतु आदेश एवं निर्देश प्रदान किये जाते हैं। क्योंकि वर्तान हो प्राचीन दण्ड के अभाव में लोग दृष्टाचरण मं संलग्न होकर कर्तव्यविमूढ़ हो जाते हैं और सम्पूर्ण मर्यादाएं नष्ट हो जाती है।'[7] दण्ड की यह व्यवस्था समाज में न्याय एवं संतुलन का महत्वपूर्ण दृष्टान्त है।

साप्तांग राज्य का सिद्धान्त

मनु ने राज्य के साप्तांग माने हैं। जिसका तात्पर्य है राज्य का निर्माण सात अंगों से मिलकर हुआ है जो एक होकर राज्य के कार्यों का संचालन करते हैं ये अंग विशेषीकृत (कार्य के आधार) होते हुए भी ये राज्य से अलग नहीं वरन राज्य में समाहित होते हैं। 'मनुस्मृति के अध्याय 9 के श्लोक 294 में कहा गया है कि स्वामी, मंत्री, राष्ट्र, पुर, कोष, दण्ड तथा मित्र ये सात राज प्रवृत्तियाँ है, जिनसे युक्त संगठन साप्तांग राज्य कहलाता है।'[8]

मनु राज्य के स्वरूप में राजतंत्र का समर्थक है क्योंकि राजा दैवीय गुणों से युक्त और सृष्टि का परम संचालक शक्तियों से सम्पन्न है अतः वह गलती नहीं कर सकता। इसलिये राजा ईश्वर तुल्य है और राज्य के ये सारे अंगों में राजा सर्वोपरि है।

राज्य के कार्य

राजा को राज्य के संचालन करने के लिये अनेकों कार्यों को करना पड़ता था राजा अपने मंत्रियों एवं सहयोगियों के माध्यम से इन कार्यो को सम्पन्न करता था। मनु के अनुसार– राजा आन्तरिक स्थापित रखने हेतु उचित व्यवस्था करता था। बाहरी आक्रमण से देश की रक्षा का उत्तरदायित्व नागरिकों के हितों की रक्षा एवं उनके साथ होने वाले पारस्परिक विवाद का निपटारा करता था। सामाजिक हित के कार्य जैसे अतिरिक्त मूल्यका नियंत्रण, राज्य के बच्चों एवं वयस्कों के लिये शिक्षा की उचित व्यवस्था करना, प्रत्येक वर्ग को अपने कार्य क्षेत्र के कर्तव्यों के पालन के लिए निर्देशित करना। वेदों का अध्ययन–अध्यापन करने वाले ब्राह्मणों के लिये दान और उनकी जीवन निर्वाह का उचित प्रबन्ध करना। सन्तानहीन स्त्रियों, विधवाओं तथा रोगी व्यक्तियों का राजकीय संरक्षण में देखभाल करना। स्त्री सम्पति की रक्षा और उनकी सम्पति गबन करने वालों को कठोर दण्ड देना, साथ ही अवयस्कों को उत्तराधिकार और सम्पति की रक्षा करना। इन लोक कल्याणकारी कार्यों के साथ ही राज्य के कार्य में बाधा बनने वाले गलत आचरण वाले एवं भ्रष्ट व्यक्तियों से राज्य एवं प्रजा की रक्षा हेतु जुर्माना एवं दण्ड को देनेका कार्य करता था। अतः मनु का राज्य एवं राजा के कार्य वर्तमान के लोक कल्याणकारी राज्य के समान अत्यधिक विस्तृत एवं व्यापक था। केवल मोटवानी ने इस सम्बन्ध में लिखा है– 'मनु के निर्देशन में राज्य द्वारा बनाये जाने वाले अनेक कानून वर्तमानकालीन राजशास्त्र के विद्यार्थी को समाजवादी प्रतीत होंगे।'[9]

इस प्रकार मनु के राज्य के कार्य द्वारा व्यक्ति अपने विकास की सर्वोच्च अवस्था को प्राप्त कर लेने का अवसर प्रदान करता था।

मनु के राज्य की आय व्यवस्था

मनु ने राज्य के सिद्धान्त के अंतर्गत न्याय व्यवस्था का विस्तार से वर्णन किया है। न्याय कानून का प्रतिरूप होता है अतः इस हेतु सर्वप्रथम कानूनों का निर्माण आवश्यक है। कानून निर्माण के लिये उसने विधायिका जैसी संस्था के निर्माण का सुझाव दिया है। जिसे उसने 'परिषद' का नाम दिया है। केवल मोटवानी ने परिषद के सम्बन्ध में लिखा है 'परिषद ऐसे बुद्धिमान

व्यक्तियों से मिलकर बननी चाहिये जिन्होंने वेदों और टीकाओं का अध्ययन किया हो और जो अपने तर्कों के सम्बन्ध में बुद्धियुक्त प्रमाण देने की योग्यता रखते हो।'[10] मनु ने अपनी न्याय व्यवस्था की संरचना पूर्णतः कानूनी आधार पर की है। प्राचीन भारत में न्याय–व्यवस्था को व्यवहार और इसकी स्थापना को व्यवहार स्थापना के नाम से जाना जाता था। मनु ने इसी स्वरूप को अपनाकर न्याय व्यवस्था को व्यवहार के नाम से सम्बोधित करते थे। मनु के अनुसार दो प्रकार के विवाद होते थे हिंसा से उत्पन्न विवाद तथा भूमि एवं सम्पति से सम्बन्धित विवाद। न्यायाधीश ब्राह्मण ही होते थे तथा सभी विवादों का निर्णय निष्पक्षतापूर्वक सम्पन्न कराया जाता था। साक्ष्यों के आधार पर विवादों के निर्णय को प्रमुखता दी जाती थी दो प्रकार के साक्ष्य होते थे– मानुष साक्ष्य तथा दिव्य साक्ष्य। मानुष साक्ष्य भी तीन वर्गों में विभक्त थी– लिखित साक्ष्य, युक्ति साक्ष्य और साक्षी साक्ष्य। मनु ने लिखित प्रमाणों पर अधिक जोर दिया लेकिन बलपूर्वक लिखाये गये साक्ष्यों को अस्वीकार कर देने का निर्देश दिया है। आँखों देखी साक्ष्य प्रमाण को विश्वसनीय मानते हुए भी इसमें असत्य की शंका को दूर करने के लिये शपथपूर्ण साक्ष्य का विश्वास करना चाहिये। किसी भी प्रकार साक्ष्य में मिथ्या तत्वों या असत्य का पता चलने पर कठोर दण्ड का प्रावधान किया है। न्याय की प्रक्रिया को सम्पन्न करने के लिये दण्ड का प्रावधान भी किया गया है। मनु के अनुसार दण्ड की व्यवस्था अधिक या कम न होकर अपराध के अनुपात में होना चाहिये न्याय प्रदान करने के लिये मनु ने दण्ड व्यवस्था में गतिशोधनात्मक, निरोधात्मक और सुधारात्मक तीनों ही सिद्धान्तों का समन्वय किया है। दण्ड देने के पूर्व अपराध की पूरी पड़ताल कर लेनी चाहिये अन्यथा दोषमुक्त व्यक्तियों को दण्ड मिलने की संभावना बनी रहती है। मनु ने न्याय के लिये दण्ड की जिस संपूर्ण प्रक्रिया को अपनाया है वो मात्र दण्डात्मक न्याय का ही नहीं वरन् सृजनात्मक न्याय का पक्षपोषण करते हुए राज्य को वास्तविक आदर्श राज्य में परिणत करने का सर्वोत्तम साधन बन पता है।

मनु के राजनीतिक चिन्तन में परराष्ट्र सम्बन्ध

मनु का राजनीतिक चिन्तन में परराष्ट्र सम्बन्धों के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है। परराष्ट्र सम्बन्धों के लिये दो प्रमुख सिद्धान्तों को इसमें शामिल किया है–

1. मण्डल सिद्धान्त–

दूसरे राज्यों के साथ सम्बन्धों के आधार पर अपने राज्य का विस्तार मण्डल सिद्धान्त का निहितार्थ है। मण्डल सिद्धान्त का अर्थ है राज्य का प्रभाव क्षेत्र एवं इसका महत्वपूर्ण केन्द्र 'विजिगीषु राजा' (जीतने की इच्छा रखने वाला) होता है। मनु ने मण्डल सिद्धान्त के अंतर्गत राज्य को चार श्रेणियों में विभाजित किया है मध्यम राज्य, शत्रु राज्य, मित्र राज्य, उदासीन राज्य। इसके अतिरिक्त शत्रु मित्र के भेद से मण्डल की 12 अन्य वर्ग भी मिलते हैं। राजा को मण्डल सिद्धांत के माध्यम से ऐसे क्षेत्रों के निर्माण के लिये प्रयत्नशील रहना चाहिये जिससे परराष्ट्र सम्बन्धों में शक्ति संतुलन सदैव उसके पक्ष में बना रहे।

षाड़गुण्य नीति–

मण्डल सिद्धान्त के चार प्रकारों से परराष्ट्र सम्बन्धों की घनिष्ठता बनाये रखने के लिये मनु ने जिस नीति को उल्लिखित किया है उसे षाडगुण्य नीति के नाम से सम्बोधित करते हैं। षाडगुण्य नीति में छः भेद है वे है सन्धि, विग्रह, यान, आसन, हैधी भाव और संश्रय।'[11] इन छः गुणों को राजा को अपने राज्य की स्थिति परिस्थिति तथा हानि–लाभ का विचार कर करना चाहिये।

1. विग्रह– विग्रह का तात्पर्य अपकार से है। इसका आश्रय ऐसी परिस्थिति में करना चाहिये जब अपनी सम्पूर्ण प्रकृतियों मोरी, सुहृद, दण्ड, कोषादि से पूरी तरह सम्पन्न हो।

2. यान– यान से तात्पर्य है शत्रु पर आक्रमण करना मनु ने कहा है यान गुण का आशय राजा को तभी करना चाहिये जब अपनी सेना पूरी तरह स्वस्थ एवं संतुलित हो और शत्रु की सेना इसके विपरीत।

3. आसन– का तात्पर्य है परिस्थिति की प्रतीक्षा में मौन बैठे रहना आसन है। मनु ने आसन ग्रहण करने की परिस्थिति में उल्लिखित किया है जब राजा अपनी सेना एवं वाहन से क्षीण हो जाय तब धीरे–धीरे प्रयत्नपूर्वक शत्रु को शांत करता हुआ आसन गुण को ग्रहण कर ले।'[12]

4. द्वैधीभाव– द्वैधीभाव का अर्थ है किसी पक्ष से विग्रह और किसी मैत्री का होना। राजा को शत्रु के अत्यन्त बलवान होने की स्थिति में अपनी सेना को दो भागों में विभक्त कर देना चाहिये। एक स्थान पर युद्ध करे और दूसरे स्थान पर शान्त रहे तथा अपनी स्थिति को सुधारने एवं सशक्त बनाने के लिए द्वेधीभाव का आश्रय राजा के लिये आवश्यक है। इसके अतिरिक्त राजा को अपनी राज्य की स्थिति को संतुलित एवं शक्तिशाली बनाने के लिये मध्यम राज्यों, उदासीन राज्यों की अधिकता से बचना चाहिये क्योंकि इनकी अधिकता होने से राज्य के

पराधीनता की स्थिति न उत्पन्न होने पाये। परराष्ट्र सम्बन्धों के विषय में मनु राजा के युद्ध कौशल और किन परिस्थितियों में किसी राजा को युद्ध करना चाहिये के सम्बन्ध में मनु का विचार है –राजा साम, दाम और भेद की नीति का एक–एक करके या सम्मिलित रूप से प्रयोग करके अन्य राज्यों को जीतने का प्रयत्न करे, युद्ध द्वारा नहीं, क्योंकि युद्ध से दोनों पक्षों का ही नाश हो जाता है। पर कतिपय परिस्थितियों में युद्ध अनिवार्य होता है अतः जब आवश्यक हो तो निःशंक होकर युद्ध का आश्रय लिया जाना चाहिये।'[13]

इस प्रकार मनु ने राजा को राज्य की परिस्थितिवश युद्ध करने को निर्देशित किया है तथा कहा है आवश्यक होने पर राजा को युद्ध से विमुख नहीं होना चाहिये और पराजित होने की आशंका होने पर अनावश्यक युद्ध में न पड़कर आत्मरक्षा हेतु युद्ध क्षेत्र से हट जाना चाहिय और धीरे–धीरे अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य को बढ़ाकर शत्रु राज्य पर आक्रमण करना चाहिये। मनु ने पराजित राजा की स्थिति पर भी विचार करते हुए लिखा है कि विजेता राजा को पराजित राजा के प्रति सहृदयता का व्यवहार अपनाया जाना चाहिये।

इस प्रकार मनु ने वर्तमान राज्य और राजनीति के समान परराष्ट्र सम्बन्धों की विस्तृत रूपरेखा और कूटनीति का वर्णन किया है। जो वर्तमान राज्यों द्वारा भी अपनाया जाता है। मनु की परराष्ट्र सम्बन्ध एवं षाडगुण्य नीति प्राचीन भारत की राजनीति की दर्पण होते हुए वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय जगत की राजनीतिक नीतियों से किसी प्रकार कम करके नहीं आंका जा सकता।

मनु के प्राचीन भारतीय राजनीतिक चिन्तन की वर्तमान परिस्थितियों में उपादेयता

भारतीय राजनीतिक चिन्तन में मनु के मनुस्मृति को भारत के संदर्भ में राजनीति की आधारशिला को बुनियाद देने का श्रेय मनु को है वर्तमान और तत्कालीन परिस्थितियों का तुलनात्मक अवलोकन करे तो यह ज्ञात होता है वर्तमान राजनीति सिद्धान्त में जिन तत्वों का अध्ययन किया जाता है उसका प्रारूप मनु ने सैकड़ों वर्ष पूर्व प्रतिपादित किये है यद्यपि विश्व राजनीतिक चिन्तन का प्रारम्भ अरस्तू के राजनीतिक चिन्तन से माना जाता है परन्तु उससे पूर्व मनु ने धर्मशास्त्र के अंतर्गत राज्य राजा, परराष्ट्र सम्बन्ध न्यायव्यवस्था एवं दण्डनीति का जो राजनीतिक चिन्तन प्रदान किये तो यह योगदान भारत ही नहीं अपितु विश्व राजनीति की नींव थी परन्तु तत्कालीन परिस्थितियों एवं पश्चिमी जगत के प्रभाव के कारण मनु का यह योग धूमिल पड़ गया था परंतु मनु ने इसे किसी प्रकार कम नहीं होने दिया। मनु ने आदर्श शासक के

आववश्यकता पर बल देकर अराजकता का अन्त करने की बात कही वर्तमान समय आदर्श शासक के उस स्वरूप को पूरी तरह नहीं अपनाया जा सकता परन्तु तत्कालीन आदर्श राजा और राज्य का प्रधान उद्देश्य जनहित था। अतः आज के राज्य का सर्वप्रथम उद्देश्य जनहित ही है। मनु के चिंतन का यदि विशद् एवं गहन अध्ययन किया जाय तो यह दृष्टिगोचर होता है कि मनु ने मनुष्य के मन एवं आचरण सम्बन्धी मनोविज्ञान को समझकर मनुष्य के जीवन के सर्वांगीण विकास के लिये राज्य द्वारा नियम बनाये गये, मनुष्य का सर्वांगीण विकास करना मनु के राज्य का सर्वप्रथम कर्तव्य था जिसकी राजा द्वारा अनदेखा या उल्लंघन किये जाने पर उसके लिये भी दण्ड की व्यवस्था थी। इस प्रकार मनु का राज्य वर्तमान के लोक कल्याणकारी राज्य की भाँति मनुष्य के जीवन के चतुर्मुखी विकास के अवसर प्रदान करने का कार्य करता था। मनु ने सर्वप्रथम यह बताने का प्रयास किया कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और राजनीति द्वारा उसके सामाजिक उद्देश्य की प्राप्ति की जा सकती है। आज भी यह माना जाता है राज्य व्यवस्था समाज व्यवस्था का उपभाग है और राज्य समाज के उन उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्थापित किया गया है। मनु ने वर्तमान राजनीतिक चिन्तन की सम्प्रभुता, राष्ट्रीयता, परराष्ट्र सम्बन्ध, युद्धनीति, प्रशासनिक व्यवस्था, न्याय व्यवस्था, कर व्यवस्था, दूत व्यवस्था आदि राजनीति के सिद्धांतों का वर्णन किया जो आज भी राजनीति के महत्वपूर्ण तत्व है जिनके माध्यम से लोक कल्याणकारी राज्यों के उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं। मनु की राजनीति तो मानव धर्म पर आधारित थी वर्तमान राजनीति का भी यही धर्म है कि वो मनुष्य मात्र के कल्याण के लिये कार्य करे। उनका अंतर्राष्ट्रीयता सम्बन्धी षाडगुण्य का सिद्धान्त आज विश्व संतुलन का उत्कृष्ट सिद्धान्त के रूप में अपनाया जाता है। मनु का भारतीय राजनीति दर्शन में आज के संदर्भ में भी है ही परन्तु यदि तत्कालीन सामाजिक राजनीतिक व्यवस्था का अवलोकन करें जिसमें प्रत्येक पक्ष से आज के समान विकास नहीं था उस स्थिति में मनु ने इतना विकसित राजनीतिक चिन्तन प्रदान किया तो उनका योगदान और महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। इसीलिये भारतीय राजनीकि चिन्तन मनु का सर्वप्रथम हो जाता है। इस संदर्भ में यह कथन महत्वपूर्ण है 'वास्तव में, पुराणों के प्रथम मानव मनु भारतीय राजदर्शन के भी प्रथम एवं प्रमुख प्रकाश स्तंभ थे, जिससे आज भी सामाजिक जीवन और राजनीति के क्षेत्र में प्रेरणा ग्रहण की जा सकती है।'[14]

संदर्भ ग्रंथ सूची

- Kewal Mottwani, Manu Dharmshastra, P. 137.
- B.A. Saletore, Ancient Indian Political Thought and institutions, P. 133.
- मनुस्मृति, श्लोक 296, अध्याय 9।
- शुक्रनीति, श्लोक 85, अध्याय 1।
- मनुस्मृति श्लोक 14, अध्याय 7।
- वही, श्लोक 18, अध्याय 7।
- वही, श्लोक 17, अध्याय 7।
- जैन पुखराज, प्रमुख राजिनीतिक विचारक, साहित्य भवन, आगरा 1990, पृ. 24।
- Kewal Mottwani, Manu Dharmshastra, P. 150.
- Kewal Mottwani, Manu Dharmshastra, P. 145.
- मनुस्मृति, श्लोक 12, अध्याय–8।
- वही, श्लोक 165, अध्याय 7।
- जैन पुखराज, प्रमुख राजनीतिक विचारक, साहित्य भवन, आगरा, 1990, पृ. 34।
- वही, पृ. 38।

* * *

प्रकृति का शोषण

अभिषेक सिंह

इस वर्ष शीतकाल विश्वभर में अभूतपूर्व हिमपात के लिए चर्चित रहा है तो अब गरमी की अतिशयता से हम पीड़ित है। आधुनिकता की दौड़ कहें या फिर उपभोग की बढ़ती भूख की होड़ हम, सामान्य जीवन व्यवहार से दूर होकर प्रकृति का शोषण कर रहे है। यूरोप में तीन शताब्दी पूर्व हुई औद्योगिक क्रांति के बिगड़ते स्वरुप ने हमें स्वाथी बना दिया है, फलतः हम अपने आचरण के दूरगामी परिणामों के प्रति उदासीन होते जा रहे है। अनेक वैज्ञानिकों ने समय–समय पर प्रकृति के इस शोषण की होड़ के दुष्परिणामों की चेतावनी भी दी है, लेकिन शोषकों के आचरण में उससे कोई फर्क नहीं पड़ा। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियरों के पिघलने, आबादी के दबाव में जंगल कटने, अतिवृष्टि या फिर सूखे के फलस्वरुप होने वाली आपदाओं की निरंतर त्रासदी झेलते रहने के बावजूद इनसे मुक्ति मिलने के उपायों की उपेक्षा हो रही है। विश्वभर के शासकों द्वारा समय–समय पर आयोजित सम्मेलनों में अपने को छोड़कर अन्य देशों पर 'आचरण में संयम का दबाव इन सम्मेलनों की असफलता का कारण रहा है। जैसा कि अभी हाल में कोपेनहेगन और बॉन में पर्यावरण संरक्षण सम्मेलन में हो चुका है। विकसित देश अपनी संपदा और आधिपत्य को बढ़ाने के लिए कार्बन उत्सर्जन में कटौती को राजी नहीं है। कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लिए वे विकासशील देशों पर दबाव डालते है। पृथ्वी सम्मेलनों का किसी निष्कर्ष पर पहुँचे बिना ही समाप्त हो जाने का यही कारण है।

रियों में पृथ्वी सम्मेलन में विचारवान लोगों ने यह कहा था कि यदि पृथ्वी को विनाश से बचाना है तो हमें भारतीय जीवन पद्धति का अनुशरण करना होगा। भारतीय जीवन पद्धति क्या है? आसनी से समझने के लिए कहा जा सकता है–प्रकृति से तादात्म यानी उपभोग में संयम। ईशोपनिषद के पहलें श्लोक में ईश्वर द्वारा प्रदत्त साधनों के ज्यापूर्वक भोग की जा बात नहीं कही गई है, वही भारतीय जीवन पद्धति है। प्रकृति का दोहन तो किया जा सकता शोषण नहीं। जिस प्रकार एक गाय के चार स्तनों में से दो या तीन से दूध

दुहा, जाता है और शेष उसके बछड़े के लिए छोड़ दिए जाते हैं, वहीं अंतर दोहन और शोषण में है।

हम भारतीय आजकल शोषण के प्रति अधिक आग्रही होते जा रहे है। इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे है। मैं पिछले 50 वर्षों से उत्तराखंड के विभिन्न इलाकों का प्रवास कर रहा हूँ। पर्वतीय क्षेष प्रारंभ होते ही हमें शीत से बचने के उपाय अपनाने पड़ते थे। प्रत्येक 10–15 किलोमीटर पर प्राकृतिक स्रोत के शीतल जल से अपनी प्यास बुझाते और मोटरगाड़ी की गरमी को उनके शीतल जल से शमन करते हुए हम आगे बढ़ते थे। लेकिन इस बार की याषा में गरम कपड़े बैग में बंद पड़े रहे। जहाँ हम एक से ज्यादा रजाई ओढ़कर सोते थे, वहीं चादर ओढ़ने भर से काम चलता रहा। यही नहीं, प्राकृतिक जलस्रोत के दर्शन नहीं हुए और कल–कंल करती नदियों का स्वरुप किसी नाली के समान हो गया है। इस बार पर्वतीय अंचल में जो धधकती आग देखने को मिली वह अत्यंत भयावह है। हरे–भरे वृक्ष पूरी तरह से सूखने लगे हैं, पशु–पक्षी जलकर मर रहे हैं या फिर जंगल कटने के कारण गांवो में घुस जाने के कारण मारे जा रहे हैं उससे सुदूर पर्वतीय अंचल भी अछूता नहीं है। इसके बहुत से कारण बताए गए है। मैं उनके विस्तार में नही जाना चाहता क्योंकि उसके लिए तर्क भी दिए जाते हैं। हमें भी दिए गए लेकिन उन तर्को में एक समानता देखने को मिली है। अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए दूसरों पर दोषारोपण। जनता का आरोप सरकार और उसकी नीतियों पर और सरकारी अमलों का आरोप जनअहसयोग के रुप में मुखरित होता है। ऐसा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विकसित और विकाशील देशों के बीच हो रहा है। देखा जाए तो इसके लिए दोनों ही अर्थात हम सभी जिम्मेदार हैं।

इस जिम्मेदारी को समझने के लिए मैदानी इलाकों के गांवो के स्वरुप का अवलोकन करना भर काफी होगा। मैं अपने ही गांव का उदाहरण दे सकता हूँ। मेरे गांव के आस–पास दो दर्जन से अधिक बाग थे, ढाक का वन था और 15–16 तालाब थे। अब केवल एक बाग है। वर्तमान पीढ़ी यह जानती ही नहीं कि कभी यहां ढाक के वन हुआ करते थे। तालाब के नाम पर केवल एक बचा है। यह स्थिति तब है जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को कई वर्ष पूर्व यह निर्देश जारी किया था कि सभी तालाबों को पुनः अस्तित्व में लाया जाए। और यदि उन पर भवन बन जाए हैं तो उन्हें ध्वस्त कर दिया जाए। हमारे संज्ञान में एक भी ऐसी घटना नहीं आई हैं जहाँ तालाब को पुनः अस्तित्व में लाने के लिए भवनों का ध्वस्त किया गया हो। हाँ, ऐसे सैकड़ो

उदाहरण पेश किए जा सकते हैं जो तालाबों को पाटकर भवन बनाने के लिए बिल्डरों को दिए गए हैं। यह सिलसिला अभी भी जारी है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और राष्ट्रीय राजधनी क्षेष नोएडा में तो हजारों वृक्ष काटकर नदियों को पाटकर कंकरीट के जंगल खड़े किए जा रहे है। इस दुरुह स्थिति से निपटने के लिए हम जिसे प्राकृतिक आपदा या प्रकोप कहते हैं वह हमारे आचरण की देन है। इसका समाधान भी हमारे आचरण में ही निहित है।

हमारे समाज के धर्मगुरुओं ने अभियान शुरु किया है। इसमें सभी धर्मों के लोग शामिल है। इस्लामी संस्थाओं विशेषकर दारुल–ऊलूम देवबंद ने तो धरती, गाय और गंगा की संरक्षा के लिए फतवे भी जारी किए हैं। श्री श्री रविशंकर अपने सहयोगियों के साथ दिल्ली में यमुना की सफाई के लिए उतर चुके हैं। लेकिन नदियों की सफाई के लिए जगह–जगह किए जा रहे प्रदर्शन कार्य अथवा एक पूत दमदार, दस पेड़ फलदार जैसे नारे उछालने के बावजूद हमारी चेतना जागृत नहीं हो रही है। क्यों? इसका मूल कारण है। सम्यक सोच का अभाव और अपने कर्तव्यपालन के बजाय दूसरों पर दोषारोपण। आज स्थित भयावह है। वैज्ञानिकों की चेतनावनी का हम पर असर नहीं हो रहा है। जैसे हम पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्रस्ताव की शब्दावली तक पर सहमत नहीं हो पाते, वैसे ही गंगा बचाओ अभियान में केन्द और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय भागीदारी पर असहमति के कारण प्रगति नहीं हो रही है। सामाजिक संगठनों की पहल एक दो आयोजनों तक सीमित रह जाती है। क्योंकि दायित्व का निर्वहन करने के लिए जिसे 'धन की दरकार है वह मुहैया नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ा कारण है हमारी सोच में विनाश के चिंतन का अभाव।

भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति पर्यावरण और प्रकृति के अनुकूल थीं। उससे विमुख करने के बहुविध उपायों को विकास का लक्ष्य मान लिया गया है। हम आज स्वयं आचरण नहीं करना चाहते। हम जिसे प्राकृतिक आपदा या प्रकोप कहते हैं वह स्वयं हमारे आचारण की देन है। इसका समाधान भी हमारे आचरण में ही निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि उपभोग के अधिकार के बजाय कर्तव्य पालन के बोध का संज्ञान बढ़ाया जाए। भोगवाद की पाश्चात्य सोच के बढ़ते अतिरेक के दुष्परिणामों को देखते हुए प्रकृति के साथ तादात्म के अपने कर्तव्य का पालन किया जाए। आज आवश्यकता है। गांव बचाओ अभियान की जबकि हम शहर बढ़ाओ होड़ में लगे हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- S.C. Naik, Society and environment- Ford Publishing House New Delhi, 2012
- डॉ0 मंजू सिंह, पर्यावरण अध्ययन–डिस्कबरी पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली 2005
- राजेन्द्र कुमार जुमनानी, पर्यावरण संस्करण विधि एवं न्यायिक संक्रियता–क्लाशिकल पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली 2002
- डी.डी. ओझा, पर्यावरणीय अवबोध– साइन्टिफिके पब्लिशिर्स, जोधपुर, 2008

* * *

रसखान की प्रेम और भक्ति विषयक दृष्टि

रूबी यादव

रसखान के भाव–सौन्दर्य का उत्स संस्कृति, दर्शन अथवा अध्यात्म नहीं, कृष्ण प्रेम है। उनका प्रेम चिदाकाश तक व्याप्त प्राणोन्मुख अंतः सौन्दर्य जैसा प्रतीत होता है। यह प्रेम इन्द्रियों की आंतरिक अनुभूति पर आधारित है। रसखान मध्ययुगीन कवि हैं। उनकी गहन प्रेमानुभूति ही भक्ति के मूल में है। भक्ति के शास्त्रीय पक्ष से वे दूर है। वे प्रतीक्षातुर प्रेमी हैं। प्रेम ही उनकी काव्य–यात्रा का मूलमंत्र है। प्रिय के आगमन की उत्सुकता, प्रतीक्षा, मिलन–विछोह, सम्मोह–विमोह अदि अन्यान्य भाव रश्मियों से अलंकृत है रसखान की कविता, रसखान का काव्य–कर्म सायास नहीं। काव्य उनकी प्रेमानुभूति का भावोन्माद–भावावेश का साधन मात्र है। उनकी प्रेमाभिव्यक्ति सहज और निर्मल है। वस्तुतः उनका प्रेम निर्बाध, उदात्त और अनिर्वचनीय है। वह चित्त का संस्कार करने वाला, प्रेमी मन के अहम् का विसर्जन करने वाला, स्त्री–पुरूष के प्रणयाभियक्तियों का उदात्तीकृत रूप है जिसे सातिवक प्रेम की संज्ञा दी जा सकती है। वस्तुतः सगुण, साकार (ब्रह्म) आलम्बन के प्रति ही पार्थिव आश्रय का रति भाव सम्भव है, निराकार के प्रति नहीं। यही कारण है सूफी सन्तों और सगुण भक्त कवियों ने अपार्थिव, निर्गुण, निराकार ब्रह्म को सगुण, साकार मानकर ही उसके प्रति निवेदन किया है और वास्तव में यह विशुद्ध प्रेम ही भक्ति है। यह परमात्मा के प्रति आत्मा का रति भाव है। अतः पार्थिव जैसा प्रतीत होते हुए अपार्थिव है।

रसखान इसी अपार्थिव प्रेम के सफल चितेरे कवि हैं। उनके राधा–कृष्ण (आत्मा–परमात्मा) के आलम्बन हैं। 'प्रेम वाटिका' के माली और मालिन हैं।

"प्रेम–अयनि श्री राधिका, प्रेम बरन नंदनंद
प्रेम–बाटिका के दोऊ, माली मालिन द्वन्द्व"।

(रसखान रचनावली पृ. 87)

प्रेम ही वह परमतत्व है जिसकी अनुभूति पर अन्य सारे अनुभव निःशेष हो जाते हैं और जिसके परिज्ञान पर कुछ भी जानना शेष नहीं रह जाता अर्थात् प्रेम अनुभूति और बोध की चरम परिणति है। लोक में प्रेम ही प्रभु है।

प्रेम आगम, अनुपम, अमित और जलद–गम्भीर है। वेद, पुराण आदि से श्रेष्ठ है क्योंकि प्रेम विहीन कर्म और ज्ञान निस्सर और थोथे हैं। रसखान सन्त कवियों की भांति अपने प्रेम प्रभु को विरोधमूलक उक्तियों से रेखांकित करते हैं।

"प्रेम हरि को रूप हैं, त्यों हरि प्रेम सरूप
एक होई द्वै यों लसै, ज्यों सूरज अरु धूप।"

(रसखान रचनावली पृ. 89)

रसखान प्रेम को सांसारिक आकर्षणों से मुक्त मानते हैं। अपार्थिव प्रेम, गुण, यौवन, रूप, धन, ऐश्वर्य आदि के प्रति निष्काम होता है। प्रेम भगवान की भांति सर्वव्यापक तत्व है। इसीलिए इस संसार में अन्य सभी वस्तुओं को देखा जा सकता है। उनका वर्णन किया जा सकता है और प्रेम तथा भगवान ये दो तत्व ऐसे हैं जिन्हें न तो देखा जो सकता है। प्रेम ऐसा ज्ञान है जिसे प्राप्त कर लेने के पश्चात् अन्य किसी ज्ञान को प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं रह जाती।

"बिनु गुन जीवन रूप धन, बिनु सवारथ हित जानि
शुद्ध कामना तें रहित, प्रेम सकल–रसखानि"।

(रसखान रचनावली पृ. 88)

रसखान प्रेम में द्वैत नहीं मानते। द्वैत–भाव के साथ सच्चा प्रेम नहीं हो सकता। ईश्वर और प्रेम, कृष्ण और राधा, परमात्मा और आत्मा में द्वैत की स्थिति असंकल्पित है। इसीलिए प्रेम परम मुक्ति है। प्रेम स्वयं ही अंकुर है, स्वयं ही भूमि, स्वयं ही सिंचन, प्रस्फुटन तथा फल है। सृष्टि के सृजन का मूल कारण है, कार्य है, कर्ता, कर्म और क्रिया स्वयं ही प्रेम है, अलौकिक रूप प्रभुरूप है, इसीलिए उसकी स्थिति वैविध्यपूर्ण, अलौकिक, अनिर्वचनीय है। रसखान ऐसे ही प्रेम–प्रभु के रसिक और भक्त हैं। इस प्रेम की फांस बड़ी विदग्धकारी है। इस शूल से जो बिंध मरा है वही सच्चे अर्थों में जीवित हो उठा।

"प्रेम प्रेम सब कोउ कहै,
कठिन प्रेम की फांस।
प्रेम फांस में फंसि मरै,
सोई जिए सदाहि।"

(रसखान रचनावली पृ0 87)

यद्यपि रसखान बल्लभ सम्प्रदाय में दीक्षित और आचार्य बिट्ठलनाथ के शिष्य थे तथापि उनकी भक्ति को किसी सम्प्रदाय विशेष से जोड़ना अथवा भक्ति की किसी विशिष्ट शास्त्रीय पद्धति का अनुगामी मानना उचित नहीं क्योंकि रसखान मूलत–प्रेम के कवि हैं। प्रेम ही उनकी कविताओं का मूल है। प्रेम ही उनके इस लोक और परलोक का लक्ष्य है। वैष्णव भक्ति में नवधा भक्ति के नौ सोपान हैं– श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पद–सेवा, अर्चना, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन। हिन्दी के महाकवि सूर ने भक्ति में माधुर्य भाव का समावेश कर हिन्दी कवियों का मार्ग प्रशस्त किया। रसखान इसी माधुर्य भाव के तीन प्रमुख अंग है। रूपवर्णन, विरह–वर्णन और पूर्णतया आत्मसमर्पण रसखान काव्य में ये तीनों अंग पाये जाते हैं।

"नैननि बंस विसाल के बाननि झेलि सकै अस कौन नबेलि,
लोलत हैं हिय तीछन कोर सुमार गिरी तिय कोटिक हेली।
छोड़ै नहीं छिनहूं रसखानि सु लागी फिरै द्रुम सी जनु बेली,
रोरि परि छवि को ब्रजमण्डल कुण्डल गंड ने कुंतल केली।।"

(रसखान रचनावली पृ. 40)

माधुर्य भक्ति का दूसरा अंग है विरह–वर्णन। रसखान ने इस अंग का भी काफी विस्तार से वर्णन किया है। सारे बागों में फूल खिल गये हैं। बसंत के आगमन के कारण भौंरें उन पर गूँजन कर रहे हैं। कोयल की कू–कू सुनकर सबके प्रिय विदेश से वापस लौट चले हैं। लेकिन कृष्ण इतने कठोर हैं कि वे इस मादक ऋतु की तनिक भी चिन्ता नहीं करते। जब कोयल बोलती है तो कृष्ण की प्रियतमा के हृदय में वह बरछी के समान लगती है।

"फूलत फूल सबै वन बागन, बोलत भौंर बसंत के आवत,
कोयल की किलकार सुनै, सब कंत विदेसन तें बस आवत।
ऐसे कठोर महा रसखान जु, नेकहू मोरी ये पार न पावत,
हूक सी सालत है हिय में, जब बैरिन कोयल कूक सुनावत।।

(रसखान रचनावली पृ. 234)

समग्रतः कहा जा सकता है कि रसखान काव्य में विरह–वर्णन सहज स्वाभाविक और मार्मिक है। यदा–कदा अतिशयोक्तिपूर्ण कथन भी है। वस्तुतः युग–युग से प्रियतम प्रभु से बिछुड़ी प्रीति–दग्ध प्रणयानुकूल आत्मा–रूप विरहिणी की व्यथा–कथा है। यह व्यथा उनके पदों में हृदय के सम्पूर्ण आवेग

से उच्छलित है। कवि अपने आराध्य का जन्म–जन्म से दास है। यही कारण है कि कवि की रूपासक्ति, प्रेमासक्ति और तज्जन्य विरह की चरम परिणति उसके आत्मसमर्पण में होती है। प्रभु अनन्य हैं और कवि उनका अनन्य भक्त। उसका सारा जीवन जन्म जन्मांतर का जीवन कृष्णमय हो गया है। भक्त को किसी भी रूप या योनि में उसे आराध्य का सहवास, साहचर्य मिले यही उसकी मनोकामना है और यही प्रेम है और यही भक्ति है।

"मानुष हों तो वही रसखानि, वसौं ब्रज गोकुल गांव के ग्वारन,
जो पसु हौं तो कह बसु मेरो, चरो नित नन्द की धेनु मंझारन,
पाहन हौं तो वही गिरी को, जो धर्‌यौ कर छत्र पुरंदर धारन,
जो खग हौं तो बसेरो करौ मिलि, कालिन्दी–कूल–कदम्ब की डारिन।।"

(रसखान रचनावली पृ. 44)

अपने अनन्य भक्ति–भाव के कारण ही रसखान कृष्ण संरक्षण में स्वयं को पूर्ण निरापद अथवा तुलसी की शब्दावली में परम विश्राम की स्थिति में पाते हैं। माधुर्य भक्ति का तीसरा प्रमुख अंग है पूर्णतया आत्मसमर्पण। जब तक भक्त स्वयं को अपने आराध्य के प्रति पूर्णतया समर्पित नहीं कर देगा, तब तक उसका उसके प्रति प्रेम और विश्वास अधूरा ही रहेगा। रसखान को अपने आराध्य पर पूर्ण विश्वास है। उसके संरक्षण में ये सब प्रकार के दुःखों से तथा कष्टों से स्वयं को सुरक्षित समझते हैं। अपने आराध्य के प्रति इनका इतना घनिष्ठ स्नेह है कि ये युगान्त तक उसका सानिध्य प्राप्त करना चाहते हैं। उस आराध्य के समक्ष दुनिया का सारा वैभव तुच्छ और निस्सार है। कोई व्यक्ति चाहे जितना वैभव संचित कर ले, यदि उसकी कृष्ण में भक्ति नहीं है तो उसके संचित वैभव का कोई मूल्य नहीं, क्योंकि कृष्ण की भक्ति ही सर्वोच्च और सत्य वैभव है।

"संपत्ति सौ सकुचाइ कुबेरहिं रूप, सौं दीनी चिनौती अनंगहि,
भोग कै कै ललचाइ पुरन्दर, जोग कै गंग लई घर मंगहि,
ऐसे भए तौ कहा रसखानि रसै, रसना जौ जु मुक्ति–तरंगहि,
पै चित ताके न रंग रच्यौ जु रह्‌यौ, रचि राधिका रानी के रंगहि।।"

(रसखान रचनावली पृ. 104)

रसखान के मन में अपने आराध्य के प्रति पूर्ण आत्मसमर्पण, विश्वास एवं अनुराग है किन्तु अन्य कृष्ण भक्तों की भांति इनका हृदय संकीर्ण नहीं है। सूरदास कृष्ण को छोड़कर अन्य देव की उपासना इसी प्रकार हास्यास्पद

समझते हैं जिस प्रकार कामधेनु को छोड़कर छेरी का दूध निकालना पर रसखान में यह संकीर्णता नहीं है

इस प्रकार हम देखते हैं कि यद्यपि रसखान बल्लभाचार्य की परम्परा में आते हैं, पर ये इस परम्परा के भक्तों की भांति नियमों का कठोर पालन करके नहीं चले हैं। नियमों की अपेक्षा इनकी भक्ति पद्धति भावों पर अधिक आधृत है यही कारण है कि इनके मन में जितनी कृष्ण के प्रति आस्था है, उतनी ही अन्य देवताओं के प्रति विशेषतः गंगा और शिव के प्रति। उदार मन की यह उदारता रसखान के अतिरिक्त न तो अन्य कृष्ण भक्तों मे मिलती है और न ही स्वच्छन्दतावादी कवियों में। कृष्णभक्तों के समान इन्होंने 'गीतिकाव्य' का आश्रय न लेकर कवित्त सवैयों में अपने सच्चे प्रेम की व्यंजना की है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

- विद्यानिवास मिश्र, रसखान रचनावली, संपादक वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, दरियागंज, संस्करण, 1998, पृ0 सं0– 21, 24
- वही, पृ0 सं0– 83
- वही, पृ0 सं0– 89
- डॉ0 देशराज सिंह भारी, रसखान ग्रंथावली, नमन प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण– 2004, पृ0 सं0–40
- वही, पृ0 सं0– 40
- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण–2002, पृ0 सं0– 129

* * *

लोककवि के रूप में त्रिलोचन

रेनू चौरसिया

सुल्तानपुर जनपद में जन्में कवि त्रिलोचन प्रगतिशील काव्य–धारा के प्रतिनिधि कवियों में से एक हैं। इनके विषय में जितना कहा जाय शायद कम ही होगा क्योंकि त्रिलोचन का काव्य–जगत अत्यन्त व्यापक है, जो सहज एवं स्वाभाविक अनुभवों से युक्त है। यह वही त्रिलोचन हैं जिन्होंने अपनी सादगी एवं सहजता से लोगों के हृदय में अपना एक अनोखा स्थान बनाया है, जिसके माध्यम से आज वह लोगों के द्वारा लोककवि त्रिलोचन के नाम से प्रख्यात हैं।

लोककवि त्रिलोचन का जीवन अत्यन्त संघर्षपूर्ण था किन्तु उन्होंने अपने जीवन में अनेक संघर्ष होने के बाद भी कभी भी अपने जीवन में निराशा के क्षण को आने नहीं दिया। वह सदैव ही आशवादिता की ओर उन्मुख रहें, इसके साथ ही उन्होंने अपने जीवन में आने वाले सुख एवं दुःख के क्षणों को बड़े प्रेम एवं धैर्य के साथ स्वीकार भी किया है क्योंकि दुःख एवं सुख दोनों ही इस मनुष्य जीवन के नवीन तरंग हैं, यथा–

''दो दिन दुख का,
दो दिन सुख का
दुख–सुख दोनों संगी जग में
कभी हास है
कभी अश्रु है
जीवन नवल तरंगी जग मेंकृ''[1]

कवि त्रिलोचन के काव्य का मूल केन्द्र लोक ही है, जिसके कारण वह स्वयं को उन भारतीय ग्रामीण किसानों से जोड़ते हुए अपनी लेखनी की शुरूआत ग्रामीण संस्कृति से करते हैं। अपनी कविताओं में उन्होंने ग्रामीण परिवेश का, गाँव की संध्या एवं सुबह का अर्थात् प्राकृतिक सौन्दर्य का साथ ही वहाँ के खेत–खलिहानों से जुड़े उन भारतीय किसान वर्गों का जो भाव–चित्र

अपने पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया है, वह सचमुच अद्वितीय है। त्रिलोचन ने अपनी कविताओं में उन किसान वर्ग का परिचय दिया है जिसका अन्तर्मन निच्छल संवेदनाओं से युक्त है, वह किसान वर्ग केवल अपने खेतों को ही नहीं सींचता वरन् सम्पूर्ण जन–जीवन को अपना तन–मन लगाकर हरा–भरा बनाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है। वह किसान वर्ग ही है जो स्वयं तृषित एवं फटेहाल हैं किन्तु फिर भी उसकी आँखों में दूसरों के लिए निरन्तर खुशियों का स्वप्न ही भरा होता है। यथा–

''वे सींच रहे जग–जीवन,
जन–हित में उनका तन–मन
वे फिर भी निर्बल, निर्धन
विश्वास न उनको अपना
वे अपनेपन से उन्मन।''

इस प्रकार कवि त्रिलोचन ने यहाँ किसानों की कर्मशीलता को दर्शाया है, जो उपेक्षित, विपन्न एवं आँचलिकता से ओत–प्रोत हैं। उसके जीवन में अपने ही सुख–दुख हैं, जिससे उसका जीवन गुजर रहा है किन्तु फिर भी वह किसान वर्ग अपने जीवन में आगे बढ़ने को अग्रसर रहता है। इसी प्रकार कवि त्रिलोचन ने अपनी अन्य कविता में उन ग्रामीण समुदाय का प्राकृतिक ऋतुओं का भरपूर आनन्द लेते हुए दर्शाया है, जिसमें वह शीत ऋतु का आनन्द लेता है। यथा–

''बैठ धूप में हरी मटर घुँघनी खाना,
जाड़े का आनन्द यही है रस गन्ने का
ताजा–ताजा पीना, कोल्हाड़ों में जाना,
इन उन बातों से मन बहलाना, बनने का
भाव न मन में आने देना, आवाजाही
का ताँता, रस का कड़ाह में पकना, झोंका
जाना गुलौर का, आलू लेकर मनचाही
संख्या में पकने के लिये पहुँचाना।''[2]

यहाँ कवि कहते हैं कि जाड़े में मटर की घुघनी और कोल्हाड़ में गन्ने का रस पीने का आनन्द उन लोगों को क्या मालूम होगा जो कॉफी हाउसों में बैठकर शीत युद्ध की योजना बनाते हैं। जाड़े की धूप का आनन्द और आवाजाही का आनन्द वातानुकूलित कमरों और होटलों में बैठकर नहीं मिल

सकता। इस प्रकार अपनी आस–पास की धरती से त्रिलोचन ने जो घनिष्ठ और जीवनदायी सम्बन्ध बनाया है, उससे उनकी कविताओं की लीलास्थली अत्यन्त रोचक एवं विशाल हुआ है।

कवि त्रिलोचन का किसान ह्रदय केवल किसानो ंके दुख–सुख को ही नहीं पहचानता वरन् वह आधुनिकता की देन पूँजीवादी व्यवस्था से ग्रस्त उन नौकरी पेशा मानवों की धड़कनों से भी भली–भाँति परिचित हैं, जो अपनी ही विवशता के कारण अपने परिवार एवं बच्चे आदि को भुला देता है। वह उन मनुष्यों की संवेदनाओं से भली–भाँति परिचित है कि वह शहर से अपने गाँव वापस क्यों नहीं लौटना चाहता? वह शहर से गाँव तब वापस आयेगा, जब वह गाँव में कुछ बना सकने लायक हो जायेगा। वह नौकरी पेशा मनुष्य मानसिक यातना को सहता हुआ इतना विवश एवं लाचार है कि वह अपनी ही पत्नी एवं बच्चों की अनिवार्य जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पाता है साथ ही दूसरी ओर उसे अपनी नौकरी का भी ठिकाना नहीं कि वह कब तक रहेगी। इस दृष्टी से लिखी गयी उनकी कविता 'आरर डार' को उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है–

''सचमुच, इधर तुम्हारी याद तो नहीं आई,
झूठ क्या कहूँ। पूरे दिन मशीन पर खटना,
बासे पर आकर पड़ जाना और कमाई
का हिसाब जोड़ना, बराबर चित्त उचटना।
इस–उस पर मन दौड़ाना। फिर उठकर रोटी
करना। कभी नमक से कभी साग से खाना।
आरर डार नौकरी है। यह बिल्कुल खोटी
है। इसका कुछ ठीक नहीं है आना–जाना।
.....
धीरज धरो, आज कल करते तब आऊँगा,
जब देखूँगा अपने पुर कुछ कर पाऊँगा।''[3]

'नगई महरा' शीर्षक कविता की रचना कवि त्रिलोचन ने आम जन–जीवन से स्वयं को जोड़ते हुए किया। इनकी यह 'नगई महरा' कविता सीधे–सादे कथात्मक काव्य–शिल्प को लिए हुए हैं, जिसमें इन्होंने एक चरित्र 'नगई महरा' के बहाने ग्राम्य जीवन को उसके सम्पूर्ण परिवेश से जोड़कर उसकी मानसिक

बनावट और उसकी जड़ नैतिकता के साथ प्रस्तुत करते हैं। इस कविता में कवि ने निम्न जाति का कोई भेद न रखकर आपसी प्रेम सम्बन्धों को महत्ता दी है, जो लोगों को एक–दूसरे से जोड़ती है, यथा–

''आदमी बात से व्यवहार से
पहचाना जाता है
समझ ही
आदमी को आदमी से जोड़ती है।''[4]

इसी जुड़ने की प्रक्रिया में कवि की सामाजिक चेतना प्रबल हो उठती है। कवि त्रिलोचन ने अन्य प्रगतिशील कवियों की अपेक्षा शोषित जन, राष्ट्र के स्वार्थ व पूँजीपतियों की चालों पर अपना आक्रोश अपेक्षाकृत कम लिखा है, क्योंकि त्रिलोचन व्यंग्य एवं आक्रोश के कवि नहीं हैं अपितु त्रिलोचन बेहद सादगी एवं धैर्य के साथ स्वयं को शोषित–उत्पीड़ित किसान मजदूर जीवन से जोड़कर देखने वाले कवि हैं, वह कहते हैं–

''जिस समाज का तू सपना है
जिस समाज का तू अपना है
मैं भी उस समाज का जन हूँ
उस समाज के साथ–साथ ही
मुझको भी उत्साह मिला है
ओ तू नियति बदलने वाला
.....
उन मजदूर किसानों का दल–
शक्ति दिखाने आज चला है।''[5]

इसी प्रकार उन्होंने उन ग्रामीण मनुष्यों की मानसिकता एवं समाज में हो रहे निरन्तर परिवर्तन के फलस्वरूप पूँजीपतियों की चालों से अनजान है, जिसे कवि ने भोरई केवर के घर' शीर्षक कविता से परिचित कराया है–

''इस अकारण पीड़ा का भोरई उपचार कौन–सा करता
वह तो इसे पूर्वजन्म का प्रसाद कहता था,
राष्ट्रों के स्वार्थ और कूटनीति,

पूँजीपतियों की चालें
वह समझे तो कैसे!
अनपढ़ देहाती रेल–तार से बहुत दूर
हियाई का बाशिन्दा
वह भोरई।''[6]

अपनी कविता 'चंपा काले–काले अच्छर नहीं चीन्हती' के माध्यम से कवि सपाटबयानी ग्रामीण अंचल की भाषाा में काव्य नायिका चंपा के सौन्दर्य, चंचलता एवं नटखटपन जैसे गुणों को अभिव्यक्त करते हुए एक ओर कवि मन को तो हर्ष एवं उल्लास से भरते ही हैं किन्तु दूसरी ओर अपने मन में उस अशिक्षित ग्रामीण जन–समुदाय के भविष्य को लेकर विषाद एवं कसक के भाव भी जागष्त करते हैं–

''चम्पा काले–काले अच्छर नहीं चीन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है
खड़ी–खड़ी चुपचाप सुना करती है
उसे बड़ा अचरज होता हैः
इन काले चिन्हों से कैसे ये सब स्वर
निकला करते हैं..... ।''[7]

इस प्रकार कवि शिक्षा व्यवस्था के बढ़ते अन्तर्विरोधों को उजागर करते हुए पाठकों को उस कटू सत्य से परिचित कराते हैं, जहाँ आर्थिक विपन्नता, एवं मजबुरियों के कारण घर टूटते हैं। अपनी कविता 'आदमी की गन्ध' के द्वारा कवि समाज में हो रहे परिवर्तन के फलस्वरूप ग्रामीण परिवेश एवं शहरी परिवेश के माध्यम से स्वयं की पहचान को खोते उन मनुष्यों की ओर संकेत करते हैं, जो गाँव में एक–दूसरे की मदद करने के बहाने तलाश करता रहता किन्तु शहर की चका चौंध एवं स्वार्थ प्रवृत्ति के वशीभूत होकर वही आदमी अपनी ही पुरानी पहचान से कतराता है। उस समय आदमी को आदमी की ही गन्ध बुरी लगने लगती है। कवि इस कविता के अन्त में इसी बात को विस्तार देना चाहता है कि क्या अभी तक समाज में निवास कर रहे मनुष्य का इतना ही विकास को पाया है? यथा–

''शहरों में आदमी को आदमी नहीं चीन्हता। पुरानी पहचान
भी बासी होकर बस्साती है। आदमी को आदमी की

गन्ध बुरी लगती है। इतना ही विकास, मनुष्यता का,
अब हुआ है।''[8]

लोककवि त्रिलोचन ने मजदूरों, किसानों एवं आदिम समाज से लेकर वर्तमान समाज तक के विकास का गहन अध्ययन किया है, उनका विचार है कि समाज का विकास इन्हीं निम्न वर्ग के मजदूरों, किसानों और मेहनतकश लोगों के द्वारा ही हो सकेगा। कवि त्रिलोचन का इनके प्रति रागात्मक लगाव है, वह ग्रामीण जन–जीवन एवं प्राकृतिक परिवेश को अपने जीवन का महत्वपूर्ण अंग मानते हैं। इसी कारण उन्होंने गाँव के खेत–खलिहान, ऋतुएँ, नदी,बादल, पेड़–पौधे, धूप, वर्षा आदि को अपनी कविता का विषय बनाया है। भौतिक जीवन के सत्य से जुड़ा कवि प्रकृति के भीतर ही अनदेखे और उपेक्षित मूल्यों की ओर दृष्टि डालता हुआ कहता है–

''फूल मुझे भाए बबूल के तूली जैसे
शशि–शशि हँसते मानों आनन्द मानते।''[9]

अर्थात् बबूल तो बबूल जैसा ही जन्म लेगा किन्तु मानव को तो उस ईश्वर ने बबूल नहीं बनाया, उसने तो उसे मानव जन्म दिया है फिर वह मनुष्य अपनी मानवीयता को क्यों खो रहा है? उसे किस वस्तु की लालसा घेरे हुए है? वह बबूल जैसी उपेक्षित जिन्दगी जीने के लिए विषम व्यवस्था के बीच नतमस्तक क्यों होता जा रहा है? किन्तु फिर भी कवि त्रिलोचन कहते हैं कि चाहे इस प्रकषति में मौजूद बबूल, नीम अथवा कटहल जो भी हो वह अपने सौन्दर्य से वंचित नहीं है। सौन्दर्य उनमें भी रचे–बसे हैं। इस प्रकार प्रकषति और श्रमजीवी जनता के सौन्दर्य–मूल्य, एक दूसरे में घुले–मिले हुए हैं।

कवि त्रिलोचन का आंतरिक मन प्रकषति की ताज़गी, उन्मुक्तता एवं सरलता से युक्त है। उन्होंने ग्रामीण किसान जीवन के हर्ष–विषाद से रंगी गाँव के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन अपनी अनेक कविताओं के द्वारा किया, यथा– 'हरियाली के माथे पर बिन्दी', 'चाँदनी चमकती है गंगा बहती है', 'झाँय–झाँय करती दुपहरिया', 'धूप सुन्दर', 'फूल मुझे भाए बबूल के', 'कोयलिया न बोली', 'संध्या मेघों के कितने चित्र बनाए' आदि। इनकी यह सभी कविताएँ ग्राम प्रकृति और कृषि संस्कृति को उजागर करती हैं। 'गेंहूँ जौ के ऊपर सरसों की रंगीनी' शीर्षक कविता में कवि खेतों में लहलहाते हुए गेंहूँ, जौ, सरसो एवं मटर का सौन्दर्य चित्रण इस प्रकार करते हैं, यथा–

''गेंहूँ जौ के ऊपर सरसों की रंगीनी
छाई है, पछुआ आ–आकर इसे झुलाती

है तेल से बसी लहरें कुछ भीनी–भीनी
नाक में समा जाती हैं, सप्रेम बुलाती
है मानो यह झुक–झुककर। समीप ही लेटी
मटर खिलखिलाती है, फूलभरा आँचल हैं,
लगी किचोई है, अब भी छीमी की पेटी
नहीं भरी है, बात हवा से करती, बल है
कहीं नही उसके उभार में। यह खेती की
शोभा है।.....''[10]

साथ ही प्राकृतिक छटा से जुड़कर शरद ऋतु की चाँदनी रात का एवं गंगा के मनमोहक सौन्दर्य को कवि त्रिलोचन अपनी कविता ''चाँदनी चमकती है गंगा बहती जाती है'' में दर्शाते हैं।

इस प्रकार कवि त्रिलोचन ग्राम प्राकृतिक सौन्दर्य के कवि हैं, जिन्होंने ग्राम प्रकृति के प्रति अपने सहज प्रेम के द्वारा पाठकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कवि त्रिचोलन अवध के किसान कवि हैं। उन्होंने अपने जीवन के अनेक संघर्षों को अपनी सहजता से झेला है। उन्होंने जीवन के विविध पक्षों को समझा है। वह कभी भी सामाजिक व्यवस्था द्वारा फेंके गये टुकड़ों को स्वीकार नहीं कर सकते और यदि इस बीच कभी–भी उनकी संघर्ष शक्ति में थोड़ी भी शिथिलता नजर आती है तो वह स्वयं उनके बीच खड़े होकर उन्हें पुकार उठते हैं–

''दीवारें दीवारें दीवारें दीवारें
चारों ओर खड़ी हैं। तुम चुपचाप खड़े हो
हाथ धरे छाती पर, मानो वहीं गड़ हो।
मुक्ति चाहते हो तो आओ धक्के मारें
और ढ़हा दें। उद्यम करते कभी न हारें
ऐसे–वैसे आघातों से। स्तब्ध पड़े हो
किस दुविधा में। हिचक छोड़ दो। जरा कड़े हो।''[11]

अपने 'दिगन्त' काव्य–संग्रह में निहित कविता 'ध्वनिग्राहक' जो प्रतीकात्मक कविता है, के माध्यम से कवि समाज की नैतिकता को प्रस्तुत करते हैं। कवि का विचार है कि समय के साथ ही समाज में कुछ नये विचार आते

रहते हैं। हमें उस समाज में उठने वाले हर नवीन विचार को ग्रहण कर उस पर विचार करना चाहिए कि वह सही है अथवा गलत। समाज में अनेक द्वन्द्व हैं किन्तु इन द्वन्द्वों को यथार्थ की चमक से साफ करते हुए हमें सदैव नई आशा एवं अभिलाषा के साथ कार्यरत रहना चाहिए, यथा–

''लड़ता हुआ समाज, नई आशा अभिलाषा,
नए चित्र के साथ नई देता हूँ भाषा।''[12]

कवि स्वार्थ से युक्त इस समाज को देखकर यह कहता है कि इस संसार में हर जीव अकेला है, उसके जो भी संबंध एक–दूसरे के साथ है उसका आधार प्रेम नहीं अपितु स्वार्थ है। व्यक्ति का जीवन दुःखों का जंजाल है, जिससे छुटकारा पाने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है। जिसे कवि 'परिचय की गाँठ' शीर्षक कविता के द्वारा प्रकट करते हैं, यथा–

''जड़ता है जीवन की पीड़ा
निस्तरंग पाषाणी क्रीड़ा
तुमने अनजाने वह पीड़ा
छवि के शर से दूर भगा दी।''[13]

यह देखा जा सकता है कि त्रिलोचन सादगी के कवि हैं, जिन्होंने कभी भी जीवन के यथार्थ से मुख नहीं मोड़ा और ना ही दूसरों को सच्चाई से आँखे चुराने को कहा। जिसे त्रिलोचन अपनी कविता 'मैं–तुम' के माध्यम से पाठकों के समक्ष उजागर भी करते हैं।

लोक संस्कृति से जुड़े रहने वाले धरती पुत्र त्रिलोचन ने आम–जनमानस द्वारा प्रयुक्त भाषा को काव्यात्मक रूप प्रदान किया है अर्थात् उन्होंने लोक भाषा का प्रयोग किया है। उनके अनुसार भाषा में क्लिष्टता नहीं होनी चाहिए, जिससे आम जन तक भाषा का प्रसार हो सके। उन्होंने जीवन की गूढ़ से गूढ़ वास्तविकताओं एवं अपने व्यक्तिगत जीवन अनुभवों को जिस सरलता और सहजता के साथ बोलचाल का लय दिया वह श्रेयस्कर है। लोक कवि त्रिलोचन ने अपनी भाषा में अवधी का पुर बिखेरा है, वह अत्यन्त रोचक एवं आत्मीय लगता हैं। उन्होंने आंचलिक भाषा, संस्कृत के तत्सम, तद्भव शब्दों, अंग्रेजी, उर्दू एवं फारसी भाषा का भी प्रयोग किया है।

कवि त्रिलोचन विशेष रूप से सॉनेट के हिन्दी प्रकषति का रूप देने का श्रेय त्रिलोचन को ही है, उन्होंने जिस सादगी एवं सहजता से अंग्रेजी भाषा के

अनुशासनपूर्ण छन्द सॉनेट को आज की अनुभूतियों के अनुकूल बनाया है वह सचमुच उनकी सर्जनात्मक प्रतिभा का साकार रूप है। उनके अनेक सॉनेट हमें उनकी काव्य कृति 'उस जनपद का कवि हूँ' में देखने को मिलता है। सॉनेट सम्राट त्रिलोचन की विशेषताओं के बारे में शमशेर लिखते हैं:

''सॉनेटे और त्रिलोचनः काठी दोनों की है
एक। कठिन प्रकार में बंधी सत्य सरलता।
साधे गहरी सांस सहज हीकृकृ ऐसा लगता–
जैसे पर्वत तोड़ रहा हो कोई निर्भय
सागरतल में खड़ा अकेलाः वज्र हृदयसम।''[14]

इस प्रकार कवि ने अपनी कविताओं में गजल एवं रुबाइयों का भी प्रयोग किया जो उनके काव्य–संग्रह 'गुलाब और बुलबुल' में भरे हुए है। उन्होंने लम्बी एवं छोटी दोनो रूपों में कविताएँ की जो अपनी ही मादकता से युक्त है।

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि इनकी कविताओं में उनका प्रकषति प्रेम, ग्रामीण जन–जीवन के प्रति लगाव, कर्मशीलता, यथार्थता, जिन्दादिली एवं सामाजिक चेतना जैसे गुण अत्यन्त सहजता के साथ अभिव्यक्त हुआ है। इनका सम्पूर्ण जीवन ही लोक को समर्पित है। वस्तुतः त्रिलोचन भारतीय लोकजीवन की पहचान कराने वाले ऐसे कवि हैं जो अपने समकालीन कवियों के बीच भी अपनी एक अलग पहचान बनाते हैं। वह इस आधुनिक समाज में भविष्योंन्मुख काव्य–चेतना से युक्त है। इनकी यह लोक दृष्टि समाज की विकृत्तियों से युक्त मनुष्यों में मानवीयता का बोध उजागर करने हेतु है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, बादल चले गए वे, राजकमल प्रकाशन प्रा0 लि0, नई दिल्ली, पृ0 77।
- डॉ0 चन्द्र त्रिखाः प्रतिनिधि आधुनिक कवि, हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला, प्रथम संस्करण : 2003, पृ0 – 169।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, आरर डाल, पृ0 – 43–44।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, नगई महरा, पृ0 53।
- डॉ0 लल्लन रायः हिन्दी की प्रगतिशील कविता, हरियाणा साहित्य अकादमी, चण्डीगढ़, प्रथम संस्करणः 1989, पृष्ठ – 122।

- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, भोरई केवट के घर, पृ0 65–66।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, चम्पा काले–काले अच्छर नहीं चीन्हती, पृ0 57।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, आदमी की गन्ध, पृ0 122।
- डॉ0 रामकली सराफः सकमालीन कविता की प्रवृत्तियाँ, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करणः 1997, पृ0 31।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, गेहूँ जौ के ऊपर सरसों की रंगीनी, पृ0 82।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, दिवारें दिवारें दिवारें दिवारें, पृ0 70।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, ध्वनिग्राहक, पृ0 14।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–केदारनाथ सिंह, परिचय की गाँठ, पृ0 98।
- त्रिलोचनः प्रतिनिधि कविताएँ, सं0–डॉ0 लल्लन रायः हिन्दी की प्रगतिशील कविता, पृ0 173–174

* * *

भारत की लोकसंस्कृति में साहित्य एवं संगीत : एक विश्लेषण

सीमा वर्मा

संस्कृति और सभ्यता के विकास के साथ ही व्यक्ति के हृदय एवं प्रकृति की मनोदशा के अनुकूल मानवीय भावों एवं संवेदनाओं के चित्रण की मनोवृत्ति 'गेय' रूप में उभर कर सामने आई। इन भावों ने कभी छंद का रूप लिया तो कभी ताल का। यही स्वर-ताल की ध्वनि लोक संगीत की ध्वनि बनी। लोक अर्थात् मातृ उदर। वृक्षों के पत्ते, हवाओं की सरसराहट, झरने के कलकल की आवाज, पक्षियों की चहचहाहट, रिमझिम फुहार के संग मधुर कोकिल की ध्वनि, सभी ने हृदय को आह्लाद से भरकर जन समुदाय को गुनगुनाने के लिए बाध्य किया। इसी मधुर ध्वनि की अनुंगूंज से स्वर रूप में लोक कथाओं द्वारा साहित्य एवं लोक साहित्य का प्रादुर्भाव हुआ। बदलती सभ्यता के परिवेश में साहित्य तो लिखित हों गया कुछ प्रामाणिक धरातल पर भी और कुछ अप्रामाणिक, जो आज अध्ययन व शोध का विषय है, परन्तु लोकसाहित्य मौखिक रहकर सुदूर गाँव आदिवासीय क्षेत्रों में सिमट कर रह गया। यह गर्व का विषय है कि उसने अपने देशीकरण, सहजता के कारण आज भी अपना वर्चस्व बनाये रखा है। किसी देश की सभ्यता व संस्कृति को यदि मूलरूप से देखना समझना है तो उसकी छवि उस देश के ग्रामीण अंचल की संस्कृति उसकी भूमि में रह रहे जन-समुदाय के बीच प्राप्त हो सकेगी जिसमें सहजता, सरलता, आत्मीयता, स्वच्छंदता, रसिकता की भावना होती है।

भारतीय संस्कृति लोक संस्कृति है। इस संस्कृति में लोक शब्द का प्रयोग नया नहीं है, इस शब्द का प्रयोग ऋग्वेद से ही मिलता है। ऋग्वेद में दिव्य तथा पार्थिव दो अर्थों में लोक का प्रयोग किया गया मिलता है। 'लोकायतदर्शन' का लोक शब्द भी दर्शन के क्षेत्र में एक विशिष्ट अर्थ की ओर संकेत करता है। भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में भी 'लोकधर्म प्रवृत्ति की' चर्चा है मतंग मुनि द्वारा लिये 'वृहद्देशी' ग्रन्थ में भी 'लोकानां नरेन्द्राणां' का उल्लेख हुआ है। यही नहीं, लोक शब्द का प्रयोग वेद के समानान्तर भी मिलता है। हिन्दी काव्य में भी 'लोक' शब्द के प्रयोग पाए जाते हैं। सूर के पदों में-'नंदनंदन के नेह मेह जिन लोक-लीक लोपी' इस प्रकार तुलसीदास की रचना में 'लोक कि वेद बड़ेरो' इन पंक्तियों में लोक शब्द वेद से भिन्न स्थिति में व्यवहृत हुआ है। परन्तु जिस अर्थ में 'लोक' शब्द को गौरवपूर्ण पद प्राप्त है, वह

आधुनिक है। लोकतन्त्र व प्रजातंत्र की प्रेरणा से लोक शब्द अब सम्मानसूचक हो गया है। इसके पूर्व में इस शब्द का प्रयोग विविध संदर्भों या विविध अर्थों में होता आया है। लोक कला, लोक संगीत, लोक साहित्य, लोक संस्कृति जैसे शब्दों में लोक का प्रयोग आधुनिक अर्थ में वर्तमान में किया जाता है। फिर भी, परम्परा और विकास की लम्बी यात्रा के बाद ही, लोक मान्यता या लोक स्थापना होने के बाद ही, कोई संदर्भ लोक से परिभाषित किया जा सकता है, लोक परम्पराएं सीधी जुड़ी होती हैं, अपने विरासत से। लोक संस्कृति के अन्तर्गत जितनी भी विधायें हैं, लोकगीत, लोककथा, लोकगाथा, लोकनृत्य, लोकनाट्य, लोकशिल्प, लोकपात्र या मुहावरें व लोकोक्तियाँ सभी समग्र लोक चेतना के आधार रहे हैं। परन्तु दुर्भाग्य है वर्तमान में इसको उभारने, संकलित करने और शोध करने के पक्ष बहुत कम प्रभावी हैं।

संस्कृति हमारे जीवन प्रवाह की उद्‌गम स्थली है और सभ्यता प्रवाह में सहायक उपकरण। दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। सांस्कृतिक मूल्य ही सभ्यता के सृजन में सहायक होते हैं। किसी भी देश की सांस्कृतिक परम्पराओं को समझने के लिए वहीं की भाषा, साहित्य, कला विशेषकर लोकसाहित्य व लोककलाओं का अध्ययन करना अति आवश्यक है। बिना उसे समझे उस राष्ट्र से जुड़े गुण मूल्य व पोषित सभ्यता को नहीं समझा जा सकता। लोकसाहित्य व लोकसंगीत सांस्कृतिक धरोहर रूप है। भारत में लोकसाहित्य के आधार पर ही विभिन्न काव्य शैलियाँ, ध्वनियाँ, भावनात्मक व कलात्मक व्यंजनाएं उभरी हैं। लोकसाहित्य का शब्द भंडार अत्यन्त विशाल है, और दूसरी ओर लोक संगीत उस सुरसरि के समान है जिसका लक्ष्य लोक-कल्याण है, क्योंकि संगीत आत्मा की संवेदनशील लयात्मक वाणी है जो चेतना के एक विशिष्ट आयाम को अभिव्यक्त कर युग विशेष, समाज विशेष या व्यक्ति विशेष की भावनाओं को अभिव्यक्त करती है। संगीत मात्र मनोरंजन नहीं अपितु परम मंगल की विधायक, मन निर्माण, विकास एवं जीवन संस्कार का प्रेरणास्रोत भी है सृष्टि के कण-कण में विद्यमान है और इसीलिए जीवन का कोई भी पहलू इससे अछूता नहीं। लोकसंगीत तो विशेष रूप से किसी भी संस्कृति के मुँह बोलते चित्र है। भारत विभिन्न धर्म, जाति एवं सम्प्रदाय के समूह रूप में ऐसा अद्‌भुत राष्ट्र है जिसमें मानवीय जीवन के समस्त क्रिया-कलाप लोकगीतों में परिलक्षित होते हैं।

संस्कार गीत, ऋतु-गीत, धार्मिक गीत, श्रमिक गीत, व्रत त्योहार के गीत, क्रिया गीत, जाति गीत, सामयिक गीत आदि की सुगठित व समृद्ध परम्परा भारत में रही है, वर्तमान जीवन शैली में भी समस्त पारम्परिक उत्सव, मान्यताएं, रीति-रिवाज, ईश्वर आराधना सभी के केन्द्र रूप में लोकसंगीत जुड़ा हुआ है। धरती पर निरंतर लोकगीत झूमते रहते हैं। विभिन्न प्रान्तों में प्रादेशिक सांस्कृतिक आवश्यकताओं के आधार पर भी इन गीतों की रचना हुई है और सहजता, सरलता के साथ अनुकरण की प्रवृत्ति होने से सामान्य जन-

जीवन से विशिष्ट वर्ग तक भी इसका प्रचार-प्रसार रहा है। लोकसंगीत का क्षेत्र इतना व्यापक है कि जीवन का कोई भी प्रसंग, कोई भी भावना, इसके माध्यम से व्यक्त की जा सकती है, यह हृदय की वह भाषायुक्त मधुर ध्वनि है जो सहजता से अपनी ओर आकर्षित करती है भारत के हर प्रान्त के संगीत को यदि गम्भीरता से देखा, समझा व सुना जाय तो हर प्रान्त का लोकसंगीत वर्तमान में शोध का विषय बन सकता है। लोकगीतों पर अध्ययन व शोध आज आवश्यक है। क्योंकि इनके अध्ययन से यह स्पष्ट पहचाना जा सकता है कि कौन से अभिप्राय, कौन सी घटनाएँ, किस-किस युग की आयी हैं। वहाँ उनका अध्ययन एक जीवन्त प्रक्रिया के रूप में ही हो सकता है इनके द्वारा पुनरावलोकन में भी सहायता मिल सकती है क्योंकि बहुत सी तत्सम्बन्धी बातें या घटनाएं लिखित साहित्य में छूट गई हैं या उस सम्बन्ध में लिखा साहित्य ही लुप्त हो गया है, वह वाचिक परम्परा से ही प्राप्त किया जा सकता है।

लोकसाहित्य व संगीत भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। वर्तमान में आवश्यकता है इन सांस्कृतिक स्तम्भ रूप में विद्यमान अपने लोकसंस्कृति की धरोहर, साहित्य व संगीत को सहेजने की, सुरक्षित रखने की। ये हमारे जीवनगत संस्कारों का एक अभिन्न रूप है इसलिए वे सामाजिक व पारिवारिक जीवन्तता का भी महत्वपूर्ण अंग हो जाते हैं, वह अंग जो हमारी लोक चेतना व सोच को स्पन्दित करता है।

वर्तमान समय में सृजनात्मकता के अभाव में लोकसाहित्य व लोकसंगीत को संकलित करने में शोध के पक्ष, बहुत कम प्रभावी है यदि गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाय तो ज्ञात होगा कि लोक संस्कृति में साहित्य व संगीत की उपलब्धता यदि इतनी भी न होती तो हमारी सभ्यता व संस्कृति का पाश्चात्यीकरण हो गया होता। भारत में अंग्रेज इतने लम्बे वर्षों के शासन के बाद भी वे भारतीय लोकसंस्कृति को मिटा नहीं पाएँ, भारत में लोकसंस्कृति का वर्चस्व कायम रहा।

हमारी संस्कृति लोक संस्कृति है। इसका उद्‌गम ही लोक से हुआ है। अन्य कलाओं के साथ विशेष रूप से लोक साहित्य व संगीत को संरक्षण व संवर्धन की आवश्यकता है। देश के विश्वविद्यालयों में भी इसके रूचिपूर्ण पाठ्‌यक्रम निर्धारित कर अध्ययन, अध्यापन की आवश्यकता है। वर्तमान में मनुष्य उपभोक्तावादी बन रहा है। गाँवों से बहुत बड़ी संख्या में जन-समूह शहरों की ओर उन्मुख हो रहा है जिससे गाँवों की संस्कृति शहरीकरण के कारण धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। आधुनिकता की होड़ में आज का मानव लोकसाहित्य व लोकसंगीत का परित्याग कर रहा है। जबकि लोकगीतों में लोकसाहित्य में विश्व-बन्धुत्व की अटूट भावना का समावेश है क्योंकि संस्कृति रूप में यही धरोहर समाज को लोगों के आचार व्यवहार को, विचार एवं भावनाओं को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। व्यवसायीकरण की प्रकृति ने लेखकों, प्रकाशकों को लोक-साहित्य से विमुख कर दिया है क्योंकि कोई भी प्रकाशक

संकलित लोक-साहित्य नहीं छापना चाहता है क्योंकि उसे व्यावसायिक लाभ चाहिए। लोकसाहित्य व लोकसंगीत की स्वरलिपि को देवनागरी में लिपिबद्ध किया जाना चाहिए। ताकि भारत का हर नागरिक अपनी सभ्यता व संस्कृति से मूलरूप से जुड़कर लोककथाओं के तथ्य को व्यवहारिक रूप से समझने को प्रेरित हो और तभी वह गरिमामयी विरासत से स्वयं जुड़कर एक नये कार्य की ओर प्रगतिशील होगा। लोकसंगीत के गीतों को, कथानकों को काव्य रूप में जोड़कर लोकसाहित्य का अपार भण्डार जो रिक्त हो रहा है उसे समृद्ध किया जा सकता है। कई जनजातियों के हजारों लोकगीत जो उनकी क्रियाविधि, उत्सव-पर्व, संस्कार आदि की सम्पूर्ण जानकारी के साथ अभी भी उपलब्ध हो सकते हैं, उन्हें संग्रहित किये जाने की आवश्यकता है। साहित्य रूप में भी, स्वरबद्ध कर स्वरलिपि रूप में भी। आज पारम्परिक लोकगीतों का स्थान फिल्मी गीतों ने ले लिया है। उसके अतिरिक्त भी अन्य संदर्भ में पारम्परिक संस्कृति की छवि दिखाने का प्रयत्न किया जाता है परन्तु ये ध्यान देना है कि जब तक लोक कला, साहित्य, संगीत अपने पारम्परिक रूप में है तभी तक लोक का प्रतिनिधित्व करती है अन्यथा नहीं। लोकसंगीत के साथ-साथ लोक स्वर एवं लोक वाद्य भी लुप्त होते जा रहे हैं।

प्रादेशिक संस्कृति विभाग और संस्कृति विभाग, भारत सरकार इन लोक संस्कृति के प्रतिबिम्ब स्वरूप को संरक्षित करने हेतु प्रयासरत है परन्तु सामजिक आर्थिक, राजनीतिक परिवेश में कठिनाइयाँ होने से कार्य की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है यदि लोक संस्कृति के मुख्य केन्द्र कलाओं को साहित्य को संगीत को समृद्ध करना है तो इस संदर्भ में जुड़े विशाल जन-समुदाय को, कलाकारों को, रचनाकारों को भी सचेत हो, विचार करना होगा। इस दिशा में सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं तथा साहित्यिक सामाजिक संगठन व सांगीतिक केन्द्रों को भी आगे आकर आवश्यक प्रयास करना होगा। तभी सुरक्षित होगा हमारा संगीत और संकलित हो, आकार ले सकेगा-लोक साहित्य।

* * *

मानव जीवन में संगीत की भूमिका

चेतना गुजराती

भारतीय संगीत जो विश्व संगीत में अतिश्रेष्ठ माना गया, जिस संगीत के माध्यम से योगी तपस्वी शिव ने अपने तांडव से, श्रीगणेश ने लोकमंगलकारी लय एवं ताल से, योगी कृष्ण ने अपनी मधुर मुरली से तथा सरस्वती ने अपनी सुरीली वीणा के स्वरों से प्रकृति एवं प्राणियो को, लोक जीवन को आनन्द प्रदान किया है, ऐसा संगीत मानव जीवन पर अपनी अनूठी छाप छोड़ता है।

भारतीय संगीत का इतिहास प्रारम्भ से ही उपलब्धियों का इतिहास रहा है और इन उपलब्धियों का आधार तथा विकास मुख्यत: मध्यकालीन शास्त्रीय संगीत की समृद्धिशाली परम्पराएँ रही हैं। संगीत की अभिव्यक्ति शब्द तथा सुरों के माध्यम से होती है और वे शब्द और सुर हमेशा से किसी न किसी गायन शैली के अन्तर्गत स्थान पाते हैं।

जहाँ तक संगीत के जन्म का प्रश्न है, मनुष्य की सृष्टि के प्रथम दिन से ही हम संगीत के अस्तित्व को मान सकते हैं। वैसे संगीत के जन्म को लेकर विद्वानों में विभिन्न मतभेद पाये जाते हैं। भारतीय संगीत का इतिहास अति प्राचीन है और इसका विकास भी अन्य कलाओं की तरह धीरे-धीरे हुआ है। ज्यों-ज्यों मानव आध्यात्मिकता की ओर बढ़ा संगीत कला की उन्नति हुई। प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक युग तक की एक लम्बी यात्राकाल में भारतीय संगीत कला ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं।

बीसवीं शताब्दी का आरम्भ केवल भारत के स्वतंत्र युग का ही क्रान्तिकाल नहीं है, अपितु संगीत कला की दृष्टि से भी एक अनोखी क्रान्ति का युग माना जा सकता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ही भारत ने आकाशवाणी, दूरदर्शन, सिनेमा, संगीत सम्मेलनों ने एक साथ मिलकर संगीत को पुनर्जीवित किया। जिससे संगीत के विकास को एक नई प्रगति मिली।

सरकार भी संगीत के पुनर्जागरण के लिए हमेशा जागरूक तथा तत्पर रहती हैं। विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में संगीत का प्रवेश करना इसका एक उदाहरण है। शास्त्रीय संगीत के शिक्षण हेतु संगीत के प्रथम विद्यालय की स्थापना बड़ौदा में सन् 1886 ई0 के फरवरी माह में महाराजा सियाजी एवं गायकवाड़ के द्वारा हुई। इसके अतिरिक्त सरकार ने संगीत के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न उपाधियों तथा पदकों को देना

प्रारम्भ किया। सर्वप्रथम सन् 1952 में भारत सरकार ने राष्ट्रपति पदक प्रदान करना प्रारम्भ किया।

हमारे देश में ऐसी बहुत सी संस्थाओं का भी उदय हुआ है जिसके माध्यम से कलाकारों को संगीत जगत में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है। जिसमें से संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी इत्यादि है। इसमें अतिरिक्त मंच प्रदर्शन भी संगीत के विकास का एक बहुत अच्छा एवं सुदृढ़ माध्यम है। क्योंकि इसके अन्तर्गत श्रोता भी संगीत को सुनते व समझते हैं जो संगीत से बिल्कुल अनभिज्ञ होते हैं। इस दिशा में संगीत से सम्बन्धित पुस्तकें भी अपनी मुख्य भूमिका अदा करती हैं।

इन सब प्रयासों से संगीत जो पहले केवल राज दरबारों तक ही सीमित था वह अब संगीत साधारण जन समुदाय में पहुँचकर प्रतिष्ठित हो गया।

यदि देखा जाय तो हमारे जीवन में संगीत का बहुत महत्व है। हमारी दैनिक दिनचर्या में संगीत पूरी तरह से समाहित है। संगीत सुनने से मन और आत्मा को आनन्द की प्राप्ति होती है। समय के साथ-साथ संगीत के भी कई प्रकार विकसित हुए जैसे शास्त्रीय संगीत, सूफी संगीत, पाश्चात्य संगीत, भजन संगीत आदि। प्रकार कोई भी हो लेकिन संगीत का उद्देश्य मनुष्य के जीवन में आनन्द भरना और हमारा मनोरंजन करना ही होता है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में मन को शांत रखने में संगीत एक बहुत अच्छा माध्यम है। इसको सुनने से हमारा ध्यान चिन्ताओं से हटकर शांति और आनन्द की ओर हो जाता है। जीवन को रोचक और खुशहाल बनाए रखने के लिए संगीत अत्यन्त आवश्यक है। संगीत द्वारा बहुत से रोगियों को ठीक होते देखा गया है। इसके अतिरिक्त हमारे शास्त्रीय संगीत में बहुत से ऐसे राग हैं जो मनुष्य की इच्छाशक्ति, कार्यशक्ति, मानसिक शांति इत्यादि में सहायता करते हैं, इनके कुछ उदाहरण इस प्रकार है-

राग दुर्गा-आत्मविश्वास बढ़ाने वाला।

राग यमन-कार्यशक्ति बढ़ाने वाला।

राग देशकार-उत्थान व संतुलन साधनेवाला।

राग बिलावल-आध्यात्मिक उन्नति व संतुलन साधनेवाला।

राग अहिर भैरव-शुद्ध इच्छा प्रेम व भक्तिभाव निर्माण करता है।

राग भैरवी-इड़ा नाड़ी सशक्त करता है।

राग मालकोश-अतिशय शांत मधुर राग प्रेमभाव निर्माण के साथ ही सांसारिक सुखवृद्धि करता है।

संगीत लोगों की आजीविका का भी एक बहुत अच्छा साधन है। इसके माध्यम से लोग अपनी आर्थिक विषमताओं को दूर कर खुशहाली का जीवन व्यतीत

करते हैं। उदाहरण के तौर पर स्कूल कॉलेज के माध्यम से, दूरदर्शन व आकाशवाणी के द्वारा, मंच प्रदर्शन द्वारा, रिकॉर्डिंग द्वारा।

''संगीत के जरिए जो ध्वनि तरंगें उत्पन्न होती हैं, वे स्नायु तंत्र की सक्रियता बढ़ाती है और विकृत चिन्तन रोकती है। इन तरंगों से कई ग्रन्थियाँ सक्रिय हो जाती हैं और उनसे निकलने वाले हार्मोंस मानसिक स्थिति में बदलाव लाते हैं।'' -डॉ0 देवाशीष शुक्ला, सीनियर कन्सल्टेंट, आर.एम.एल. अस्पताल।

शास्त्रीय संगीत के जादू का असर अस्पतालों में भी दिखने लगा है। अब डॉक्टर मरीजों को दवा के साथ शास्त्रीय संगीत सुनने की भी सलाह दे रहे हैं। कई ग्रन्थों में भी म्युजिक थेरेपी का उल्लेख है। शास्त्रीय संगीत के जरिए बीमारियाँ दूर करने का जिक्र वेदों और ग्रन्थों में भी है। मसलन, सामवेद में रोगों के निवारण के लिए साम गायन का विधान है। इसी तरह शारंगदेव कृत-संगीत रत्नाकर, मतंग कृत वृहद्देशी, चरक संहिता और अग्निपुराण सहित कई ग्रन्थों में इसका उल्लेख है।

भारतीय संगीत की आत्मा, उसकी राग रागिनियाँ केवल बाह्य स्तर पर व्यक्ति के चेतन को उद्वेलित करके ही अपना कर्तव्य नहीं समाप्त करती, बल्कि व्यक्ति में अन्तर्निहित सूक्ष्मताओं और वैशिष्ट्यों को, उसके हृदय के प्रत्येक तार को झंकृत करती हुई शरीर और मन के प्रत्येक अणु को अपने स्वर में बदल देती हैं, अपने रूप में समाहित कर लेती है। संगीत के प्रभाव के विषय में कोई मनोवैज्ञानिक तर्क नहीं दिया जा सकता। इसका कारण यह है कि संगीत के राग केवल मनुष्य को ही प्रभावित नहीं करते, अपितु समस्त जीव जंतु एवं वनस्पति जगत् पर इसका प्रभाव पड़ता है। विश्व के कण-कण में संगीत परमात्मा के अंश की तरह व्याप्त है। प्राचीन काल में जब पुस्तकों और चलचित्रों आदि का अभाव था। दैनिक परिश्रम के बाद नर-नारी जब शांतचित होकर सामूहिक सामवेदन गायन में तल्लीन हो जाते थे तो उस समय उनके हृदय के तार-तार झंकृत हो उठते थे। संगीत की चरम सिद्धि ने रागों की प्रभावशालीता को इतनी अलौकिक सामर्थ्य से संप्रकृत कर दिया था कि रागों के द्वारा दीप प्रज्वलित करने तथा वर्षा को न्योतने की सम्भावनाओं के क्षितिज मनुष्य ने छू लिए थे। धीरे-धीरे आज के वैज्ञानिक भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि संगीत के माध्यम से मनुष्य और प्रकृति को वशीभूत किया जा सकता है।

संगीत के प्रभाव को स्वीकार करते हुए श्री उपेन्द्र चन्द्र सिंह ने "What is music" में लिखा है-

"To summarise what is music, one can safely say it is a kind of Yoga system, which acts upon the human organism and awaken and develop their proper functions to the extent of self realisation, the ultimate goal of Hindu philosophy or religion."

स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है-

नाहं वसामि बैकुण्ठे, योगिनां हृदय न चा।

यद् भक्ता यत्र गायन्ति, तत्र तिष्ठामि नारद॥

संगीत का प्रभाव क्यों और कैसे होता है ? इस संदर्भ में संगीत की परिभाषा को समझना महत्वपूर्ण सिद्ध होती है।''स्वरों की उस लययुक्त रचना को संगीत कहते हैं, जो चित्त को प्रसन्नता प्रदान करें।'' नियमित आंदोलन वाली ध्वनि ही 'स्वर' है और नाद का काल ही उसकी लय। इसलिए संगीत में जो रस व जो प्रभाव उत्पन्न करती है वह 'स्वर' है। आचार्य नि:शंक शारंगदेव ने अपने ग्रन्थ 'संगीत रत्नाकर' के स्वराध्याय में स्वरों की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए विभिन्न स्वरों से सम्बन्धित स्नायुओं, चक्रों और शारीरिक अंगों का विवरण दिया है। तानसेन, बैजू बावरा और हरिदास के बारे में भी अनेक ऐसे विवरण सुनने को मिलते हैं जिनसे यह ज्ञात होता है कि संगीत का प्रभाव मानव आचरण, क्रिया और रोगों पर पड़ता है। कुछ रोगों का विवरण निम्नलिखित है-

1. हृदय रोग-राग दरबारी और राग सारंग लाभदायक है। मध्यम सितार वादन से भी फायदा होता है।

2. अनिद्रा-राग भैरवी और राग सोहनी से फायदा होता है। मध्यम बांसुरी वादन से भी आराम मिलता है।

3. कमजोरी-इस रोग में राग जयजयवंती सुनना और गाना लाभदायक है। थोड़ा तेज संगीत भी सुन सकते हैं।

4. याद्दाश्त-इसके लिए राग शिवरंजिनी सुनना चाहिए। वीणा वादन और बांसुरी सुनने से भी फायदा होता है।

5. डिप्रेशन-इसके मरीज को राग बिहाग व राग मधुवंती सुनना चाहिए। घुंघुरु और तबला सुनने से भी फायदा मिलता है।

6. सांस रोग-राग मालकौंस और राग ललित सुन सकते हैं। प्राकृतिक स्वर लहरियों से भी फायदा होता है।

कुछ रागों द्वारा जैसे राग शंकरा, पददीप एवं हिंडोल द्वारा 8 वर्ष से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के बगाों में व्यावहारिक बदलाव लाने में मदद मिली है।

संगीत के द्वारा सहयोगिता की भावना और एक दूसरे के प्रति सहानुभूति जागृत होती है। एकता साहस और साथ मिलकर कार्य करने की भावना जन्म लेती है। इसके अतिरिक्त संगीत से दु:ख प्रसन्नता, वीरता आदि भावनाएँ भी प्रभावित होती हैं। जैसे कि राष्ट्रगान से हृदय में देशप्रेम की भावना तथा वंदेमातरम् से मन प्राण को

आंदोलित करने वाली भावना गुंजार होती है। इसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को क्षण भर में रुलाया और हंसाया भी जा सकता है। शेक्सपीयर ने इस सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्ति किए हैं–

"The man who hath no music in himself or is not moved by the conchords of sweet music is fit for tension, stratagems and spoils, let no such man be trusted."

अंत में यही कहा जा सकता है कि जीवन का कोई भी क्षेत्र हो संगीत सभी जगह विद्यमान है और इसका प्रभाव सर्वत्र व्याप्त है। तथा यह मानव जीवन पर अपनी अमिट छाप छोड़ता है। अब तक प्राप्त पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि संगीत के प्रभाव को लेकर और भी वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षण किए जाने चाहिए।

* * *

पद्मावत में प्रेमतत्व

राकेश कुमार द्विवेदी

मलिक मुहम्मद जायसी कृत 'पद्मावत' सूफी प्रेमाख्यान काव्यमाला का 'सुमेरू' है। मुल्लादाउद ने लोरिकचंदा की जिस लोक प्रचलित प्रेमकथा के आधार पर 'चाँदायन'(1379 ई.) की रचना कर इस काव्य परम्परा का सूत्रपात किया उसका चरम निदर्शन जायसी के महाकाव्य 'पद्मावत' (1520 ई.) में दिखाई पड़ता है। काव्य की ऐसी गरिमामयी प्रौढ़ता न तो जायसी के पूर्ववर्ती कवियों कुतुबन आदि में है, न हीं उनके परवर्ती रचनाकारों मंझन की 'मधुमालती', उसमान की 'चित्रावली', शेखनबी की 'ज्ञानदीप' कासिमशाह की 'हंस–जवाहिर' तथा नूर मुहम्मद की 'अनुराग बाँसुरी' आदि में देखने को मिलती है। वस्तुतः 'पद्मावत' की इस लोकप्रियता का प्रमुख कारण उसमें सूफी इस्मालिक और हिन्दू परम्पराओं का विस्मयकारी समन्वय है। 'जायसी ग्रंथावली' में इसकी ओर संकेत करते हुए आचार्य पं0 रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा कि–''ऐसे समय में कुछ भावुक मुसलमान 'प्रेम की पीर' की कहानियाँ लेकर साहित्य क्षेत्र में उतरे। ये कहानियाँ हिन्दुओं के ही घर की थीं। इनकी मधुरता और कोमलता का अनुभव करके इन कवियों ने दिखला दिया कि एक ही गुप्त तार मनुष्य मात्र के हृदयों से होता हुआ गया है जिसे छूते ही मनुष्य सारे बाहरी रूप रंग के भेदों की ओर से ध्यान हटा एकत्व का अनुभव करने लगता है।''[1]

कहना न होगा कि भक्तिकाल में तुलसी और कबीर जैसे संतों ने समन्वय और भाईचारे का यह प्रयास अपनी तरह से किया था। किन्तु, जहाँ ''कबीर ने केवल भिन्न प्रतीत होती हुई परोक्ष सत्ता की एकता का आभास दिया था। प्रत्यक्ष जीवन की एकता का दृश्य सामने रखने की आवश्यकता बनी थी। वह जायसी द्वारा पूरी हुई।''[2] हिन्दू हृदय और मुसलमान हृदय को आमने–सामने रखकर उनके बीच की भेद–भित्ति को समाप्त करने का काम इन्हीं सूफियों ने किया। 'पद्मावत' को पढ़ने से यह प्रकट हो जायेगा कि जायसी का हृदय कैसा कोमल और प्रेम की पीर से भरा हुआ था। क्या लोकपक्ष में और क्या भगवत् पक्ष में दोनों ओर उनकी गूढ़ता और गंभीरता विलक्षण दिखाई देती है।''[3]

भक्तियुगीन हिन्दी कविता में कबीर और तुलसी की ही भाँति जायसी की कविता का भी प्रधान गुण 'समन्वय की भावना' है। 'पद्मावत' में इस्लामिक दर्शन, संस्ति और साधनापद्धतियों के साथ भारतीय योगपंथ, अद्वैत दर्शन, हठयोग, धातुवादियों के रसायन योग आदि से लेकर वैदिक अग्नि तथा सोम के प्रतीकों तक को इसमें समेट लिया गया है। वज्रयानियों की गुह्य साधनाओं और शैव कापालिक तंत्र–साधनाओं तक के विचार का संस्पर्श इस प्रबंध काव्य में देखा जा सकता है। इसमें भारतीय संस्ति की मूलभूत विशेषता भौतिक और आध्यात्म तत्वों के बीच समन्वय का विहंगम प्रयत्न दिखाई पड़ता है। विजयदेवनारायण साही ने अपनी पुस्तक 'जायसी' (1983 ई.) में जायसी का मूल्यांकन कुछ इसी दृष्टि से करते हुए लिखा कि –''अगर हम आज की दार्शनिक शब्दावली का प्रयोग करें तो जायसी आध्यात्मवादियों के बीच भौतिकवादी और भौतिकवादियों के बीच आध्यात्मवादी है।''[4] साही जी ने 'पद्मावत' और पद्मावतकार को सूफी प्रभामंडल और सम्प्रदायगत भावना से ऊपर उठाकर देखा तथा जायसी को हिन्दी का पहला 'विशुद्धकवि' करार दिया। उन्होंने लिखा– ''एक अर्थ में जायसी हिन्दी के पहले विधिवत कवि हैं। कबीर में प्रयास के चिन्ह हैं, जायसी में प्रयास कहीं दिखाई नहीं देता।''[5]

हिन्दी में 'पद्मावत' के अध्ययन–अध्यापन का श्रेय आचार्य शुक्ल को जाता है। ''यद्यपि पद्मावत की रचना आज से लगभग चार सौ वर्ष पूर्व शेरशाह के समय हुई, फिर भी हिन्दी जगत् में उसकी परम्परा एक प्रकार से लुप्तप्राय थी। हिन्दी संसार के सामने पद्मावत को लाने का श्रेय आचार्य पं. रामचन्द्र शुक्ल को है।''[6] ऐसा कोई अध्येता नहीं जो जायसी की इस .ति को पढ़कर अभिभूत न हुआ हो। प्रसिद्ध इतिहासविद् डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल ने उसका संजीवनी भाष्य प्रस्तुत करते हुए लिखा कि ''हिन्दी भाषा के प्रबंध काव्यों में जायसी .त पद्मावत शब्द और अर्थ दोनों दृष्टियों से अनूठा काव्य है अवधी भाषा का जैसा ठेठ रूप और मर्मस्पर्शी माधुर्य यहाँ मिलता है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। इस .ति में श्रेष्ठतम प्रबंध–काव्यों के अनेक गुण एकत्र प्राप्त हैं। मार्मिक स्थलों की बहुलता, उदात्त ऐतिहासिक कथावस्तु, भाषा की विलक्षण शक्ति, जीवन के गंभीर, सर्वांगीण अनुभव, सशक्त दार्शनिक चिंतन ये इसकी अनेक विशेषताएँ हैं। पद्मावत हिन्दी साहित्य का जगमगाता हुआ हीरा है।''[7] 'चाँदायन' और 'मृगावती' में जहाँ पाँच चौपाइयों (अर्द्धालियों) के बाद दोहे का क्रम है, वहीं 'पद्मावत' में सात। 'पद्मावत' के चौंतीस वर्षों बाद' रामचरितमानस' में गोस्वामी जी ने इसी का अनुकरण करते हुए आठ अर्द्धालियों के बाद दोहे का विधान किया। यही नहीं, तुलसी के 'रामचरितमानस'के पहले अवधी भाषा

(ग्राम्य अवधी) पहली बार इसी ग्रंथ में साहित्यिक पद ग्रहण करती हुई जान पड़ती है, पीछे तुलसी बाबा ने उसका और परिष्कार कर उसे संस्कृतनिष्ठ बना दिया। इस प्रकार जायसी का यह ग्रंथ हिन्दी साहित्य में अपनी तरह का अकेला है, जो सभी दृष्टियों से अग्रिम पंक्ति में स्थान पाने का अधिकारी है।

'प्रेमतत्व' का निरूपण सूफी काव्य का प्रधान विषय है। फारस की मसनवी कथाओं की तर्ज पर इन कवियों ने भारतीय प्रेम–कथाओं को आलम्बन बनाकर लौकिक प्रेम (इश्क मजाजी) से अलौकिक प्रेम (इश्क हकीकी) तक पहुँचने का प्रयास किया है सूफी सिद्धांत में प्रेम के चार 'बसेरे' या मंजिते हैं, जो इस प्रकार हैं–

(1) शरीअत–आलमे नासूत (मनुष्यलोक)
(2) तरीकत– आलमे मलकूत (देवलोक)
(3) मारीफत– आलमे जबरूत (ऐश्वर्यलोक)
(4) हकीकत– आलमे लाहूत (माधुर्यलोक)

'शरीअत' सूफी–साधक की प्रथमावस्था है। इसके नियम–पालन से मुस्लिमों में 'मोहब्बत' का प्रादुर्भाव होता है। इसी प्रेरणा से वह अलौकिक प्रियतम की खोज में निकलता है। इस अवस्था में उसे मोमिन (प्रणयी) की संज्ञा दी जाती है। 'तरीकत' साधना की द्वितीय अवस्था है जिसे 'तसव्वुफ' भी कहा जाता हैं चिंतन और ध्यान के कारण यहाँ वासना तिरोहित होने लगती है। 'मारीफत' ज्ञानावस्था है, यहाँ तक पहुँचते–पहुँचते मुरीद परम सत्ता को पाने की कुंजी प्राप्त कर लेता है। 'हकीकत' 'हक' या ब्रह्म या 'सत्य' की अनुभूति है जिसे प्राप्त करते ही साधक 'अनहलक' (मैं ही ब्रह्म हूँ) का उद्घोष करता है। यह फना की स्थिति है। परमसत्ता का वास्तविक ज्ञान प्राप्त कर साधक ब्रह्ममय हो जाता है। यही सूफी प्रेम–साधना का चरम लक्ष्य है। सूफियों ने इसी आधार पर अनेक लोकों की भी कल्पना की है। मनुष्य लोक से चलकर साधक साधना द्वारा ही देव, ऐश्वर्य और माधुर्यलोकों में प्रवेश करता है। पद्मावती (परमात्मा) के रूप दर्शन देखकर रत्नसेन (जीवात्मा) का बेसुध हो जाना उसके ब्रह्म–साक्षात्कार की अवस्था है जीव जिसके तेज को नहीं सह सकता। मुस्लिम धर्म में कयामत के दिन सब जीवों को 'पुलेसरात' पार करना पड़ता है जो पुण्यात्माओं के लिए चौड़ा तथा पापियों के लिए बाल बराबर पतला हो जाता है। अपने ग्रंथ 'आखिरी कलाम' में जायसी ने इसका वर्णन किया है–

''पुल सरात पुनि होई अभेरा, लेखा लेब उमत सब केरा।
एक दिसि बैठि मुहम्मद रोईहैं, जिबरईल दूसर दिसि होई हैं।।''[8]

'पद्मावत' के 'सात–समुद्र–खण्ड' में जायसी द्वारा वर्णित अंतिम 'किलकिला समुद्र' वस्तुतः इसी 'पुले–सरात' का प्रतीक है। कहने का अर्थ यह है कि 'पद्मावत' में आध्यात्मिक प्रेम की सूफी मान्यताओं की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई है। ''प्रेम के प्रभाव से मानव का सीमा भाव हट जाता है और वह ईश्वर का सानिध्य प्राप्त कर लेता है या विश्वात्मक ज्योति से तन्मय हो जाता है। प्रेममार्ग में सिद्धि की प्राप्ति के लिए स्त्री की सत्ता अनिवार्य है वस्तुतः वही परम ज्योति का रूप है वही उस महापद्म का मधु है जिसके लिए साधक का मन रूपी भ्रमर रसलोभी बनकर पहले सर्वत्र का त्याग कर देता है फिर सब कुछ प्राप्त करता है।''[9] पुनश्च ''जायसी ने स्पष्टता से बलपूर्वक इस तथ्य का प्रतिपादन किया है कि, ''प्रेम के जगत में मन ही चंद्रकांत मणि है। जिस क्षण प्रेमिका रूपी चन्द्र की रश्मियों का संयोग उस मणि से हो जाता है, वह सर्वात्मना द्रवित हो उठती है। यही द्रवभाव रत्नसेन की आध्यात्मिक आकुलता है। दार्शनिक क्षेत्र में जायसी प्रतिबिम्बवाद के अनुयायी हैं। कोई चिदात्मक ज्योति ही यहाँ परम सत्य है सारे विश्व में वही प्रतिबिम्ब है। वही एक रूप विश्व का प्रत्येक रूप बन गया है पद्मिनी उसी चिदात्मक ज्योति का प्रतीक है।''[10] 'मानसरोदक खण्ड' में जायसी कहते हैं–

''नैन जो देखे कँवल भये, निरमल नीर सरीर।
हँसत जो देखे हंस भये, दसन जोति नग हीर।।''[11]

प्रेम के ऐसे विराट बिम्ब 'पद्मावत्' में भरे पड़े हैं। जायसी ने ग्रंथ में बार–बार प्रेम की महत्ता का, लौकिक एवं आध्यात्मिक दोनों प्रकार के जीवन में, का प्रतिपादन किया है।एक स्थल पर वह कहते हैं कि तीन लोक और चौदहों भुवन में जो सब मुझे दिखाई दे रहा है उसमें विचार करने पर प्रेम के अतिरिक्त और कुछ भी सुंदर नहीं है–

''तीन लोक चौदह खंड सबै परै मोहि सूझि।
प्रेम छाड़ि किछु औरू न लोना, जो देखौ मन बूझि।।''[12]

'नख–शिख खंड' में जायसी ने लिखा है कि जब पद्मावती अपने जूड़े को खोलकर केशों को झाड़ती है तो समूचे स्वर्ग और पाताल में अँधेरा छा जाता है। ब्रहम–सत्ता और उसकी विराटता का वर्णन ऐसे कई स्थलों पर कवि ने किया है। विजयदेवनारायण साही ने 'पद्मावत' के 'सिंहललोक' (सिंहलद्वीप, जो हृदय का प्रतीक है) को 'यूटोपिया' कहा है। वे लिखते हैं– ''सिद्धांततः सिंहलद्वीप शुद्ध आलोक हैं दिल्ली शुद्ध इतिहासलोक और चित्तौड़ दोमुहा है उसका एक मुख सिंहलद्वीप की ओर और दूसरा दिल्ली की ओर है। कथा की नायिका पद्मावती तीनों में लकीर की भाँति खिंची हुई है।''[13] 'पद्मावत' में

इतिहास और कल्पना का यह विलक्षण संयोग भी अद्वितीय है जिसे अपनी कवित्व प्रतिभा से जायसी ने अविस्मरणीय बना दिया है।

प्रेम–पंथ के पथिक जायसी ने इसी 'प्रेम' की कसौटी पर अपने युग को भी कसा है, जिसके कारण उनकी अनुभूति में एक गहरी विषाद दृष्टि उत्पन्न हो गई है इसमें एक ओर आदमी बैकुंठी भी है और दूसरी ओर मुट्ठीभर खाक भी रह जाता है। 'पद्मावत' की ट्रेजिडी इन दोनों प्रेमादर्शों के मध्य एक साथ प्रज्ज्वलित होती दिखाई पड़ती है–

1. मानुस प्रेम भये बैकुंठी।
नाही त काह छार एक मुंठी।।
–जोगी खंड

2. छार उठाई लीन्हि एक मुंठी।
दीन्हि उड़ाइ पिरिथिमी झूठी।।
–पद्मावती–नागमती सती खंड

उक्त पंक्तियों का भाष्य करते हुए साही जी ने लिखा कि –''पद्मावत की कथा केवल अलाउद्दीन, रत्नसेन और पद्मिनी की व्यक्तिगत ट्रैजिडी नहीं है, बल्कि यह जिन शर्तों पर जायसी का समाज उलट–पुलट रहा था,उसके चलते समूची पृथ्वी (पिरिथिमी) के झूठी पड़ जाने की ट्रेजिडी है।''[14] 'मंडपगमनखंड' में प्रेम के महत्व को लेकर जायसी ने कहा है कि इस माटी (शरीर) का प्रेम के बिना कोई मोल नहीं, जब इस मिट्टी में प्रेम पड़ जाता है तब यह अनमोल हो जाती है–

''माटी मोल न किछु अहै, औ माटी सब मोल।
दिष्टि जो माटी सो करै, माटी होइ अमोल।।''[15]

जायसी ने यह माना है कि प्रेम का ऐसा अलौकिक खेल खेलने वाले प्राणी का जीवन धन्य हो जाता है। पुष्प–पराग की तरह उसकी कीर्ति जग के ऊपर फैल जाती है और वह कभी नहीं मरती–

''धनि सोइ जगत जो कीरत जासू।
फूल मरै पै मरै न बासू।।''[16]

जायसी ने 'पद्मावत' में ऐसे भव्यतम प्रेम का वर्णन विशेष रूप से दो रूपों में किया है–

(क) पार्थिव प्रेम (लौकिक प्रेम)
(ख) अपार्थिव प्रेम (आध्यात्मिक प्रेम)

पार्थिव प्रेम के रूप में जायसी ने राजा रत्नसेन के साथ नागमती और पद्मावती के प्रेम को चित्रित किया है। नागमती जो आरंभ में रूपगर्विता और

प्रेमगर्विता नायिका के रूप में दिखाई पड़ती है, कालान्तर में रत्नसेन के जोगी बनकर निकल जाने के पश्चात् प्रोषितपतिका विरहिणी बन जाती है तथा उसके विरह में अहर्निश जलती रहती है। इस प्रकार से इस पार्थिव प्रेम का चित्रण भी परम्परागत दो रूपों में हुआ है–

(क) प्रेम का संयोग पक्ष

(ख) प्रेम का वियोग पक्ष

यद्यपि कि जायसी ने प्रेम के संयोग और वियोग दोनों पक्षों का मार्मिक वर्णन किया है, किन्तु फकीर, सन्यासी और विरक्त होने के कारण उनकी वृत्ति वियोग के चित्रण में ही अधिक रमी हैं संयोग–वर्णनों के अंतर्गत 'पद्मावती रत्नसेन– भेंट खण्ड' देखने लायक है जहाँ जायसी ने पद्मावती के लौकिक सौंदर्य के साथ ही बीच–बीच में आध्यात्मिकता का आभास देने वाले मांसल सौंदर्य का चित्रण भी किया है। इसी संदर्भ में 'पद्मावत' का 'नख–शिख खण्ड' भी पठनीय है जिसमें कवि ने पद्मावती के नख–शिख सौंदर्य का चित्रण किया है पद्मिनी के सौंदर्य का एक दृश्य देखिए, जो हंसगामिनी और गजगामिनी दोनो है उसकी गति से हंस और कुंजर दोनो लजा जाते हैं–

''पद्मिनी गवन हंस गये दूरी। कुंजर लाज मेल लिए धूरी।
बदन देखि घट चंद लजाना। दसन देखि कै बिज्जु लजाना।
खंजन छपे देखि के नैना। कोकिल छपी सुनत मधु बैना।''[17]

ऐसे अनगिनत सौंदर्य 'पद्मावत' में भरे हैं। जायसी ने पद्मावती –रत्नसेन के मिलन प्रसंग का भी खुलकर चित्रण किया है। सौंदर्य और मिलन के मांसल चित्रण में भी जायसी ने नये–नये अप्रस्तुत विधानों का सहारा लिया है।

रत्नसेन के प्रति नागमती का प्रेम पद्मावती से अधिक उदात्त और आदर्शमय है पति के चले जाने के पश्चात् वह अपना रानीपन भूल जाती है। उसका प्रेम वियोग की आँच में तपकर कुंदन हो जाता है। वह नदियों, पर्वतों, वनखण्डों में अपने प्रिय को खोजती–फिरती है। आचार्य शुक्ल ने लिखा–''पद्मावती के नव प्रस्फुटित प्रेम के साथ नागमती का गार्हस्थ्य परिपुष्ट प्रेम भी अत्यन्त मनोहर है पद्मावती प्रेमिका के रूप में अधिक लक्षित होती है, पर नागमती पति–परायण हिन्दू पत्नी के मधुर रूप में ही हमारे सामने आती है उसे पहले पहल हम रूपगर्विता और प्रेमगर्विता के रूप में देखते हैं। ये दोनों प्रकार के गर्व दाम्पत्य सुख के द्योतक हैं।''[18] इसी 'पद्मावत' में नागमती के विरह का वह प्रसिद्ध बारहमासा है जहाँ वियोगजन्य प्रेम अपने औदात्य के शिखर को स्पर्श कर लेता है शुक्लजी ने लिखा–''नागमती का विरह वर्णन हिन्दी साहित्य में एक अद्वितीय वस्तु है। नागमती उपवनों के पेड़ों के नीचे रात भर रोती फिरती

है इस दशा में पशु–पक्षी, पेड़–पल्लव जो कुछ भी सामने आता है, उसे वह अपना दुखड़ा सुनाती है वह पुण्यदशा धन्य है जिसमें ये सब अपने सगे लगते हैं।''[19] यथा–

''फिरि फिरि रोव कोइ नहीं डोला। आधी राति विहंगम बोला।
तू फिरि फिरि दाहै सब पांखी। केहि दुःख रैनि न लावति आँखी।।''[20]

पद्मावती से कहने के लिए नागमती पक्षियों से जो संदेशा भेजती है उसमें उसके हृदय का मार्मिक भाव निकला चला आता है–

1. **''पद्मावति सो कहेहु विहंगम। कंत लोभाइ रही करि संगम।**
तोहि चैन सुख मिले सरीरा। मो कह दिये दुन्द दुख पीरा।।''[21]

2. **''पिउ सो कहेहु संदेसड़ा, हे भौरा ! हे काग!!**
सो धनि विरहै जरि मुई, तेहिक धुँआ हम लाग।।''[22]

वियोग–दशा में प्राणी अपने पराये का भेद भूल जाता है। कवि ने 'संदेसड़ा' में 'ड़ा' की अर्थव्यंजना द्वारा विरहिणी के आंतरिक संसार का मर्मांतक दृश्य उपस्थित किया है। इसके बाद के दृश्य भी कम गंभीर नहीं हैं। दो–एक उदाहरण द्रष्टव्य होगा–

1. **''रकत ढ़रा माँसू गिरा, हाड़ भएउ सब संख।**
धनि सारस होइ ररि मुई, पीउ समेटहि पंख''[23]
2. **''यह तन जारौं छार कै, कहौं कि 'पवन' उड़ाव।**
मुक तेहिं मारग उड़ि परै, कंत धरैं जहँ पाव।।''[24]

अतंर को झकझोर देनेवाली विरह की ऐसी गंभीर वेदना कबीर को छोड़कर समूचे भक्तिकाल में और कहीं सुनाई नहीं पड़ती। सूर और तुलसी के यहाँ भी विरह है किन्तु यह जायसी का मुकाबला नहीं कर सकता। जायसी जैसे कवियों ने यह माना हैं कि विरहाग्नि की एक चिनगारी सारे आकाश को प्रकंपित कर देती है, इसलिए उस विरही का हृदय धन्य है जिसमें यह पूरी की पूरी ज्वाला ही समा जाती है –

''मुहमद चिनगी प्रेम कै, सुनि यह गगन डेराइ।
धनि विरही और धनि हिया, जहँ अस अगिनि समाई।।''[26]

'पद्मावत' में नागमती का यह विरह लौकिक ही नहीं अलौकिक भी है। विजयदेव नारायण साही इसकी ऐसी ही व्याख्या करते हैं। उनके अनुसार – ''पूरा विरह वर्णन बारह मासे की सकल में नागमती की वाणी का रूप ग्रहण करता है। नागमती का पार्थिक शरीर और महल की सखियों शुरू–शुरू में झीनी सी दिखाई पड़ती हैं। अचानक कल्पना एक झटके से मुक्त होती है और

हमारा साक्षात्कार सिर्फ आवाज से होने लगता है। धीरे–धीरे झीनी पार्थिवता भी केंचुल की तरह छूट जाती है। सखियाँ पिघलकर तिरोहित हो जाती हैं। चिन्तौड़ का किला, राजमहल सब कुछ तिरोहित हो जाता है। वीरानों जंगलों, बनखण्डों, पहाड़ियों गाँवों, खेतों में टीसती हुई एक लेकिन अशरीरी आवाज शेष रह जाती है। यह आवाज पूरे देश से गुजरते हुए समय के मर्म में निरंतर तैर रही है।''[27]

'पद्मावत' में जहाँ तक अपार्थिव या अलौकिक प्रेम का प्रश्न है, जायसी ने स्थान–स्थान पर उसका भी संकेत कर दिया है। देखते ही देखते यह प्रेम देह से देहातीत हो जाता है और लोकोत्तर सौंदर्य का संकेत करने लगता है। ऐसे में सारा जगत उसी के रूप–छवि का प्रतिबिम्ब जान पड़ता है –

''जहँ–जहँ बिहँसि सुभावहिं हँसी तहँ–तहँ छिटकि जोति परगसी।
दामिनि दमकि न सरवर पूँजी, पुनि ओहि जोति और को दूजी।।[28]

इस प्रकार जायसी के प्रेम निरूपण में पार्थिक और अपार्थिक दोनों ही तरह के प्रेम रूपों की अभिव्यंजना पूरी मार्मिकता के साथ प्रकट हुई है। लगता है उनका पार्थिव प्रेम अपार्थिक प्रेम का बहाना मात्र है। इस महाकाव्य का पर्यवसान अत्यंत ही त्रासदिक(दुखांतक) स्थिति में हुआ है। आठ वर्षों तक चितौड़ में जिस पद्मिनी को हस्तगत करने के लिए अलाउद्दीन डेरा डाले रहता है। वह युद्ध में पति की मृत्यु के पश्चात जौहर कर लेती है। नागमती और पद्मावती अन्य राजपूत रानियों के साथ किले के भीतर पति के साथ सती हो जाती हैं। शांतरस पर्यवसायी इस महाकाव्य में कवि ने असार संसार की निःसारता का भाव इस प्रकार उद्भाषित किया है। –

''जौहर भई इसितिरी, पुरूष भये संग्राम।
बादशाह गढ़ चूरा, चितउर भा इस्लाम।।''[29]

राजपूत ललनाओं के साथ चित्तौड़ के किले में रानी पद्मावती और नागमती का जौहर उस आततायी अलाउद्दीन के निर्मम हृदय को भी झकझोर देता है, जिसे पाने के लिए वह वर्षों चित्तौड़ में डेरा डाले रहता है। दहती हुई चिता की एक मूठी राख उठाकर उसका हवा में बिखेर देना जीवन और संसार की निःसारता को प्रकट कर देता है। सती होने से पहले दोनों रानिया जो वचन कहती हैं उसमें अनन्य प्रेम के जन्म–जन्मांतर का भाव मर्म के साथ बिम्बित हो उठा है –

''और जो गाँठि, कंत तुम जोरी, आदि अंत लहि जाइ न छोरी।
यह जग का जो अछहि न आथी। हम तुम, नाह! दुहुँ जग साथी।''[30]

सच्चे प्रेम में प्राणों का भस्मीभूत हो जाना गौरव की बात है। रत्नसेन की चिता पर बैठी हुई दोनों रानिया उसी सम्मान का अनुभव कर रही हैं। जायसी कहते हैं वे सती धन्य हैं जिन्होंने चिता की आग में बिना अंगों को मोड़े अपनी देह को जलाकर अपने प्राण प्रिय के प्राण से मिला दिये। उस दिन जो अग्नि जली उससे उनका जलता हुआ तन ठंडा हो गया –

''आजु सूर दिन अथवा, आजु रैनि ससि बूड़।
आजु नाचि जिउ दीजिय, आजु आगि हम जूड़।।''[32]

अग्नि की लपटें अग्नि को जलाती रहीं किन्तु वे सती का कुछ भी बिगाड़ न सकीं। प्रेम का ऐसा उदात्त रूप 'पद्मावत' के अलावा, हिन्दी में अन्यत्र दिखाई नही पड़ता। कहते हैं जायसी कुरूप थे। खुद भी इसका संकेत उन्होंने किया है, कि जो उनके रूप–रंग को देखता था, हँस देता था किन्तु जब उसी ने उनका काव्य सुना, तब वह रो दिया –

''मुहमद कवि जो प्रेम का, ना तन रकत न माँसु।
जेइँ मुख देखे तेई हँसा, सुना तो आये आँसु।''[32]

उक्त विवेचन से यह ध्वनित होता है 'पद्मावत' का मूल अभिप्रेत प्रेम (पार्थिव–अपार्थिव दोनों) है। यहाँ पार्थिव प्रेम अपार्थिव प्रेम तक पहुँचने का माध्यम है। महर्षि बादरायण के 'ब्रह्मसूत्र' पर प्रथम भाष्य की रचना करने वाले आदि शंकराचार्य का भी कहना था कि परमार्थ का रास्ता इसी व्यावहारिक संसार से होकर जाता है। बिना पिंड को जाने हम ब्रहमांड को नहीं जान सकते। प्रेम का पथ सहज भी नहीं होता। उसके लिए तन, मन और प्राण निक्षावर करने पड़ते हैं जैसे राजा रत्नसेन और उसकी सती–साध्वी रानियों ने किया। देहपात किये बिना देहातीत प्रेम का अनुभव अगम्य है। वह जायसी ही हैं जो प्रेम के इन दोनों लौकिक एवं आध्यात्मिक आदर्शों के उदात्त रूप को स्थापित करने में सौ फीसदी सफल हुए है, '' जिसमें मांसलता भी है विचारों में कविता भी और कविता में विचार भी।''[33] कविता में प्रेम और प्रेम की कविता लिखने में जो सफलता जायसी को प्राप्त हुई है, वहाँ तक हिन्दी का कोई कवि नहीं पहुँच सका है। '' अवधी भाषा के इस उत्तम काव्य में मानव जीवन के चिरंतर सत्य प्रेम तत्व की उकृष्ट कल्पना है। पद्मावत की प्रेमात्मक निर्मल ज्योति कितनी भास्वर है, उसमें कितना आकर्षण है, इसे शब्दों से प्रकट करना कठिन है।''[34] आंखों में आँसू ला देने वाली और उसमें मानस हृदयों के डुबो देने वाली इतिहास–कल्पना मिश्रित प्रेम की ऐसी त्रासदिक जादुई कथा 'पद्मावत' के अतिरिक्त, हिन्दी में दूसरी नहीं। इस पर भी कवि का यह कहना कि ''हौं सब कबिन्ह केर पछिलग्गा।'' गर्व करने वाले ऐसे महान काव्य के प्रणयन के

बावजूद यह अगर्वित उक्ति उसके विराट कवि–व्यक्तित्व का परिचायक है जिसने समूचे काव्य में अपने विषय में गर्व की एक उक्ति तक नहीं कही हैं निश्चित ही, आज के कवियों को इससे सीख लेने की आवश्यकता है। अकेले 'पद्मावत' जैसी रचना के कारण जायसी का नाम हिन्दी के प्रथम पंक्ति के कवियों में सदैव सम्मान पाता रहेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल : सम्पादक, 'जायसी ग्रंथावली', काशी नगरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, 20वाँ संस्करण, संवत् 2058 वि. पृ.1
- वहीं, पृ. 2
- वहीं, पृ. 9
- विजयदेवनारायण साही : 'जायसी', हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद प्रथम संस्करण, 1983, पृ. 91
- वहीं, पृ. 1
- वासुदेवशरण अग्रवाल : 'पद्मावत' (मूल–संजीवनी व्याख्या) लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण–2013, भूमिका, पृ. 8
- वहीं. पृ. 5
- डॉ. सरोजनी पाण्डेय : 'जायसी का पद्मावत', सुरभारती प्रकाशन, कानपुर, संस्करण–1981, पृ. 27
- वासुदेवशरण अग्रवाल : 'पद्मावत' वही, पृ. 6
- वही, पृ. 7
- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल : सम्पादक 'जायसी ग्रंथावली', वही, पृ. 23
- वासुदेवशरण अग्रवाल : 'पद्मावत' वही, पृ. 93
- विजयदेवनारायण साही : 'जायसी' वही, पृ. 99
- वही, पृ. 88
- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल : सम्पादक 'जायसी ग्रंथावली', वही, पृ. 63
- वही, पृ. 270
- वही, पृ. 120
- वही, पृ. 25
- वही, पृ. 29
- वही, पृ. 144
- वही, पृ. 144
- वही, पृ. 139
- वही, पृ. 140
- वही, पृ. 141
- वही, पृ. 143

- 'आउटलाइन ऑफ इस्लामिक कल्चर', पृ. 350, उद्धृत–डॉ. सरोजनी पाण्डेय : 'जायसी का पद्मावत', वही, पृ. 51
- विजयदेवनारायण साही : 'जायसी' वही, पृ. 111
- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल : सम्पादक, 'जायसी ग्रंथावली', वही, पृ. 40
- वही, पृ. 269
- वही, पृ. 268
- वही, पृ. 268
- वही, पृ. 8
- परमानंद श्रीवास्तव : 'जायसी' साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली, सं. 2008, पृ. 57
- वासुदेवशरण अग्रवाल : 'पद्मावत', वही, पृ. 5

* * *

Contributors

1. **Dr. Bhavana Trivedi**, Associate Professor, Department of Political Science, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
2. **Dr. Shardul Chaubey**, Assistant Registrar, Banaras Hindu University, Varanasi.
3. **Dr. R Aruna Sri**, Carnatic and Hindustani Vocalist, Music Therapy & Holistic Wellness Consultant, Kochi
4. **Kanchan Yadav**, Ad-hoc Assistant Professor, Department of English, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
5. **Sarita Dubey**, Ph.D. research scholar, Department of English, Banaras Hindu University, Varanasi
6. **Shruti**, Guest Lecturer, Department of English, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
7. **Dr. Suratha Kumar Malik**, Assistant Professor, Department of Political Science with Rural Administration, Vidyasagar University, Midnapore, West Bengal
8. **Kavita Singh**, Guest Lecturer, Department of English, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
9. **Dr. Sana Ahmed**, Part-Time Lecturer, Department of English, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
10. **Dr. SunitaYadav**, Part-Time Lecturer, Department of AIHC, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
11. **Dr. Rachana Srivastava**, Principal, Vasant Kanya Mahavidyalay, Varanasi
12. **Dr. Brijbala Singh**, Associate Professor, Department of Hindi, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
13. **Dr. Poonam Singh**, Assistant Professor, Department of Sanskrit, DAV P.G. College, Varanasi.
14. **Dr. Mamta Sanyal**, Associate Professor, Department of Music Vocal, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
15. **Dr. Anamika Dixit**, Assistant Professor, Department of Music Instrumental, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
16. **Dr. Ruchi Mishra**, Part-Time Lecturer, Department of Music Vocal, Arya Mahila P. G. College, Varanasi
17. **Dr. Rajani Choubey**, Part-Time Lecturer, Department of Political Science, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
18. **Abhishek Singh**, Research Scholar, Department of Political Science, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
19. **Rubi Yadav**, Research Scholar, Department of Hindi, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
20. **Dr. Renu Chourasia**, Research Scholar, Department of Hindi, Arya Mahila P.G. College, Varanasi
21. **Dr. Seema Verma**, Assistant Professor, Department of Music Vocal, Agrasen P.G. College, Varanasi
22. **Dr. Chetna Gujrati**, Assistant Professor, Department of Music Vocal, Agrasen P.G. College, Varanasi
23. **Dr. Rakesh Kumar Dwivedi**, Assistant Professor, Department of Hindi, DAV P.G. College, Varanasi